रांची
शनिवार
03.09.2022
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-211 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह
इंसान सब कुछ भूल सकता है, पर उस समय को नहीं भूल सकता जब उसे अपनों की सबसे ज्यादा जरूरत थी और वह भी उसके साथ नहीं थे।

राज्यपाल रमेश बैस दिल्ली पहुंचे, राजनीतिक हलचल तेज

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में राजनीतिक हलचल के बीच राज्यपाल रमेश बैस शुक्रवार को नयी दिल्ली पहुंचे। उनकी दिल्ली यात्रा को लेकर

राजभवन की ओर से किसी तरह का आधिकारिक वक्तव्य जारी नहीं किया गया, लेकिन राज्यपाल के दिल्ली दौरे को लेकर कई तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। इससे पहले राज्य में सत्तारूढ़ यूपीए नेताओं के एक शिष्टमंडल ने गुरुवार को राज्यपाल से मुलाकात कर उनसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लाभ के पद मामले में जल्द स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया था। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा था।

इस बीच हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में पांच सितम्बर को राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाये जाने का फैसला किया गया। इस सत्र में बहुमत साबित करने के लिए सरकार की ओर से सदन में विश्वीस प्रस्ताव रखा जा सकता है। राजनीतिक हलकों में इस बात की चर्चा है कि राज्यपाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मिल सकते हैं। यह भी संभावना जतायी जा रही है कि राज्यपाल इलेक्शन कमीशन के मंतव्य पर न केवल पीएम और गृह मंत्री से चर्चा करेंगे, राज्य की ताजा राजनीतिक हालात को लेकर कोई रिपोर्ट दे सकते हैं। अब राज्य की निगाहें राज्यपाल के दिल्ली दौरे पर टिक गयी हैं।

भारतीय नौसेना को मिला आईएनएस विक्रांत

पीएम मोदी बोले - विक्रांत विशाल और विराट, इसके हर भाग में खूबी

कोच्चि (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पहला स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत नौसेना को सौंप दिया है। आईएनएस विक्रांत की खास बात यह है कि यह एक स्वदेशी युद्धपोत है, इसे 2009 में बनाना शुरू किया गया था। अब 13 साल बाद यह नौसेना को मिला है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने नौसेना के नये निशान का भी अनावरण किया। नौसेना का नया निशान औपनिवेशिक अतीत से दूर और भारतीय मैरिटाइम हैरिटेज से लैस है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आईएनएस विक्रांत के हर भाग की अपनी एक खूबी है, एक ताकत है, अपनी एक विकासयात्रा भी है। ये स्वदेशी सामर्थ्य, स्वदेशी संसाधन और स्वदेशी कौशल का प्रतीक है। इसके एयरबेस में जो स्टील लगी है, वो स्टील भी स्वदेशी है।

भारत का पहला सबसे बड़ा युद्धपोत : विक्रांत का अर्थ है विजयी और वीर तथा प्रतिष्ठित। विक्रांत भारत में बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा युद्धपोत है और इस

के निर्माण पर 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत आयी है। यह भारतीय नौसेना के लिए देश में डिजाइन और निर्मित पहला विमानवाहक पोत भी है। इससे नौसेना के पास दो विमानवाहक पोत हो गये हैं और उसकी मारक क्षमता कई गुना बढ़ गयी है। इस विमानवाहक पोत के निर्माण के साथ ही भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जो विमानवाहक पोत बनाने में सक्षम हैं।

भारत में बना अब तक का सबसे बड़ा युद्धपोत है आईएनएस विक्रांत

विक्रांत भारत में बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा युद्धपोत है और इस के निर्माण पर 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत आयी है। यह भारतीय नौसेना के लिए देश में डिजाइन और निर्मित पहला विमानवाहक पोत भी है। इससे नौसेना के पास दो विमानवाहक पोत हो गये हैं और उसकी मारक क्षमता कई गुना बढ़ गयी है। इस विमानवाहक पोत के निर्माण के साथ ही भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जो विमानवाहक पोत बनाने में सक्षम है।

नौसेना को गुलामी के 'निशान' से मिली आजादी, नये ध्वज का हुआ अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां नौसेना के नये निशान का अनावरण किया और कहा कि इससे देश ने गुलामी के बोझ को सीने से उतार दिया है। मोदी ने कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के परिसर में देश के पहले स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत को देश को समर्पित करने के मौके पर नौसेना के नये ध्वज निशान का भी अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन नौसेना के इतिहास में ऐतिहासिक है और आज देश गुलामी के बोझ को अपने सीने से उतार रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीयता की भावना से ओतप्रोत यह निशान देश तथा नौसेना को नयी ऊर्जा देगा। राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में नये धवज निशान में राष्ट्रीय धवज को भी शामिल किया गया है। साथ ही इसमें नीचे देवनागरी लिपि में सत्यमेव जयते भी अंकित है। अब नौसेना के सभी प्लेटफॉर्म पर यही धवज लहरायेगा। नये ध्वज की अवधारणा छत्रपति शिवाजी महाराज की नौसेना पर आधारित है। इस धवज निशान को तीनों सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति से पहले ही मंजूरी मिल चुकी है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हलधर आज मुरुमातु गांव जायेंगे

रांची। झारखंड के पलामू जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत मुरूहातु में एक समुदाय विशेष के दबंग लोगों ने अनुसूचित जाति के 50 सदस्यों के घर को तोड़ कर उन्हें बेघर कर डाला। इतना ही नहीं दबंगों ने अनुसूचित जाति समाज के 50 सदस्यों के साथ मारपीट कर उन्हें गांव से भी भगा दिया था। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हलधर आज तीन सितम्बर को झारखंड दौरे पर आ रहे है। वे रांची से सड़क मार्ग से पलामू जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत मुरूमातु गांव जायेंगे। आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ निदेशक संजय कुमार सिंह और अनुसंधान पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह भी साथ रहेंगे। साथ ही पीड़ित परिवार के सदस्यों से घटना के संबंध में चर्चा करेंगे। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग उपाध्यक्ष अरुण हलधर मुरूहातु गांव का भ्रमण कर लौटने और प्रभावितों से मिलने के बाद डालटनगंज में पत्रकारों से भी बातचीत करेंगे।

पुलवामा में बंगाली मजदूर को आतंकवादियों ने मारी गोली

श्रीनगर (एजेंसी)। पुलवामा जिले के घाटी क्षेत्र में एक और गैर-कश्मीरी बंगाली मजदूर को आतंकवादियों ने गोली मार दी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत फिलहाल स्थिर बतायी जा रही है। पुलिस ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मजदूर का नाम मुनीरुल इस्लाम है और वह पश्चिम बंगाल का रहनेवाला है। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मंगलवार को ग्रेनेड अटैक हुआ। यह हमला शोपियां के मनिहाल बाटपोरा इलाके में कश्मीरी पंडित के घर पर हुआ।

सीएम हेमंत सोरेन ने सूखे के आकलन को लेकर की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, बोले -

सूखे से निपटने के लिए उठा रहे सभी जरूरी कदम

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राज्य में सूखे के आकलन को लेकर उच्चस्तरीय

▸▸ **मुख्यमंत्री ने सभी जिलों और प्रखंडों में बारिश और धान समेत अन्य फसलों की बुआई के हालात की ली विस्तृत जानकारी**

समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से राज्य के विभिन्न जिलों और प्रखंडों में हुई अल्प वर्षा तथा फसलों की रोपाई की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सूखे से किसानों- पशुपालकों और मजदूरों के साथ ग्रामीण परिवेश में रहनेवाले लोगों को राहत देने के लिए अति शीघ्र विस्तृत योजना तैयार करें।

सूखे से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग कार्ययोजना बनायें : मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि सुखाड़ से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। कृषि, पशुपालन, सिंचाई, ग्रामीण विकास, मनरेगा और पेयजल समेत अन्य क्षेत्र में योजनाओं को बनाकर किसानों एवं मजदूरों को उसका लाभ देना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सूखे की स्थिति को देखते हुए मिट्टी से जुड़े कच्चे कार्य शुरू करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में कच्ची सड़क निर्माण, तालाब एवं डोभा निर्माण, खेतों में मेढ़ निर्माण आदि शुरू करने को कहा ताकि किसानों और मजदूरों को इनसे जोड़कर राहत राहत पहुंचाया जा सके।

संथाल एवं पलामू प्रमंडल का दौरा कर जानकारी लेने का निर्देश : मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि संताल एवं पलामू प्रमंडल के कई इलाकों में कम बारिश की वजह से कृषि कार्य के साथ पेयजल एवं पशुओं के लिए भी जल संकट की स्थिति पैदा हो गयी है। ऐसे में वरीय अधिकारी इन इलाकों का दौरा कर वहां की जमीनी हकीकत की जानकारी लें और उससे निपटने के लिए रिपोर्ट बनाकर सरकार को दें ताकि जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूखे की वजह से राज्य से किसानों और ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

गढ़वा पोस्ट ऑफिस घोटाला

सीबीआई एसीबी ने दर्ज की एफआईआर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गढ़वा में रमना के सब पोस्ट ऑफिस से 2.10 करोड़ की फर्जी निकासी के मामले में सीबीआई की एसीबी में केस दर्ज की गयी है। इस मामले में निलंबित चल रहे आरोपी सब पोस्ट मास्टर कामेश्वर राम, अश्विनी कुमार

▸▸ **सब पोस्टमास्टर समेत चार को बनाया आरोपी**

ठाकुर, मंजीत कुमार व संजय कुमार गुप्ता को भी आरोपी बनाया गया है। सब पोस्ट मास्टर के अलावे बाकि तीनों आरोपियों ने अलग-अलग भाउचरों में हस्ताक्षर किया था। सीबीआई एसीबी के द्वारा दर्ज केस के मुताबिक, तीन अप्रैल से आठ जून 2019 के बीच डाक घर के 137 अलग-अलग खातों से कुल 2.10 करोड़ की निकासी फर्जी तरीके से कर ली गयी थी।

रेकरिंग डिपोजिट एकाउंट में किया था बदलाव

सीबीआई के द्वारा दर्ज केस के मुताबिक, कामेश्वर राम ने अन्य अभियुक्तों की मिली भगत से संचय पोस्ट डाला में बदलाव किया था। रेकरिंग डिपोजिट एकाउंट में बदलाव कर आपराधिक साजिश के तहत पैसों की निकासी कर ली गयी थी। जानकारी के मुताबिक, कामेश्वर राम ने अन्य तीनों आरोपियों को अवैध तरीके से नौकरी पर भी रखा था, ताकि उनसे अपराध कराया जा सके।

रमना थाने में दर्ज केस को किया टेकओवर

सीबीआई के पूर्व इस मामले में असिस्टेंट पोस्टल सुपरीटेंडेंट संजय कुजूर के बयान पर आरोपियों के खिलाफ रमना थाना में केस टेकओवर किया गया था। इसी केस की जांच का प्रस्ताव झारखंड सरकार ने भेजा था, जिसे केंद्र सरकार की मंजूरी मिल गयी थी। केंद्र सरकार के आदेश पर सीबीआई ने इस केस को टेकओवर किया। सीबीआई के इंस्पेक्टर सुमन कुमार सिंह को जांच पदाधिकारी बनाया गया है।

झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

रूपेश पांडेय हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने का दिया आदेश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने हजारीबाग जिले में बरही निवासी दिवंगत रूपेश पांडेय हत्याकांड मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की अदालत ने दिवंगत रूपेश पांडेय की मां उर्मिला पांडेय द्वारा दाखिल क्रिमिनल रिट पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की अदालत ने मामले से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद यह आदेश दिया।

मृतक रूपेश की मां ने पुलिस की जांच से असंतुष्ट होकर सीबीआई जांच की मांग की थी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर यह आदेश दिया। अदालत ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह जल्द से जल्द इस मामले को अपने हाथों में लेकर

▸▸ **मृतक की मां के आग्रह पर हाईकोर्ट ने दिया आदेश**

जांच शुरू करे। साथ ही कोर्ट ने जिला प्रशासन को भी इस मामले से संबंधित दस्तावेज तुरंत सीबीआई को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि इसी वर्ष छह फरवरी 2022 को सरस्वती पूजा के बाद मूर्ति विर्सजन के दौरान छात्र रूपेश पांडेय की हत्या कर दी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

ट्रिपल मर्डर से दहला खूंटी

ग्राम प्रधान सहित एक ही परिवार के तीन की हत्या

नवीन मेल संवाददाता

खूंटी। खूंटी के अड़की में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या से सनसनी फैल गयी। वहीं, इस घटना के बाद से गांव के लोग दहशत में हैं। अड़की के कोदेलेबे गांव के ग्राम प्रधान बयार सिंह मुंडा, उनके बेटे बुधराम मुंडा और बेटे की पत्नी मनी मुंडाइन की हत्या कर दी गयी। जबकि छह साल के बच्चे एतवा मुंडा को भी हत्यारों ने मारने की कोशिश की, लेकिन वह किसी तरह बच गया। इधर, घटना के करीब 40 घंटे बाद शुक्रवार को पुलिस गांव पहुंची और शवों को

▸▸ **घटना के करीब 40 घंटे बाद गांव पहुंची पुलिस**

▸▸ **शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

पोस्टमार्टम के लिए अपने साथ ले गयी। जबकि घायल बच्चे को अस्पताल भेजा। घटना को अंजाम क्यों दिया गया है, ग्रामीण इस बारे में कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

मृतक ग्राम प्रधान के रिश्तेदारों के अनुसार, बुधवार रात को कुछ दबंगों ने घर मे घुसकर उसकी हत्या कर दी और हत्या को छिपाने के लिए गांव में दिनभर ग्राम सभा हुई। ग्राम सभा के लोगों ने मृतक के रिश्तेदारों और गांव के लोगों को डराया और धमकाया जिसके कारण हत्या की जानकारी पुलिस को नहीं दी गयी। हालांकि, मृतक ग्राम प्रधान के रिश्तेदार बनापीढ़ी देवी ने एक समाजसेवी को फोन किया ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

गंगा नदी में बाढ़ में तीन बच्चे डूबे, राहत व बचाव कार्य जारी

साहेबगंज। सदर प्रखंड स्थित महादेवगंज में तीन बच्चों के गंगा में आये बाढ़ में डूब जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना के अनुसार साहेबगंज सदर प्रखंड के महादेवगंज निवासी दिलीप पासवान का पुत्र अक्षय कुमार (12), मनोज पासवान पुत्र आदित्य कुमार (13) और अरुण भगत का पुत्र भोला भगत (15 वर्ष) बाढ़ में डूब गये। इस मामले पर स्थानीय विधायक अनंत ओझा ने अपने सोशल मीडिया के माध्यम से जिला प्रशासन व एनडीआरएफ से बचाव कार्य प्रारंभ करने के लिए आग्रह किया। राहत व बचाव कार्य जारी है।

बूढ़ापहाड़ के बाद ट्राइजंक्शन इलाके में माओवादियों की टूटी कमर

नक्सलियों के विरूद्ध पुलिस की कार्रवाई ○ एक माह के भीतर दो बड़े ऑपरेशन रहे हैं सफल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाकपा माओवादियों के दो बड़े गढ़ में पुलिस व सुरक्षाबलों को एक माह में बड़ी सफलता मिली है। साल 2019 से सरायकेला,

▸▸ **पुलिस मुठभेड़ में दो माओवादी ढ़ेर, हथियारों का जखीरा बरामद**

चाईबासा व खूंटी के ट्राइजंक्शन का कुचाई का इलाका माओवादियों की मजबूती के कारण चुनौतीपूर्ण बना हुआ था। बीते शुक्रवार से सुरक्षाबलों ने एक करोड़ के ईनामी पतिराम मांझी उर्फ अनल के खिलाफ टारगेट बेस्ड अभियान शुरू किया था। अभियान के दौरान उसके सहयोगी अमित मुंडा के सेक्शन कमांडर काली मुंडा और रीला माला उर्फ संथाली मारी गयी। पुलिस अधिकारियों की मानें तो हाल के दिनों में यह पुलिस की सबसे बड़ी सफलता है। पुलिस ने ट्राइजंक्शन के इलाके में माओवादियों को पीछे धकेल दिया है। वहीं,

उस जगह को खाली करा दिया है, जहां बीते तीन सालों से माओवादियों का बसेरा था।

पहली बार हुआ काफी बड़ा नुकसान : पुलिस मुख्यालय के मीडिया सेल के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में भी बताया गया है कि पहली बार ट्राइजंक्शन के इलाके में भाकपा माओवादियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। जंक्शन पर मिली सफलता से माओवादियों की कमर टूटने के दावा भी पुलिस ने किया है। वहीं, बताया गया है कि माओवादी अनल के दस्ते को काफी सशक्त दस्ता माना जाता है। जिसने बीते सालों में पुलिस को भारी नुकसान पहुंचाया है। पुलिस को अंदेशा है कि मुठभेड़ में कई माओवादियों को गोली भी लगी है, लेकिन माओवादी सघन जंगल का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। सर्च अभियान के दौरान खून के निशान भी मिले हैं।

हाल के दिनों में मिली कई सफलताएं

बीते दिनों बूढ़ापहाड़ में कैंप कर रहे बड़े माओवादियों को पुलिस ने खदेड़ दिया था। वहां अब कैंप का निर्माण किया जा रहा, ताकि माओवादियों पर नजर रखी जा सके। वहीं, गढ़वा पुलिस ने पांच लाख के इनामी सबजोनल कमांडर रवींद्र मेहता को गिरफ्तार किया है। साथ ही चतरा में टीपीसी के खिलाफ अभियान में भी पुलिस को सफलता मिली है। वहां पुलिस ने जोनल कमांडर भैरव को अमेरिकी हथियार व पुलिस से लूटी गयी इंसास के साथ गिरफ्तार किया है।

झारखंड में अब तक एक करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपना आधार संख्या लिंक कराया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारत निर्वाचन आयोग, नयी दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में राज्य के सभी मतदाताओं के आधार संख्या मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य एक अगस्त से संचालित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सबसे पहले अपना आधार संख्या मतदाता सूची में जुड़वाकर इस अभियान का शुभारंभ किया था। 31 अगस्त तक राज्य के लगभग एक करोड़ सत्तर हजार मतदाताओं द्वारा अपना आधार संख्या मतदाता सूची में जोड़ लिया गया है। झारखंड राज्य की मतदाता सूची में कुल 2,42,68,697 मतदाता निर्बाधित हैं जिनमें से 31 अगस्त तक कुल 1,00,70,478 मतदाताओं ने प्रपत्र-6बी के द्वारा अपना आधार संख्या मतदाता सूची से लिंक करा लिया है। यह कुल मतदाताओं का 41.50 प्रतिशत है। आधार संख्या लिकिंग के कार्य में अबतक सबसे बेहतर प्रदर्शन राज्य के पाकुड़ जिला ने किया है जहां 63.15 प्रतिशत मतदाताओं का आधार संख्या मतदाता सूची के साथ जोड़ लिया है। 59.92 एवं 59.16 प्रतिशत के साथ गोड्डा एवं सरायकेला जिला क्रमशः दूसरे तथा तीसरे स्थान पर हैं।

आप कैसे करा सकते हैं आधार को लिंक

मतदाताओं द्वारा अपने मतदान केंद्र के बीएलओ से संपर्क स्थापित करते हुए प्रपत्र-6बी में अपना आधार संख्या उपलब्ध कराया जा सकता है।

सभी बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर भी निर्धारित प्रपत्र में आधार संख्या प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप्प के द्वारा भी अपना आधार संख्या मतदाता सूची में जोड़ सकते हैं। जानकारी के अनुसार मतदता सूची में जोड़ने हेतु मतदाताओं द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा आधार संख्या पूर्ण रुप से सुरक्षित है तथा इसे किसी स्थान पर संग्रहित अथवा प्रदर्शित नहीं किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्भीक होकर बिना किसी शंका के अपना आधार संख्या मतदाता सूची से जुड़वाने का अनुरोध सभी मतदाताओं से किया गया है।

न्यूज गैलरी

बिजली की समस्या को लेकर मुख्य अभियंता से की मुलाकात

नामकुम। नामकुम प्रखंड व ओरमांझी प्रखंड में विभिन्न पंचायत के विभिन्न गांव में बिजली आपूर्ति व जले ट्रांसफार्मर को लेकर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन व सांसद प्रतिनिधि खिजरी प्रमोद कुमार सिंह शुक्रवार को रांची स्थित मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति क्षेत्र रांची से मुलाकात किया। इस दौरान रामकुमार पाहन ने दोनों प्रखण्डों के सुदरवर्ती गांवों बिजली की समस्याओं से अवगत कराया। वहीं मुख्य अभियंता से करमा पूजा से पहले सिल्वे पंचायत के हरातु गांव के महतो टोला में जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलंभ बदलने की बात कहीं। प्रतिनिधि मण्डल समस्याओं पर मुख्य अभियंता ने आश्वासन देते हुए कहा कि करमा पूजा से पहले सभी ट्रांसफार्मर बदलने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर उपस्थित अरविंद महतो राजेंद्र महतो रामचरण पाहन गोवर्धन महतो, सुनील उरांव राजू कुमार बाबूलाल उरांव कामेश्वर महतो प्रदीप मुंडा रासो देवी, सोनी तिग्गा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

नामकुम में 35 दिव्यांगों के बीच किया सहायक उपकरण वितरण

नामकुम। नामकुम प्रखंड संसाधन केन्द्र द्वारा शुक्रवार को प्रखण्ड सभागार हॉल में 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिवयांग बच्चों के लिए जांच सह सहायक उपकरण वितरण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीआरसी रांची के निदेशक जितेन्द्र यादव, जिप सदस्य नामकुम रामावतार केरकेट्टा, शिक्षा परियोजना के विनय बंधु कच्छप, प्रमुख नामकुम आशा कच्छप, उपप्रमुख वीना देवी, बीईईओ नामकुम विजया लक्ष्मी, मुखिया कमेर्ला कच्छप, सीएचसी प्रभारी डॉ नीलिमा द्वारा शिविर में दिव्यांग बच्चों का जांच कर आवश्यक सहायक उपकरण हेतु चिन्हित किया गया। पूर्व में चिन्हित दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण का वितरण करने के साथ-साथ यूआईडी का वितरण भी किया गया। इस दौरान सहायक उपकरण में ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, सी पी चेयर, स्मॉर्ट केन, कैलिपर्स, हियरिंग मशीन , क्रूचर्स, आदि सहायक उपकरण वितरण किया। शिविर के दौरान 80 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसमें 35 बच्चों को सहायक उपकरण हेतु चिन्हित कर उन्हें सहायक उपकरण वितरण किया गया। कार्यक्रम का समावेशी शिक्षा बीआरसी रजनी गंधा ने संचालन किया गया।

24 घंटे बाद क्षेत्र में बिजली बहाल हुई

सिल्ली। मुरी सिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार की शाम 4:00 बजे से बिजली गुल रही। क्षेत्र में अंधेरा छाया रहा बिजली नहीं रहने पर बच्चों की पढ़ाई बाधित रहा। वही ग्रामीणों का कहना है कि मुरी सिल्ली की लचर बिजली व्यवस्था कभी नहीं सुधरेगी आसमान में हल्के बादल छाते ही बिजली क्षेत्र से काट दी जाती है और कब आती है कब जाती है किसी को पता तक नहीं चलता मगर महीना खत्म होते ही बिजली बिल सही समय पर भुगतान करने के लिए बिल मिल जाता है। क्षेत्र में 24 घंटे बाद शुक्रवार की शाम 4:30 बजे बिजली बहाल हुई। इस संबंध में जेई से पूछने पर उन्होंने बताया कि अंनगाडा रिंग रोड मे बिजली का केवल तार कट गया था जिससे बनाने में समय लगा।

कांग्रेस की रैली में भाग लेने के लिए कई नेता दिल्ली रवाना

रांची। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के द्वारा 04 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महंगाई के खिलाफ हल्ला-बोल रैली में शामिल होने आज झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, महिला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, जिलाध्यक्ष प्रमोद दूबे, रामकृष्ण चौधरी, विजय यादव, जवाहर लाल सिन्हा, पिंकी सिंह, तारिक अनवर, शिव उरांव सिंह अन्य प्रमुख नेताओं ने हवाई मार्ग से दिल्ली के लिए रवाना हुए। मालूम हो कि कांग्रेस की यह महारैली देश में बढ़ती महंगाई, बरोजगारी एवं खाने पीने के चीजों में लगाए जा रहे जीएसटी सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों के खिलाफ केन्द्र के असंवेदनशील मोदी सरकार को घेरने का काम करेंगी।

पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़क पर बने गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी में डवलपमेंट के नाम पर कई एजेंसियों का काम चल रहा है। कहीं पानी का पाइपलाइन तो कहीं गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई की गई है। कहीं अंडरग्राउंड केबलिंग तो कहीं पर केबल नेटवर्क बिछाने को लेकर गड्ढे खोद दिए गए है। जहां नजर जा रही है वहीं पर एजेंसियों ने गड्ढा खोदकर छोड़ दिया है। अब ये गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। वहीं बारिश के वक्त तो ये दिखाई भी नहीं देते। जिससे कि लोग चोटिल भी हो चुके हैं। इसे लेकर शहर के लोगों ने मेयर आशा लकड़ा से गुहार लगाई है। वहीं तत्काल हादसों को दावत दे रहे इन गढ्डों को भरने की मांग की है। जिससे कि कोई इन गड्ढों की वजह से कोई अपनी जान से हाथ न धो बैठे। रातू रोड सिटी का सबसे व्यस्त इलाका माना जाता है। लेकिन इस रोड में गड्ढों

की भरमार है। दोनों ओर बीच सड़क में हर 20 फीट पर एक गड्ढा है। जिससे बचने के चक्कर में लोग एक-दूसरे से टकरा रहे हैं। वहीं अचानक ब्रेक लगाने से गाड़ियां टकरा जा रही है। अंडरग्राउंड केबलिंग का काम कई महीनों से चल रहा है। पाइप बिछाने के बाद गड्ढों को खुला छोड़ दिया गया है। ये गड्ढे बारिश में दिखाई नहीं देते और लोग इससे चोटिल हो रहे है। मेयर जब इंसपेक्शन के लिए आई तो लोगों ने अपनी समस्याएं उन्हें गिनाई। मेयर ने भी तत्काल बिजली विभाग को इन गड्ढों को भरने का आदेश दिया है। राजधानी में कई एजेंसियां एक साथ काम कर रही है। इसके लिए रोड पर गड्ढे किए जा रहे है। वहीं ड्रिलिंग और

सड़क मरम्मती के नाम पर काफी खेल हुआ है। शुरूआती बारिश में ही सड़कें गड्ढे में तब्दील हो गयी हैं। जिसका ताजा उदाहरण सहजना चौकसे कड़रू जाने वाली सड़क का बुरा हाल है।

पाइपलाइन के लिए सड़कों को काट दिया गया। इसे लेकर नगर आयुक्त ने सभी एजेंसियों को सख्त निर्देश दिया था कि काम पूरा करने के बाद वहां रीस्टोरेशन का काम जरूर करे। जिससे कि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। ऐसा नहीं करने पर एजेंसियों पर रांची नगर निगम कार्रवाई करेगा। इसके बावजूद काम कर रही एजेंसी के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा।

टीम किशोर के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

आगामी चुनाव में टीम के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव में अनुभवी और जुझारू प्रत्याशियों की टीम किशोर मंत्री द्वारा शुक्रवार को अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन मारवाड़ी भवन हरमू रोड राँची में किया गया। उद्घाटन समारोह के बतौर मुख्य अतिथि चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सरावगी के द्वारा किया गया। मौके पर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद जालान, मनोज नरेडी, बिकास सिंह, पवन शर्मा, ललित केडिया,आर के सरावगी, अंचल किंगर और प्रवीण जैन छाबडा ने टीम किशोर के प्रत्याशियों को व्यापार जगत के लिए उपयुक्त बताते हुए सदस्यों से आगामी चुनाव में टीम के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित काफी संख्या में चैंबर सदस्यों के साथ ही विभिन्न व्यापारिक, औद्योगिक, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने टीम के प्रत्याशियों को चैंबर के लिए उपयुक्त बताया और चुनाव में उनके पक्ष में मतदान करने का आश्वासन दिया। चैंबर चुनाव में जीत के बाद उनकी टीम के सभी प्रत्याशी 24 घंटे व्यापारियों की सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी टीम के जीत के बाद से चैंबर द्वारा मैनुफैक्चरिंग से एमएसएमई तक, एग्रीकल्चर से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक, टेक इंडस्ट्री से लेकर टैक्सेशन तक, रियल एस्टेट से लेकर रेगुलेटरी ईजिंग तक चौतरफा रिफॉर्म्स के प्रयास किये जायेंगे। आज के उद्घाटन समारोह में मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नर्सरिया सचिव कौशल राजगढ़िया, गौशाला के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार,अग्रवाल सभा के सचिव मंजीत जाजोडिया, रांची मारवाड़ी सम्मेलन के सचिव ललित पोद्दार ,मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव विकाश अग्रवाल प्लास्टिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कुणाल विजयवर्गीय सुनील गुप्ता, अजय डीडवानिया, लालपुर व्यापार समिति के अध्यक्ष निरंजन शर्मा सचिव नरेश पुंगा जेसीआई के अध्यक्ष सौरभ शाह माहेश्वरी युवा संगठन के सचिव अंकुर डागा एवं अलावा सैकडों व्यापारी उपस्थित थे।

डीजीपी ने आरक्षी संतोष कुमार सहासिक कार्य के लिए दिये दस हजार का प्रोत्साहित राशि

पुलिसकर्मियों को इसी जज्बे से काम करने की जरूरत : सुनील तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

नामकुम। नामकुम थाना के पीसीआर-19 के जवान संतोष कुमार को सहासिक कार्य के लिए डीजीपी नीरज सिन्हा के द्वारा दस हजार रुपए रिवार्ड (प्रोत्साहन) राशि प्रदान किया गया है। वहीं गुरूवार को नामकुम थाना परिसर में बहादुरी कार्य के लिए संतोष कुमार को थाना प्रभारी सुनील तिवारी के नेतृत्व में सम्मान समरोह का आयोजन किया गया था। थाना के सभी पुलिसकर्मियों संतोष कुमार को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। संतोष के साथ-साथ नामकुम थाना के पुलिसकर्मी काफी उत्साहित दिखे। थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने कहा कि सभी को संतोष कुमार सहास का पिरचय दिया है उससे प्रेरित लेने की जरूरत है। संतोष ने अपनी जान के बिना परहवाह किये बिना जिस सुझबूझ के आरोपी को पकड़ा है बल्कि एक व्यक्ति की जान को बचाया है। इसी तरह से अन्य पुलिस को अपनी सुरक्षा को लेते हुए पुलिसकर्मियों को इस जज्बे से काम करने की जरूरत है। वहीं लोगों से

अपील करते हुए कहा कि पुलिस को सहयोग करें तो निश्चित ही पुलिस भी अपना काम करेगी। सम्मानित करने वालों में संब इंस्पेक्टर अनिमेश शांतिकारी, राजीव कुमार, रवि केशरी, सुनील कुमार मण्डल, एएसआई प्रभाकर दास, वाईपी सिंह, वाई पाण्डेय सहित सभी पुलिकर्मी मौजूद थे।

प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 4 सितंबर को,तैयारियां पूरी

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी होंगे मुख्य अतिथि : विकाश राणा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 04 सितम्बर को 11:00 बजे पूर्वाह्न से विधानसभा सभागार,रांची में होगी। बैठक में मुख्य अतिथि झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी होंगे एवं विशिष्ट अतिथि हटिया विधायक नवीन जायसवाल होंगे। बैठक की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा करेंगे। इस बैठक में झारखण्ड के सभी 24 जिला से झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश कमेटी के सभी पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी के सभी सदस्य, सभी जिला अध्यक्ष,जिला महासचिव तथा जिला कोषाध्यक्ष सहित विश्वकर्मा समाज के गणमान्य विश्वकर्मा बन्धुगण मौजूद रहेंगें। समाज के संरक्षक शिव किशोर शर्मा ने बताया इस बैठक में

मुख्यरूप से विश्वकर्मा समाज की राज्यस्तरीय ऐतिहासिक रैली के तिथि की घोषणा एवं संगठन के विस्तार पर चर्चा होगीं साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीतकर आये नवनिर्वाचित जिला परिषद् सदस्य एवं नवनिर्वाचित प्रमुख को सम्मानित भी किया जाएगा एवं आनेवाले विश्वकर्मा पूजा की जोरदार तैयारी पर गहन विचार विमर्श कि जाएगी।

Govt. of Jharkhand
Office of the
DirectorRanchi Institute
of Neuro- Psychiatry & Allied Sciences
Kanke, Ranchi – 834006 (Ph.:2450303, 2450813)
www.rinpas.nic.in, Director-rinpas@jharkhandmail.gov.in & Directorrinpas@gmail.com

Tender Cancellation Notice

Due to unavoidable circumstances, tender invited vide E-tender notice No. DIR-**09**/07/2021-2023/Security Services is hereby cancelled. **Note:- For further details, please visit website** http://jharkhandtenders.gov.in

Letter no. 2299, date 30/08/2022
PR No. 273812
PR.NO.276892 RINPAS(22-23):D

Sd-/
I/c Director,
RINPAS, Kanke, Ranchi

लोकसभा की संसदीय समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद संजय सेठ, कहा- झारखंड में जूट उद्योग की संभावनाएं अपार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। लोकसभा की अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति की बैठक सिक्किम की राजधानी गंगटोक में चल रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से चाय और जूट उद्योग से जुड़े संस्थान शामिल हैं। चाय बोर्ड, राष्ट्रीय जूट बोर्ड और भारतीय जूट निगम के वरिष्ठ अधिकारी समिति के सदस्यों के साथ मिलकर विमर्श कर रहे हैं। बैठक में रांची के सांसद संजय सेठ भी भाग ले रहे हैं। इसकी जानकारी देते हुए सांसद श्री सेठ ने बताया कि लोकसभा के अधीनस्थ विधान संबंधी समिति की बैठक गंगटोक में हो रही है, जहां समिति से जुड़े कई सांसद व अधिकारी भी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बैठक में प्रमुख रूप से चाय और जूट उद्योग को बढ़ावा देने, अब तक इन दोनों उद्योगों की स्थिति व भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। सांसद ने कहा कि हम प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक-एक देशवासी से प्लास्टिक का परित्याग करने का आह्वान किया है। ऐसी स्थिति में जूट हम सबके लिए,

पूरे देश के लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है। झारखंड में भी जूट से जुड़े उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा इस बैठक में देश के साथ-साथ झारखंड में भी वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, स्वरोजगार की दृष्टि से और अन्य कई दृष्टि से जूट उद्योग के विकास की पर्याप्त संभावनाएं दिखती हैं। इसे लेकर उन्होंने बैठक में मजबूती के साथ अपनी बात रखी है। जूट ही आने वाले दिन का भविष्य है। जब प्लास्टिक नहीं होगा तो जूट से बेहतर विकल्प हमारे पास कुछ और नहीं हो सकता है। ऐसे में यह आवश्यक है कि इस देश के सामान्य नागरिक भी जूट को बढ़ावा देने की दिशा में आगे कदम बढ़ाए, ताकि उद्योग को बढ़ावा मिले। हमारे देश की कृषि व्यवस्था बेहतर हो सके उद्योग से जुड़े मजदूर किसान इन सब के रोजगार में इजाफा हो।

मानदेय नहीं मिलने पर ठेकेदार के विरोध में प्रदर्शन

सिल्ली। रेलवे रनिंग रूम ठेका कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिलने पर कर्मचारियों ने शुक्रवार को ठेकेदार के विरुद्ध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार गणेश प्रसाद सिंह 6 माह से मानदेय नहीं दे रहा है। मानदेय पूरा होने पर पूरे पैसे नहीं देकर दो या तीन हजार भुगतान करता है। मानदेय के लिए ज्यादा बोलने पर महिला कर्मचारियों को देर रात फोन कर काम से निकालने की धमकी भी देता है। इसी के विरोध में रनिंग रूम के बाहर ही कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए मानदेय भुगतान की मांग करने लगे।

कार्यालयः- जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला

:: आम सूचना ::

जिले के पशुपालकों को सूचित कराना है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NADCP) योजना अर्न्तगत गुमला जिले में पशुओं में होने वाले खुरहा–मुहँपका (FMD) रोग की रोकथाम हेतु दिनांक–01 सितम्बर.2022 से 30 सितम्बर.2022 तक FMD टीकाकरण किया जाना है। FMD टीकाकरण गौ जाति एवं भैंस जाति के पशुओं में निःशुल्क किया जाना है। गौ जाति एवं भैंस जाति के पशुओं में टीकाकरण के पूर्व 12 अंकों के टैग से चिहिन्तीकरण करते हुए INAPH Portal में निबंधन किया जाना है।

सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि अपने–अपने आधार संख्या एवं मोबाईल संख्या कार्य इस हेतु प्राधिकृत टीकाकर्मीयों को उपलब्ध कराकर पशुओं का पंजीकरण एवं टीकाकरण करवाऐं एवं विभाग को सहयोग करें।

जिलें के सभी पशुपालक भाई–बहनों एवं जनप्रतिनिधि (प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य आदि) से अनुरोध है कि इस टीकाकरण का कार्य में सहयोग अपेक्षित है।

इस टीकाकारण से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के पशुचिकित्सा पदाधिकारियों से सम्पर्क करें।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गुमला

PR276900 (Animal Husbandry)22-23*D

सियासी हलचल के बीच एक माह के लिए चार्टर्ड विमान रिजर्व

छत्तीसगढ़ गये यूपीए विधायकों ने कहा- सरकार की नहीं अपना खा रहे हैं

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में सियासी हलचल के बीच एक महीने के लिए वीआईपी और वीवीआईपी की झारखंड में अन्य राज्यों की सरकारी यात्रा के लिए फिक्सविंग जेट चार्टर्ड विमान सेवा मनोनयन के आधार पर लेने का फैसला लिया है। झारखंड सरकार द्वारा इसके लिए 31 अगस्त से एक महीने के लिए विमान लिया जाएगा। कैबिनेट ने गुरुवार को इसके लिए आवश्यक 2.06 करोड़ रुपये खर्च के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान कर दी। इधर, छत्तीसगढ़ के रायपुर के मेफेयर रिजॉर्ट में रह रहे झारखंड के यूपीए विधायकों ने कहा है कि बीजेपी लोकतांत्रिक सरकारों को अपदस्थ करती है, विधायकों को हॉर्स ट्रेडिंग से बचाने के लिए ही रायपुर आये हैं। विधायकों ने स्पष्ट किया कि वे न तो छत्तीसगढ़ सरकार और न ही

झारखंड सरकार के खर्च पर हैं, बल्कि सभी विधायक अपना-अपना खर्च वहन कर रहे हैं। जेएमएम के वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि वर्ष 2005 में भी ऐसा वाकया हो चुका है। बीजेपी द्वारा यूपीए को तोड़ने का प्रयाय किया जा रहा है। सभी एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए रायपुर में साथ रह रहे हैं। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि जब असम में शिवसेना के विधायक थे, तो बीजेपी से यही सवाल क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि रायपुर में सारे विधायक अपने बल और कुव्वत में रह रहे हैं। बीजेपी ने एसी परिस्थितियां पैदा की है कि सभी को अपनी सुरक्षा और एकजुटता सुनिश्चित करने के लिए रायपुर में रहना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अच्छा नहीं लगता है कि वे जनता की खुशी और तकलीफ में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।

मंडल रेल प्रबंधक ने सिल्ली स्टेशन का निरीक्षण किया

सिल्ली। रांची मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार गुप्ता अपने स्पेशल सलून से हटिया से दोपहर 1:00 बजे सिल्ली पहुंचे स्टेशन पहुंचने पर स्टेशन मास्टर लोधु उरांव ने उनका स्वागत गुलदस्ता देकर किया। वही सिल्ली स्टेशन का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान स्टेशन का साफ सफाई एवं स्टेशन पर बने बायोमेट्रिक टॉयलेट का भी जायजा लिया और साथी साथ स्टेशन के बाहर साइकिल स्टैंड बनाने को लेकर अधिकारियों को आदेश दिया ।वही ग्रामीणों ने पटना हटिया एक्सप्रेस ट्रेन को सिल्ली में ठहराव करने को लेकर मांग किया। इस पर उन्होंने कहा कि इस पर विचार किया जाएगा। उसके बाद वह अपने सलून से मुरी स्टेशन 4:00 बजे शाम में पहुंचे जहां अधिकारी एवं आरपीएफ के जवान स्टेशन पर उनका स्वागत करने के लिए खड़े थे मगर समय ना रहने के कारण वह झालदा स्टेशन निरीक्षण करने के लिए रवाना हो गये।

Government of Jharkhand
Office Of DeputyCommissioner-Cum-District Magistrate
Hazaribagh

Expression of Interest
Very Short-Term Procurement Notice

Tender Notice No.: 525/2022-23 **Date:** 02/09/2022

District Administration, Hazaribagh, Jharkhand Invites Tender from eligible bidders for entering into rate contract for Transformation of Traditional Anganwari to Model Anganwariin the district. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website https://hazaribagh.nic.in and hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on or before declared due date.

Sr. No	Particulars	Details
1	Name of the work	Rate contract for Transformation of Traditional Anganwari to Model Anganwariin Hazaribagh District
2	Date of Publication of Tender on website	02/09./2022
3	Date / time for receipt of tender paper	07/09./2022To 12/09/2022Up to by 2.00 PM
4	Tender Document Fee (Non-refundable)	Rs.5000/- (Rs. Five Thousand Only)
5	Date and time of opening of Bid	Date: 13/09./2022 Time: 03:00 PM
6	Earnest Money Deposit (EMD)	Rs.400000/- (Rs. Four Lakh Only)
7	Bid submission Place	NazaratSection, (Ground Floor) New Collectorate Building, Hazaribagh Pin 825301
8	Bid Opening Place	Meeting Hall, New Collectorate Building,Hazaribagh
9	Contact Details	8826943595, Email id:dmfthzb.pmu@gmail.com

Note: The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

PR 276971 (District) 22-23 (D)

DEPUTY COMMISSIONER,
HAZARIBAGH

न्यूज गैलरी

विधायक प्रतिनिधि ने कैंसर हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

कांके। नवनिर्मित टाटा कैंसर हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण एवं प्रबंधन में स्थानीय लोगों की नियुक्ति नियमावली पर निदेशक से वार्ता करते हुए बतौर विधायक प्रतिनिधि के रूप में कांके क्षेत्र के सम्मानित जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी, किरण साहू एवं कांके प्रखंड के उप प्रमुख अजय बैठा, कांके प्रखंड मुखिया संघ के सम्मानित अध्यक्ष सोमा उरांव, सुकुरहुटू उत्तरी पंचायत के उप मुखिया गौरी शंकर प्रजापति, समाजसेवी तुलसी महतो, दशरथ साहू, प्रशांत बैठा, शिवचरण महतो आदि शामिल थे।

पुरानी पेंशन योजना लागू करना झारखंड सरकार की सराहनीय कदम : राजद

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना लागू करना झारखंड सरकार का सराहनीय कदम है। इस कार्य के लिये जितनी प्रशंसा की जाय कम है। इस योजना से झारखंड राज्य के सभी राज्यकर्मी लाभान्वित होंगे। पुरानी पेंशन योजना लागू होने से सभी राज्यकर्मियों में खुशी एवं हलाष का माहौल है। डॉ. कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पेंशन योजना बन्द करने की घोषणा हुई थी एवं बन्द कर दी गई थी। इस निर्णय से सभी राज्यकर्मी हताश व निराश थे। भाजपा की नीति व नियत दोनों ठीक नहीं। इन्हें आम आवाम से कोई सरोकार नहीं रहा है। यह पूंजीपतियों के लाभ के लिये ही काम करती है। भाजपा चाहे तो केन्द्र की सरकार हो या राज्य सरकार रही हो जो काम होना चाहिए वह नहीं हो पाया है। जब से राज्य में यूपीए की सरकार बनी है तब से लगातार झारखंड के आम आवाम एवं सभी तबके के लिये काम कर रही है। चाहे पुरानी पेंशन योजना की बात हो, आंगनबाडी सेविका, सहायिका के हक व अधिकार की बात हो या फिर सहायक पुलिस कर्मियों के हक अधिकार की बात हो, इस तरह के दर्जनों उदहारण हैं जिसे हेमंत सरकर पुरा करने का काम कर रही है। इस तरह भाजपा की सरकार में जिस मांग के लिये भाजपा सरकार में लम्बे आन्दोलन के बाद भी मांगे तो नहीं ही मानी गई किन्तु रघुवर सरकार में जिस तरह से एक पुलिस अफसर द्वारा आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका पर लाठियां बरसाई गई थी आज भी उस घटना को याद कर दिल सिहर जाता है। राज्य में अब तक जो हेमंत सरकार काम कर रही और कर चुकी यह एक सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य है।

उजाड़े गये महादलित परिवार को उक्त भूमि पर यथाशिघ्र बसाया जाये : उपेन्द्र

रांची। शुक्रवार को भाजपा नेता व अखिल भारतीय अंनु. जाति महासभा के राष्ट्रिय महासचिव उपेन्द्र कु. रजक उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी दलितों के साथ भेद-भाव अत्याचार जारी है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला के पांडू प्रखंड के मुरूआति ग्राम में वर्षों से रह रहे 50 घर महादलित परिवार के लोगों को एक विशेष समुदाय के लोगों ने यह कहते हुए घर ढाह कर बेदखल कर दिया कि यह जमीन मदरसा का है। उन्होंने कहा कि भादो माह में घर ढाहे जाने से महादलित परिवार के लोगों को जीवन-यापन करने में काफी कष्ट हो रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से टुर छोड़ने की आग्रह करते हुए महादलित परिवार को उक्त भूमि पर बसाने की मांग की है, साथ ही उपायुक्त एंव पुलिस अधिक्षक पलामू परिवार को सुरक्षा, भरन-पोषण व अवास व्यवस्था शुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि सरकार व प्रशासन महादलित परिवार को उक्त भूमि पर बसाया नहीं गया तो अंनु. जाति समाज उग्र आंदोन को बाध्य होगा। यह जानकारी संतोष रवि ने दी।

विशेष मध्यस्थता अभियान को लेकर बैठक

रांची। डालसा के बैनर तले आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को सीजेएम एमके सिंह की अध्यक्षता में न्यायिक दंडाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में डालसा सचिव राकेश रंजन ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुलह के आधार पर मामलों का निपटारा करना है, ताकि पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय मिल सके। विशेष मध्यस्थता अभियान 12 से 16 सितंबर तक चलेगा। जिसमें चेक बाउंस और मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिनियम से संबंधित मामलों की अधिक से अधिक सुलह कराना है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

छात्रवृत्ति के लिए छात्रों का बैंक खाता खोलने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शुक्रवार को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागर में आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला अभियंता जिला परिषद रांची, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी 1 एवं 2, विभिन्न प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्री मैट्रिक (प्राथमिक/मध्य उच्च विद्यालय), पोस्टमैट्रिक, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन

योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना (चिकित्सा अनुदान), अत्याचार निवारण अधिनियम 1989, वैधिक सहायता योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, वन अधिकार अधिनियम 2006, बिरसा आवास निर्माण योजना, पीवीटीजी ग्राम उत्थान योजना, धुमकड़िया भवन निर्माण योजना, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान चेराबंदी, सरना, मसना, हड़गड़ी इत्यादि की घेराबंदी, कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों/ छात्रावासों की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार, कल्याण विभागीय एसटी, बीसी एवं एमआईएन छात्रावासों (आवासीय विद्यालयों को छोड़कर) की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार, विशेष केन्द्रीय सहायता अन्तर्गत (स्पेशल सेन्ट्रल असिस्टेंस टू ट्राइबल सब प्लान) योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम इत्यादि की विस्तार से समीक्षा की गयी। विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा छात्रों के बैंक खाता खोलने पर फोकस करने का निर्देश दिया गया। संबंधित पदाधिकारी को उपायुक्त ने शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा नयी छात्रवृत्ति नियमावली के तहत योजना का लाभ छात्रों को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

> संबंधित पदाधिकारी को उपायुक्त ने शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों का खाता खुलने में कहीं से भी चुक नहीं हो।

करम पूर्व संध्या कार्यक्रम की सफलता के लिए स्थल का किया निरीक्षण

अखाड़ा बचाना चुनौती है, समाज अवसर में बदले : मुकुंद नायक

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सांस्कृतिक संस्था कुंजबन के तत्वावधान में 3 सितंबर को आहूत करम पूर्व संध्या कार्यक्रम 2022 को लेकर एक बैठक नायक टोली में आयोजित की गयी। बैठक के उपरांत चुटिया, महादेव मंडा स्थित स्थल का शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पदम श्री मुकुंद नायक मनपुरान नायक, धनजू नायक, ललन चौधरी, रवि सिंह, किशोर नायक, रवि गोप, अंशु चौधरी, मंटू मुंडा, धनजय सिंह, सुजीत शर्मा, रूपेश केशरी, सुमित पांडेय, सूरज मुंडा, महावीर, विजय सहित अन्य प्रमुख थे। मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पदम श्री मुकुंद नायक ने लोगों से आह्वान किया कि आज के संदर्भ में अखाड़ा बचाना चुनौती है लेकिन झारखंडी समाज के लिए अवसर है। हम अपनी ताकतों को बांटे नहीं बल्कि अपने सांस्कृतिक केंद्र अखाड़ा को सुरक्षित, व्यवस्थित व सुंदर बना कर रखें और अपने अखाड़ों में झाड़ियां उगने ना दे।

मंगलदीप प्ले स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम व भक्तिमय संगीत और वाद विवाद प्रतियोगिता संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री गणेश उत्सव के शुभअवसर पर रातु रोड खादगढ़ा सब्जी मार्केट के निकट मंगलदीप प्ले स्कूल में प्राचार्या श्वेता मिश्रा के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्तिमय संगीत एवं वाद विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि वीवीएन मिस इंडिया यूनिवर्स 2019 परी पासवान, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, विद्यालय के निदेशक सुधीर चौधरी, उपनिदेशक विकास चौधरी मौजूद थे। श्री गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुभारंभ हुई। मुख्य अतिथि परी पासवान ने श्री गणेश भगवान जी की कथा के साथ-साथ हाश्यपद कविता सुनाई, जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। बच्चों ने भी प्रिया कुमारी, सुषमा पांडे, मोनिका वर्मा आदि शिक्षिका के देखरेख मे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया,

जिसका अथितियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत करते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाया। इसके पूर्व विद्यालय परिवार ने अतिथियों का जोरदार स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। मंच संचालन रुबी चौधरी एवं धन्यवाद ज्ञापन संगीता चौधरी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे कंचन देवी,सविता चौधरी,मंजू देवी, प्रभा देवी एवं अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई देशभक्ति के संदेश के साथ कार्यक्रम की समापन हुई।

श्री दिगम्बर जैन पंचायत के लोगों ने उत्तम आजर्व दिवस मनाया

रांची। श्री दिगम्बर जैन पंचायत के पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन शुक्रवार को समाज के लोगों ने उत्तम आजर्व दिवस मनाया। जयपुर से आए पंडित संजीव शास्त्री की देखरेख में अपर बाजार के श्री दिगम्बर जैन मंदिर और रातू रोड के वासु पूज्य जिनालय मंदिर में उत्तम आर्जव धर्म की सामूहिक पूजा हुई। इसके बाद शास्त्र वाचन, मंडल पूजन अनुष्ठान हुए। पंडित संजीव शास्त्री ने तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन औश्र प्रवचन किया। बताया गया कि जीवन में सरलता धारण करना ही उत्तम आर्जव है। जो विचार हृदय में स्थित हैं, वही वचन के रूप में बाहर आते हैं। मन से जहां पर कुटिल परिणाम का त्याग कर दिया जाता है, वहीं पर आर्जव धर्म प्रकट होता है। यह अखण्ड दर्शन और ज्ञानस्वरूप है। इस दौरान जैन युवा जागृति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम सुर संध्या की प्रस्तुति हुई। प्रतीक रारा, कौशल ठोल्या, आकाश सेठी, हेमन्त सेठी ने भजन प्रस्तुत किए।

अग्रवाल सभा का चुनाव रविवार को, सभी तैयारियां पूरी

40 प्रत्याशी चुनाव मैदान में जिसमें 31 कार्यकारिणी सदस्यों का होगा चयन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अग्रवाल सभा रांची का द्विवार्षिक चुनाव 4 सितंबर को महाराजा अग्रसेन भवन में कराया जाएगा। अग्रवाल सभा के निर्वाचन पदाधिकारी ललित कुमार पोद्दार एवं सह निर्वाचन पदाधिकारी अशोक नारसरिया ने संयुक्त रूप से विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव संबंधी पूरी तैयारियां कर ली गई है। चुनाव में अग्रवाल सभा के 2253 सदस्य अपना मताधिकार का प्रयोग कर 40 प्रत्याशियों में से 31 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन करेंगे। सभी सदस्यों को पूरे 31 सदस्यों का मत देना होगा। 31 सदस्यों से कम या अधिक मत देने

से मतपत्र अवैध हो जाएगा। 4 सितंबर को सुबह 10:00 बजे से अग्रवाल सभा की आमसभा एवं 11:00 बजे से 4:00 बजे तक मतदान महाराजा अग्रसेन भवन के द्वितीय तल्ले मे होगा। मतदान के उपरांत मतों की गिनती होगी एवं उसी दिन रात को परिणाम की घोषणा कर दिया जाएगा। सुचारू रूप से मतदान कराने के लिए रांची के अलग-अलग एरिया के अनुसार 9 टेबल लगाए जाएंगे। जहां से मतदाता सुविधानुसार मतपत्र प्राप्त कर मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। मतदाता को आधार कार्ड या कोई भी सरकारी पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य है।

टीम राहुल मारू के प्रत्याशियों ने व्यापारियों से मुलाकात कर अपनी टीम का एजेंडा रखा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। टीम राहुल मारू के प्रत्याशियों ने शुक्रवार को ज्योति संगम लेन, पुस्तक पथ, कुंजलाल स्ट्रीट, रंगरेज गली, सुरेश बाबू स्ट्रीट, सोनार पट्टी, कपड़ा पट्टी समेत अपर बाजार के क्षेत्रों में कई व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में जाकर मुलाकात की और चुनाव में अपनी टीम का एजेंडा रखा। प्रत्याशियों ने पदयात्रा के दौरान झारखण्ड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष विक्रम खेतावत, मानद सचिव प्रमोद सारस्वत, विनय मिड्ढा से भी मिले और आगामी चुनाव में अपनी टीम के पक्ष में मतदान की अपील की। मौके पर मनोज सिंघानिया, पंकज पोद्दार, मुकेश काबरा, तरूण तनेजा, लेखराज अरोडा, रतन मोदी, विनय सरावगी सहित कई लोगों ने आगामी चुनाव में टीम के प्रत्याशियों को सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान राहुल मारू ने शनिवार को अपने चुनावी कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर भी

व्यापारियों को आमंत्रित किया। विदित हो कि टीम राहुल मारू के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को सिटी मॉल, हरमू रोड, रांची में किया जायेगा। आज की पदयात्रा के दौरान राहुल मारू के साथ अनिल अग्रवाल, अनिल जालान, अनीश बुधिया, ब्रजेश कुमार, दीनदयाल बरनवाल, डॉ. अभिषेक कुमार रामाधीन, उत्सव परासर, मनीष सर्राफ, मुकेश अग्रवाल, नवजोत अलंग, प्रवीण लोहिया, राहुल साबू, राजेश कौशिक, राकेश जैन, राम बांगड, रोहित अग्रवाल, रूषी पटेल, साहित्य पवन, सोनी मेहता, सुमित जैन, विकास विजयवर्गीय, के अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल थे।

श्री श्याम महोत्सव के दूसरे दिन श्री श्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी

श्री श्याम भक्तों ने भक्ति भाव से भजन गाते व नाचते हुए शोभायात्रा में श्री श्याम प्रभु का जय-जयकार के नारे लगा रहे थे

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री श्याम मंडल रांची के 55 वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव के दूसरे शुक्रवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर से श्री श्याम प्रभु की विराट एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई । शोभायात्रा अपराहन 4:00 बजे प्रारंभ हुई शोभायात्रा के आगे आगे बैंड की धुन के साथ सैकड़ों श्याम भक्त धर्म ध्वजा व विभिन्न देवताओं के जयकारों से अंकित बैनर लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियां सभी का मन मोह रही थी । श्री श्याम मंडल के सैकड़ों सदस्य अत्यन्त भक्ति भाव से भजन गाते और नाचते हुए शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। काफी बड़ी संख्या में नर नारी श्री श्याम देव का जयकारा लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए और इस अवसर पर दिव्य रथ पर श्री श्याम प्रभु का शीश का अलौकिक श्रृंगार किया गया। श्री

श्याम प्रभु नगर वासियों को आशीष लूटा रहे थे, जगह-जगह विभिन्न संस्थाओं वह भक्तों द्वारा शोभायात्रा पर पुष्प वृष्टि की गई। मार्ग में सैकड़ों भक्तों द्वारा दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु की आरती की गई तथा मार्ग के दोनों ओर वह मकानों व छतों पर शोभायात्रा का अवलोकन करने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। शोभायात्रा में शामिल भक्तों का जगह-जगह पर भावभिना स्वागत किया गया। पूरे मार्ग पर उपस्थित भक्तों के लिए श्याम प्रभु के दिव्य प्रसाद वितरण का समुचित व्यवस्था की गई थी। जिस मार्ग से यात्रा गुजर रही थी वातावरण पूर्णतया श्याममय हो रहा था। विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए शोभायात्रा श्री श्याम मंदिर रात्रि 8 बजे पहुंची जहां मंगल आरती व प्रसाद वितरण के पश्चात शोभा यात्रा का समापन हुआ। आज के इस कार्यक्रम में मनोज सिंघानिया, राकेश मुरारका, सुनील मोदी, अशोक लाठ, पवन अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश बागला, शिवरतन बियानी, अमित पोद्दार, विक्रम परसरामपुरिया, महेश सारस्वत, विकाश पाडिया, का विशेष सहयोग रहा।

1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में राजा अर्जुन सिंह ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वत्र न्योछावर किया

आज पौत्रवधु अंधेरे कमरे में बीमारी से लड़ रही हैं

नवीन मेल संवाददाता

रांची। वर्ष 1957 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में पोड़ाहाट के राजा अर्जुन सिंह ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वत्र न्योछावर कर दिया, लेकिन आजादी के बाद इस परिवार के साथ पूरा न्याय नहीं हो सका। जिस राज परिवार ने अपने प्रजा के हितों की रक्षा और अपने स्वाभिमान के लिए अंग्रेजी शासन से लोहा लेने का काम किया, उस परिवार के सदस्य आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। इस संबंध में झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्रता सेनानी कोष के सदस्य लाल प्रवीर नाथ शाहदेव ने पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र लिखकर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। प्रवीरनाथ शाहदेव बताते है कि वर्ष 2021 में ही राज्य के गृह विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का की ओर से सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखकर यह स्पष्ट दिशा निर्देश दिया है कि शहीद सेनानियों के आश्रित परिवार की दयनीय स्थिति से संबंधित समाचार प्रकाशित होने से सरकार की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं वर्तमान में निर्धनता और आर्थिक विपन्नता का सामना कर रहे इन शहीद स्वतंत्रता सेनानी के आश्रितों को चिकित्सा, शिक्षा, शादी-विवाह और आवास के लिए अनुदान राशि उपलब्ध कराने के लिए झारखंड सेनानी कोष का गठन किया गया है। इस राशि से सभी जरूरतमंद परिवार को सदयता पहुंचाना है, परंतु जिलों में पदस्थापित अधिकारियों द्वारा इस दिशा में समुचित ध्यान नहीं देने से आज कई शहीद परिवार के आश्रितों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग द्वारा सुषमा सिंह देवी के घर की बिजली 10 महीने पहले ही काट दी गयी थी। पैसा बकाया होने के कारण बिजली काटी गयी थी। सरकारी अधिकारियों और बिजली विभाग से परिवार ने बिजली देने का अनुरोध किया, लेकिन अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी, आज पूरा परिवार अंधेरे में रहने के लिए मजबूर है। कभी महलो में रहने वाले शहीद परिवार की सदस्य सुषमा देवी के मकान की स्थिति भी अब पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। काफी पुराना खपरैल के मकान की दशा-काफी खराब है। कभी भी मकान धंस सकता है। घर में रहने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है, दीवार टूट-फूट गयी है। राजा अर्जुन सिंह के दो पुत्र थे, उनके दो पुत्र नरपत सिंह और महेंद्र सिंह थे। नरपत सिंह की दो पुत्रियां थी, जबकि महेंद्र सिंह के 5 पुत्र थे, उन्हीं में से एक बड़े पुत्र की पत्नी सुषमा सिंह है।

कभी राजा अर्जुन सिंह के अधीन हजारों लोग करते थे काम

अमर शहीद अर्जुन सिंह की उत्तराधिकारी पौत्रवधु सुषमा सिंह आज गरीबी के जंजाल में फंस कर अंधेरे कमरे में बीमारी से लड़ रही है। पोड़ाहाट (चक्रधरपुर) के राजा अर्जुन सिंह के अधीन कभी हजारों लोग काम करते थे, उनके भरोसे हजारों लोगों का परिवार चलता था, परंतु आज उनकी पौत्रवधु 89 वर्षीय सुषमा सिंह देवी एक अधेरे कमरे में रहते हुए कई बीमारियों से जूझ रही है। 20 अगस्त को फिसल कर गिर जाने से उनके पैर में सूजन है और अब उन्हें चलने-फिरने में भी काफी कठिनाई हो रही है।

विक्रांत के निर्माण में सेल की अहम भूमिका : अजय मारू

रांची। राज्यसभा के पूर्व सांसद अजय मारू ने आईएनएस कैरियर विक्रांत के निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए सेल के समस्त वैज्ञानिकों को बधाई दी है। अजय मारू ने कहा कि सार्वजानिक क्षेत्र की कम्पनी सेल लगातार आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया मूहिम में अभूतपूर्व भूमिका निभा रही है। सेल ने देश के पहले स्वदेशी रूप से निर्मित एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत के लिए साड़ी सीडीएमआर ग्रेड स्पेशिएलिटी स्टील की आपूर्ति की है। विक्रांत के लिए राउरकेला, बोकारो एवं भिलाई से स्टील की आपूर्ति की गयी। सार्वजानिक क्षेत्र की संसदीय समिति के सदस्य रहे श्री मारु ने कहा कि सेल के द्वारा तीस हजार टन स्टील की आपूर्ति बोकारो, राउरकेला एवं भिलाई से की गयी है जो की एक कृतिमान है। उन्होंने कहा की आरडीसीआईएस के वैज्ञानिकों का भी विशेष प्रकार के स्टील बनाने में अहम भूमिका रही है।

डीएवी कपिलदेव में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

आप ही कल के भविष्य हैं, आप पढ़ाई में अपने आपको समर्पित कर दें : डॉ. अजीत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू में शुक्रवार को वर्ग दशम और बारह के छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि पुस्तक का निरंतर पठन-पाठन करना चाहिए और जितना हो सके मोबाइल से दूर रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप ही कल के भविष्य हैं। आप पढ़ाई में अपने आप को समर्पित कर दें। आपको उसका बेहतर नतीजा मिलेगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने कहा कि विद्यालय

का इतिहास कीर्तिमानों से भरा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी बच्चे नए-नए कीर्तिमान बनाते रहेंगे। श्री सिन्हा ने विद्यालय के कुछ विशेष छात्र-छात्राओं का जिक्र किया जो विभिन्न जगहों पर ऊंचे पदों पर कार्यरत हैं। मौके पर डीएवी कपिलदेव के एलएमसी चेयरमैन कपिल देव गिरि, डीएवी बारियातू के प्राचार्य वीके पांडेय, जेवीएम श्यामली के प्राचार्य एस के जेना, डीपीएस के प्राचार्य राम सिंह, डीएवी हजारीबाग के प्राचार्य अशोक कुमार सिन्हा, डीएवी गांधी नगर के प्राचार्य एसके सिन्हा, डीएवी पुनदाग के प्राचार्य एसके मिश्रा समेत अन्य अन्य स्थानीय डीएवी विद्यालयों के प्राचार्य भी मौजूद थे। प्रतिभा समारोह में बच्चों को एक मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया जबकि अभिभावकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह में बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित एक नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गई जिसका निर्देशन काकोली दत्ता ने किया। समारोह में विद्यालय के कई अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

श्री गणेश पूजा समिति मोटीया संघ के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कोलेबिरा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रखंड के छोटे-छोटे बच्चे बच्चियों के द्वारा हिंदी नागपुरी संगीत पर नृत्य प्रस्तुति की गई एवं कुछ बच्चों ने गीत गाकर दर्शकों का दिल जीता। कार्यक्रम में जजों की भूमिका सुमंत कुमार, दिवाकर दास, कृष्णा ठाकुर, रोहित कुमार, ने अदा की एवं जजों के द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया साथ ही समिति के सदस्यों के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रतिभा सम्मान दिया गया। कार्यक्रम के पूर्व में समाजसेवी सुमंत कुमार ने मंच संचालन करते हुए ग्राम वासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दिया एवं दुमका के होनहार बेटी अंकिता सिंह की निर्मम हत्या को लेकर अपना विचार प्रकट किया जिसके बाद समिति के सदस्यों एवं उपस्थित सभी दर्शकों के द्वारा अंकिता सिंह की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण भी किया गया। गणेश पूजा समिति मोटिया संघ कोलेबिरा की तरफ से भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्यों एवं गणमान्य ग्रामीणों का बहुत-बहुत योगदान रहा है जिसके लिए समिति के अध्यक्ष ने सभी को धन्यवाद दिया है।

वज्रपात के चपेट में आने से 5 दुधारू मवेशी की हुई मौत

चतरा। जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत हुमाजांग पंचायत बसबूटा गांव निवासी संजय दास, सुनील दस और राजेश भारती के चार दुधारु गाय की मौत बीते देर शाम बज्रपात के चपेट में आने से हो गई। गांव के राजेश यादव ने बताया कि देर शाम बारिश के दौरान सभी गाय एक वृक्ष के नीचे खड़ी थीं, तभी आकाशीय बिजली गिरा और उसके चपेट में आकर पशुओं की मौत हो गई। पशु पालकों ने दुधारू गाय के मरने से आर्थिक क्षति होने की बात कही और प्रषासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की।

उपायुक्त की अध्यक्षता में विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

चतरा। शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से 132/33 केवी ग्रिड सबस्टेशन डाढ़ा चतरा, माता भद्रकाली मंदिर इटखोरी में स्ट्रीट लाईट कनेक्शन, राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे 100 यूनिट फ्री बिजली की सुविधा, ट्रांसफार्मर की उपलब्धता के साथ-साथ चतरा में ट्रांसफार्मरों कि मरम्मति को लेकर किए जा रहे कार्यों को लेकर पूर्व के बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए जिले में सुचारू ढंग से विद्युत आपूर्ति को लेकर कार्यपालक अभियंता को दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश। बैठक में मुख्य रूप से कार्यपालक अभियंता समेत अन्य संबंधित मौजूद थे।

बिजडीह गांव में खपरैल घर क्षतिग्रस्त, मुआवजे की मांग

केतार। प्रखंड क्षेत्र के पाचाडुमर पंचायत के बीजडीह गांव निवासी संजय ठाकुर, बाल्मीकि ठाकुर और मंदीप पासवान की खपरैल मिट्टी के घर गुरुवार की शाम हुई जोरदार बारिश से क्षतिग्रस्त हो गई। खपरैल घर क्षतिग्रस्त होने से परिवार के लोग बेघर हो गए हैं और संजय ठाकुर और मंदीप पासवान जर्जर घर और झोपडी में परिवार सहित रहने को ही विवश हैं। इसकी जानकारी मिलने के पश्चात शुक्रवार को मुखिया श्याम सुंदर बैठा और पंचायत समिति सदस्य राजकुमार राम ने क्षतिग्रस्त घरों का निरीक्षण किया और क्षतिपूर्ति के लिए आपदा विभाग से मुवाबजा दिलाने की आश्वासन दिया। मौके पर पीएम आवास पंचायत स्वयं सेवक प्रदीप कुमार, आशा देवी, उर्मिला देवी, सरिता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

रंका मोड़ पर लगा 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर, लोगों में हर्ष व्याप्त

गढ़वा। शहर के रंका मोड़ पर शुक्रवार को 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर के प्रयास से मुहल्ले वासियों को बिजली की बहुत बड़ी समस्या से निजात मिल गई। जानकारी के अनुसार शहर के रंका मोड़ पर स्व. बैजनाथ तिवारी के घर के समीप स्थित ट्रांसफर्मर पिछले दो दिनों से खराब था। जिससे रंका रोड, राखी मोहल्ला राकी मोहल्ला की बहुत बड़ी आबादी दो दिनों से अंधेरे में थी। क्षेत्र के लोगों के समक्ष पेयजल की भीषण समस्या संकट उत्पन्न हो गई थी। बहुत प्रयास के बाद भी ट्रांसफर्मर बनाया नहीं जा सका। इसके बाद इसकी सूचना विभागीय पदाधिकारियों व विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर को दी गई। विधायक प्रतिनिधि ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग के पदाधिकारी से मिलकर तत्काल उक्त मोहल्ला के लिए नया ट्रांसफर्मर उपलब्ध करवाया। साथ ही इसे शुक्रवार की देर शाम में स्थापित कर दिया गया। मोहल्ले वासियों ने मंत्री श्री ठाकुर व विधायक प्रतिनिधि को धन्यवाद दिया है।

1001 महिलाओं ने बप्पा गणपति की भव्य महाआरती की

गणेश पूजा में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। थाना परिसर में श्री राधेकृष्ण यूथ संगम क्लब गणेश पूजा महासमिति द्वारा आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव से परिसर में गणेश पूजा की धूम मची है। भव्य पूजा पंडाल में आकर्षक लाइट व सजावट कर भगवान गणेश समेत अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गई है। भव्य पंडाल के साथ ही आकर्षक विधुत सज्जा की है। जहां शुक्रवार की शाम 1001 महिलाओं द्वारा महाआरती के समय गजानन की छटा देखते ही बन रही थी। सैकड़ों की संख्या मे रात्रि में श्रद्धालुओं ने गणेश आरती मे भाग लिया। वही हर दिन सुबह शाम आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इधर महाआरती में मुख्य रुप से लोहरदगा लोकसभा भाजपा सांसद

सुदर्शन भगत समेत सीपीआईएम के सुभाष मुंडा, कांग्रेसी नेता सन्नी टोप्पो, जिप सदस्य पूर्वी की पार्वती भगत व मुखिया सुशांति भगत शामिल हुई। साथ ही अमन व शिवा के सौजन्य से सूजी के हलुआ प्रसाद वितरण किया गया।

इधर समिति द्वारा महावीर चौक में शनिवार की सुबह दस बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। वही शाम में भोग निवेदित कर खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। पूजा को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, उत्तम सोनी, अमन गुप्ता,आशीष महतो, प्रेम गुप्ता, अविनाश कश्यप, आशीष सोनी, अर्चित गुप्ता,राकेश साहू, अभिनव कुमार, अजय साहू, अमित नायक, सुशांत राय, प्रीतम कुमार, उत्तम प्रसाद, संकित मंगल, सूरज गुप्ता, अभिजीत लकी गुप्ता, परमेश्वर, आकाश, चीकू, प्रिंस, सौरभ, तुषार, विजय सहाय विकास कुमार सहित अन्य सदस्य लगे हुए हैं।

एडीएम ने पंचायत भ्रमण कर विकास योजनाओं लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। चाकुलिया प्रखण्ड अंतर्गत सोनाहातु पंचायत के मालखाम गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति का जायजा लेने वरीय प्रभारी- सह- एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नन्दकिशोर लाल पहुंचे। इस दौरान उन्होने लाभुक सनातन महतो, कुंज महतो, बिमल महतो, कारान माण्डी, लखन सोरेन, बासुदेव टुडू, मायसु सोरेन, भादो सोरेन, करून कालिंदी, तरूण कालिंदी आदि के आवास निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद प्रखंड समन्वयक को आवास निर्माण कार्य में उपयोग किए जाने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव, प्रखण्ड समन्वयक एवं पंचायत सचिव सोनाहातु मौजूद रहे।

पंचायत भ्रमण के पश्चात प्रखण्ड सभागार में वरीय प्रभारी- सह-एडीएम लॉ एंड ऑर्डर द्वारा समीक्षा बैठक की गयी । बैठक में लक्ष्यानुरूप प्रधानमंत्री आवास एवं मनरेगा योजनाओं की अधतन प्रगति से संबंधित समीक्षा की गयी। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर द्वारा पदाधिकारी/कर्मियों को व्यक्तिगत रूचि लेते हुए ससमय योजनाओं को जल्द पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। साथ ही कृषि विभाग से संबंधित पीएम किसान सम्मान निधि योजना के शत प्रतिशत लाभुकों का सुनिश्चित करने का भी निदेश दिया गया । बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड समन्वयक, मनरेगा बीपीओ, सभी जेई, सभी पंचायत सचिव, सभी रोजगार सेवक उपस्थित थे ।

महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा श्री अल्ट्रासाउंड : डॉ. तेजबहादुर

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा के कचहरी मोड़ के समीप शुक्रवार को श्री अल्ट्रासॉउन्ड क्लिनिक का भव्य उद्घघाटन डॉ. तेज बहादुर सिंह समेत अन्य अतिथियों के द्वारा फीता काटकर किया गया। उदघाटन के मौके पर डॉ तेज बहादुर सिंह ने कहा कि महिलाओ के लिए श्री अल्ट्रासाउंड मील का पत्थर साबित होगा। इस क्लिनिक में महिलाओं को उचित मूल्य पर तकनीशियन के द्वारा जांच किया जाएगा। गरीब परिवार के लोगो के लिए कम शुल्क में भी अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर प्रॉपराइटर सबनम निशा द्वारा जानकारी दिया गया की अल्ट्रासॉउन्ड शरीर के अंदरूनी बीमारियों जैसे पथरी, किडनी, ट्यूमर, गोलबालाडर, इत्यादि की एक्सरे द्वारा सटीक जाँच की जाती है और यहाँ सबसे सस्ता इलाज भी किया जायेगा। कहा कि

हमारे यहां लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की अल्ट्रासाउंड मशीन से मरीजों की जांच की जाएगी। सबसे ज्यादा फायदा गर्भवती महिलाओं व दूसरी अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों को होगा जिन्हें अल्ट्रासाउंड जांच कराने के लिए परेशान होना पड़ता था। इस अवसर पर शाहीन सहला, निथी कुमारी, भारत कुमार, सतीश कुमार तिवारी, शाना आयत, श्री आयत आदि उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा

आधार कार्ड से वोटर आइडी कार्ड को लिंक करने में सहयोग करें

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। किसी भी व्यक्ति की पहचान स्थापित करने और मौजूदा मतदाताओं के प्रमाणीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने आधार कार्ड को वोटर आईडी से लिंक करने का अभियान शुरू किया है। पूरे जिले में यह अभियान प्रगति पर है। घर-घर जाकर संबंधित बूथ के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) इस कार्य को कर रहें है। निर्वाचन आयोग का कहना है कि इससे निर्वाचक नामावली में प्रविष्टियों के प्रमाणीकरण के साथ-साथ निर्वाचन में डुप्लीकेसी से बचा जा सकेगा।

इस बाबत शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने मतदाताओं से अपील किया कि वह

आधार कार्ड से वोटर आइडी कार्ड को लिंक कराएं। इससे निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता आएगी। इससे पता चलेगा कि किसी व्यक्ति का एक से ज्यादा निर्वाचन क्षेत्रों या एक ही निर्वाचन क्षेत्र में अनेक बार पंजीकरण तो नहीं हुआ है। उन्होंने मतदाताओं के संबंधित बूथ के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के उनके घर जाने पर उनका सहयोग करने की अपील की है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने मतदाताओं से कहा कि मतदाता स्वयं अपने वोटर कार्ड का आधार कार्ड से लिंक कर सकते हैं या इसके लिए आप अपने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संपर्क कर सकते हैं। ऐसा करके आप एक जागरूक एवं जिम्मेवार मतदाता होने का परिचय दें।

जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र क्रमशः गोमिया (295277 मतदाता), बेरमो (322437 मतदाता) , बोकारो (539180 मतदाता) एवं चंदनकियारी (257577 मतदाता) में कुल मतदाताओं की संख्या 1,414,471 है। इन मतदाताओं का आधार कार्ड से वोटर आइडी कार्ड को लिंक करना था। जिसमें अब तक 4,65,529 मतदाताओं का जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आधार कार्ड से वोटर आइडी कार्ड का लिंक किया गया है। शेष मतदाताओं का कार्य प्रगति पर है। गोमिया विधानसभा क्षेत्र में 45.98 फीसदी, बेरमो विधानसभा क्षेत्र में 32.80 फीसदी, बोकारो विधानसभा क्षेत्र में 18.31 फीसदी और चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में 48.65 फीसदी मतदाताओं का आधार कार्ड से वोटर आइडी कार्ड लिंक हुआ है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी ने जन प्रतिनिधियों से भी अपील किया है कि वह अपने स्तर से भी मतदाताओं को जागरूक करें।

वादों के निष्पादन के लिए सिविल कोर्ट में मध्यस्थता स्पेशल ड्राइव 12-16 सितंबर तक

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित दावा केस एवं चेक अनादरण से संबंधित वादों का निष्पादन के लिए 'स्पेशल मध्यस्थता ड्राइव' दिनांक 12 सितंबर से 16 सितंबर तक सिविल कोर्ट लोहरदगा स्थित जिला मध्यस्थता केंद्र में किया जाएगा । इस संबंध में जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि मध्यस्थता स्पेशल ड्राइव को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राजेंद्र बहादुर पाल समय-समय पर न्यायिक अधिकारियों एवं पक्षकार के अधिवक्ताओं से बैठक कर रहे हैं और डालसा सचिव को अवश्य निर्देश भी दिए दिए जा रहे हैं। मध्यस्थता के संबंध में जानकारी देते हुए डालसा सचिव ने बतलाया कि मध्यस्थ के माध्यम से लिए गए निर्णय दोनों पक्षकारों की सहमति से होते हैं। एक निष्पक्ष मध्यस्थ जिसकी स्पेशल ट्रेनिंग होती है, दोनों पक्षों को निर्णय पर पहुंचाने में मदद करता है अतः वाद के पक्षकारों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

'मध्यस्थता के द्वारा सुलह' को बढ़ावा देना चाहते है सर्वोच्च न्यायलय

उन्होंने आगे यह भी बतलाया कि सरकार एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय आपसी विवाद के मामलों को सुलझाने के लिए वैकल्पिक न्याय व्यवस्था के तहत 'मध्यस्थता के द्वारा सुलह' को बढ़ावा देना चाहते हैं इसके अंतर्गत सिविल प्राकृति के मुकदमे, व्यवसायिक लेन-देन के विवाद वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना से संबंधित दावे, अपराधिक सुलहनीय वाद का निस्तारण किया जा सकता है। 'झारखंड मध्यस्थता योजना 2021 का लाभ उठाने हेतु यदि विवाद के दोनों पक्षकर यदि पक्षकारों चाहे तो बिना सिविल कोर्ट में मुकदमा किये बगैर पक्षकार जिला मध्यस्थता केंद्र, लोहरदगा में सीधे आवेदन दाखिल कर सकते हैं। पक्षकारों के उपस्थिति में प्रशिक्षित मध्यस्थ उनके विवाद को सुलझाएंगे। मध्यस्थता की संपूर्ण प्रक्रिया को गोपनीय रखी जाती है। डालसा सचिव ने लोहरदगा वासियों से आह्वावान किया कि विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने हेतु आगे आये, डालसा कार्यालय उनका हर संभव मदद करेगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता हरेंद्र किशोर मिश्रा का हार्ट अटैक से मौत

गढ़वा। जिले के प्रख्यात अधिवक्ता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद मिश्र के भतीजा तथा बिशुनपुर निवासी हरेंद्र किशोर मिश्रा उर्फ मुन्ना बाबू 70 वर्ष की निधन पर गढ़वा के अधिवक्ताओं ने शोक जताते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की है। गढ़वा शहर के बिशुनपुर मोहल्ला निवासी हरेंद्र किशोर मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा व्यवहार न्यायालय गढ़वा के जाने-माने अधिवक्ता थे, विशेषकर क्रिमिनल लॉयर के रूप में इन्हें ख्याति प्राप्त थी। साफ सुथरा छवि के हरेंद्र किशोर मिश्रा व्यवहार न्यायालय गढ़वा तथा आम लोगों के बीच मुन्ना भैया के रूप में विख्यात थे उन्हें सभी लोग मुन्ना भैया के नाम से जानते थे। जैसे ही उनकी मौत की खबर लोगों तक पहुंची शोक की लहर छा गया। उनका अंतिम संस्कार शहर के दानरो नदी घाट पर किया गया।

अखिल भारतीय भुइयां समाज ने झकझोर झूमर का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

पत्थलगड़ा(चतरा)। शुक्रवार को जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित उमाकांत फुटबॉल मैदान में भुइयां समाज संघर्ष समिति के तत्वाधान में कर्मा पर्व के उपलक्ष्य में झकझोर झूमर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चतरा व हजारीबाग जिले के अलावे विभिन्न प्रखंडों से समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। समाज के लोगों ने ढोल नगाड़े के साथ पारम्परिक नृत्य झूमर का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भुइयां समाज की अपनी संस्कृति है और समाज के लोग प्रकृति से जुड़े हैं। साथ ही सरकार से समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग की। वक्ताओं ने समाज के लोगों से नशा से दूर रहने व शिक्षा का स्तर ऊपर उठाने का आह्वाहन भी किया। कार्यक्रम में समाज के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन नायक, हजारीबाग के रामा भुइयां, दिनेश्वर भुइयां, मुखिया उगन भुइयां, सेवानिवृत शिक्षक कन्हाई राम, बसन्त राम निराला समेत अन्य शामिल थे।

पीडीएस डीलर सीता देवी के घर को पेट्रोल पंप के मालिक ने किया ध्वस्त

दोषियों पर जल्द ही कार्रवाई होगी: थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। रांची के वरीय आरक्षी अधीक्षक, ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक तथा लापुंग थाना में अलग-अलग शिकायत दर्ज करवा कर भाजपा नेत्री और सापुकेरा निवासी सीता देवी तथा उनके पति रामदयाल साहु ने इण्डेन गैस एजेंसी तथा पेट्रोल पंप के मालिक विनोद कुमार साहु, घनश्याम साहु तथा मनोज कुमार (तीनों पुत्र भीखु साहु) के ऊपर घर को गिराने और कब्जा करने के प्रयास का गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा नेत्री सीता देवी और रामदयाल साहु ने बताया कि भीखु साहु के तीनों पुत्रों ने उनकी (रामदयाल साहु और सीता देवी की) अनुपस्थिति में उनके घर तथा राशन दुकान के सामने के कमरे को तोड़ने तथा कब्जा करने का प्रयास किया है। यही नहीं उनके घर के कई कमरों में ताला भी लगा दिया गया है। ताला लगाने की सूचना उनके पड़ोसियों ने दी थी। पीडीएस की

डीलर सीता देवी ने पुलिस के अधिकारियों को लिखा है कि उनके पीडीएस के दुकान का ताला तोड़कर गोदाम में रखे अनाज की भी चोरी कर ली है। वहीं दूसरी ओर गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप के मालिक विनोद साहु ने बताया कि रामदयाल साहु और उनकी पत्नी उनके ऊपर झूठा आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पुश्तैनी जमीन और जायदाद का बंटवारा नहीं कर हमारे ही जमीन पर कब्जा कर ली हैं और हम तीनों भाइयों को हिस्सा नहीं दे रहे। उन्होंने कहा कि उन्होंने कोई तोड़फोड़ नहीं की है यह आरोप निराधार है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार ने कहा कि किसी के घर को उजाड़ने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच चल रही है। जल्द ही लापुंग थाने में मामला दर्ज किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जमीन के बंटवारे को लेकर दोनों पक्ष में लंबे समय से तनाव चल रहा है। पिछले 12 जून को भी दोनों परिवारों के बीच मारपीट की घटना घटी थी। इस संबंध में सीता देवी ने घटना की जानकारी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भी दे दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सीता देवी और उनके पति रामदयाल साहु रांची के नगडा. टोली में रहते हैं और कभी कभार सापुकेरा आते जाते रहते हैं। पुलिस प्रशासन ने दावा किया जल्द ही मामला दर्ज करते हुए उचित कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विजय रंजन तिर्की ने कहा कि यह उनके घर का मामला है लेकिन यदि पीडीएस दुकान का अनाज अगर गायब हुआ है तो इसकी सत्यता की जांच की जाएगी। जांच उपरांत अगर अनाज के उठाव तथा वितरण के बाद स्टॉक में बचे अनाज का मिलान किया जाएगा। माप तौल में कमी हुई तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

नप अध्यक्ष ने डीसी को नगर पंचायत क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

योजनाओं का क्रियान्यवन समय पर नही होने से नगरवासी परेशन

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर नगर पंचायत क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुये उसके निदान की दिशा में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग किया है। उपायुक्त को दिये आवेदन में कहा गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत छोटी-बड़ी योजनाओं का क्रियान्यवन समय पर नही होने से नगर पंचायत वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने ट्रॉमा सेंटर को पूर्णरूपेण चालू कराने, कचरा रिसाइक्लिंग का निर्माण कराने,खेल स्टेडियम का निर्माण कराने, सभी वार्डो में

सोलरयुक्त स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन कराने,वार्ड नम्बर 4 स्थित राजा पहाड़ी शिव मंदिर परिसर में अमृत टू योजना अंतर्गत पार्क का निर्माण,वार्ड नम्बर 5 में स्थित बभनी खांड डैम में अमृत टू योजना अंतर्गत सुंदरीकरण वोटिंग स्वीकृत है। इसका निर्माण करवाने, वार्ड नम्बर 7 में स्थित बस स्टैंड का निर्माण कराने की मांग किया है। उन्होंने इस आशय की प्रतिलिपि नगर विकास आवास विभाग के सचिव को भी दिया है।

न्यूज गैलरी

शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए सेक्रेड हर्ट के बच्चें

झुमरीतिलैया। सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चे शुक्रवार की सुबह मनाली टूर एवं शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हो गए। इस विद्यालय के 21 बच्चे स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से मनाली के लिए रवाना हुए हैं। शुक्रवार की सुबह में स्टेशन पहुंच कर प्राचार्य नवीन कुमार, शिक्षक प्रवीण कुमार ने छात्रों को रवाना किया। 7 दिन के बाद यह बच्चे वापस लौट आएंगे। सभी बच्चे मनाली के अलग-अलग प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेंगे। कोडरमा में किसी स्कूल के लिए यह पहला मौका है जब बच्चों को टूर के लिए बाहर भेजा गया हो। बच्चों के साथ शिक्षक किशोर कुणाल और अलका सिंह साथ में गये हैं। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार समेत विद्यालय परिवार ने छात्रों के सफल यात्रा की कामना की है। उन्होंने कहा कि मनाली में बच्चे प्राकृतिक दृश्य का लुत्फ तो उठाएंगे ही, वहां के ऐतिहासिक और प्राकृतिक महत्व को वे निकट से महसूस कर सकेंगे। ट्रिप पर जाने वाले बच्चों में यशराज, अंकिता कुमारी, आशीष कुमार, अमन कुमार, अंकित कुमार, कृष्ण मुरारी, नीतीश कुमार, विपिन कुमार, वंशम राज, ऋषिकेश कुमार सिंह, प्रतिक्षा कुमारी, राखी कुमारी, पीयूष प्रतीक, मयंक पांडेय, विधाता राय, कृष्ण कुमार, सागर कुमार, आलोक मोदी, आर्यन तिवारी, माही पांडेय और पीयूष कुमार पांडेय के नाम शामिल हैं। स्टेशन पर बच्चों के अभिभावकों में महेश राय, अश्वनी कुमार तिवारी, पवन कुमार पांडेय, रामप्रवेश पांडेय, बबलू पांडेय समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

माकपा ने चलाया कोष संग्रह अभियान

कोडरमा। राज्य कमिटी के आह्वान पर दूसरे दिन कोडरमा जिला कमिटी की ओर से झुमरी तिलैया में झण्डा लेकर दल बनाकर कोष संग्रह अभियान चलाया गया। इस दौरान चन्दा संग्रह हेतु पर्चा बांटते हुए दुकानदारों के बींच से संग्रह किया गया। कोष संग्रह में असीम सरकार, का रमेश प्रजापति, का भिखारी राम, का महेन्द्र तुरी, का परमेश्वर यादव, ग्यास उद्दीन, दो ब्रांच सचिव भुना भुईयाँ, कारु सिंह, अजय स्वर्णकार, राजेन्द्र यादव, अभ्रोज्योति, रामलाल दास आदि भाग लिए। यह अभियान 1 से 3 सितम्बर तक जिला में चलाया जा रहा है। आज के अभियान के सफलता पर जिला सचिव असीम सरकार ने कोडरमा की जनता को धन्यवाद दिया।

करंट से भैंस की मौत, प्रशासन से मुआवजे की मांग

हजारीबाग। करंट की चपेट में आने से ओकनी बड़ा शिवमंदिर के पास वार्ड-18 निवासी दीपक गोप की भैंस की मौत हो गई। भैंस की मौत होने से उसके सामने आजीविका की समस्या उत्पन्न हो गयी। इसे लेकर दीपक ने सदर सीओ से 85 हजार रुपए मुआवजे की मांग की है, ताकि परिवार का भरण-पोषण कर सके। इससे संबंधित आवेदन डीसी और लोहसिंगना थाना प्रभारी को भी दिया गया है।

श्री अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय

झुमरीतिलैया। अगवाल समाज की कार्यकारिणी की बैठक श्री अग्रसेन भवन झुमरीतिलैया में हुई। इसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ दारुका और संचालन सह सचिव अनूप सरावगी ने किया। बैठक में जयंती के संयोजक प्रदीप केड़िया को बनाया गया। वहीं इसी महीने नई कमेटी का गठन करने के लिए चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। इसमें चुनाव पदाधिकारी मधुसूदन दारुका, सह चुनाव पदाधिकारी उमाशंकर जगनानी व महेश दारुका को बनाया गया है। इधर जयंती के संयोजक प्रदीप केड़िया ने बताया कि इसी सप्ताह अग्रवाल महिला संगठन, युवा मंच की बैठक कर कार्यक्रम की रुपरेखा पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में कार्यक्रम के परियोजना निदेशक भी चुने जाएंगे। 26 सितंबर को महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना, हवन, शाम में गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, छात्र सम्मान और वभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, दीन दयाल केड़िया, पवन चौधरी, संजय खेमानी, प्रदीप बंसल, संदीप हिसारिया, संजय दारुका, मनोज केड़िया, प्रदीप हिसारिया उपस्थित थे।

केरेडारी के पेटो में अखंड हरि कीर्तन संपन्न

केरेडारी। केरेडारी प्रखंड के पेटो गांव स्थित बुढ़िया माता में आयोजित 24 घंटा के अखंड हरि कीर्तन शुक्रवार के दोपहर संपन्न हो गया। लोग हरे राम हरे कृष्ण के भजन पर रात भर झूमते रहे। पंचायत के लोग दल बल के साथ अखंड हरी कीर्तन में शामिल हुए। हरि कीर्तन में मुखिया पति गुरुदयाल साव, समाजसेवी अशेश्वर यादव, मेघराज राणा, सहाजू महतो, महावीर रजक, हीरामन साव, किशन साव, रघुवीर साव, राजेंद्र प्रसाद, धनेश्वर साव, महावीर साव, अरविंद साव, मनोहर साव, बासुदेव राणा, टिकेश्वर राण, समेत ग्रामीण शामिल थे।

बीमा धारक के आश्रित को मिला बीस लाख रुपए का चेक

चुरचू। गुरुवार को बैंक ऑफ इंडिया चरही शाखा विष्णुगढ़ निवासी स्व चोहनी देवी के पति कार्तिक महतो को 20 लाख रुपए का सुडलाइफ बीमा का दावा राशि प्रदान किया गया। चोहनी देवी के नाम से बैंक ऑफ इंडिया चरही में सुडलाइफ का जमा बीमा राशि संचालन किया जा रहा था। राशि का चेक शाखा प्रबंधक पियूष कुमार ने लाभुक को प्रदान किया। मौके पर शाखा के अधिकारी सुनीता मोनिका पूर्ति, गौतम केशरी, मोनिका श्रीवास्तव, आदित्य गुप्ता, रूबी कुमारी, अंजली कुमारी, आयुष गौतम (रिलेशनशिप मैनेजर), सुनील कुमार (एरिया हेड) सहित कई लोग मौजूद थे।

वन रक्षाबंधन महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

विष्णुगढ़। पर्यावरण एवं वन रक्षा समिति बनासो व चानो के तत्वाधान में पिरींजियाटांड वन में 7 सितंबर को वन रक्षाबंधन महोत्सव सह मेला का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता महादेव मुर्मू ने की। निर्णय लिया गया कि आसपास के गांव टोले में वन रक्षाबंधन महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके अलावा आसपास के शिक्षण संस्थानों के बच्चों की भी इस कार्यक्रम में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। वन रक्षाबंधन महोत्सव को लेकर वन विभाग के पदाधिकारियों के अलावा प्रशासनिक एवं अन्य गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में कोष संग्रह हेतु भी चर्चा की गई। मौके पर अध्यक्ष महादेव मुर्मू, सचिव रमेश टुडू, उपाध्यक्ष सुरेश राम, चेतलाल टूडू, थानेश्वर महतो, पिंकी देवी, चेतन महतो, लालजी मुर्मू, लखन टुडू, शिबू सोरेन, राजू सोरेन, बुधन टुडू, महेश किस्कू, बाबूचंद किस्कू, रामचंद्र राम, बबलू टुडू, दासो मुर्मू, सोमर महतो, डेगलाल महतो, जगरनाथ सिंह, कौशल्या देवी, कमली देवी, चंदवा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

उपायुक्त नैंसी ने जनता दरबार में आए दर्जनों मामलों को निष्पादन के दिये निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर आमजनो से मिली एवं उनकी समस्याओं को जाना। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने के निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में बीपीएल, धान का समर्थन मूल्य, एएनएम नियुक्ति, जमीन, पीएम आवास, अधिग्रहण, रोजगार, मनरेगा, भूमि म्यूटेशन, रजिस्ट्री, राष्ट्रीय राजमार्ग के मुआवजा, पेंशन, भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए जिसे मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

रियाडा के उद्योगपतियों ने सुरक्षा की लगायी गुहार

बरही। उद्योगपति पी के गर्ग के नेतृत्व में रियाडा स्थित विभिन्न फैक्टरियों के उद्योगपतियों ने शुक्रवार को एसडीओ पूनम कुजूर से मुलाकात किया। उद्योगपतियों ने बीते दिन हुए मजदूर सड़क दुर्घटना मामले में धरना प्रदर्शन से काफी विचलित थे। वे एसडीओ से इस प्रकार के प्रदर्शन को गैरकानूनी बताते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग कर रहे थे। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में भविष्य में धरना प्रदर्शन करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रगे थे। एसडीओ ने भी मजदूरों व कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का निर्देश दिया। उन्होंने उद्योगपतियों को नियमानुसार कंपनी चलते हुए कर्मियों व मजदूरों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व ईपीएफ खाता चालू कराने की भी बात कही। जिसे उद्योगपतियों ने स्वीकार करते हुए इसे अतिशीघ्र करवाने की बात कही।

कोडरमा जिले के 25 सौ कर्मचारियों को मिलेगा पुरानी पेंशन योजना का लाभ

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। झारखंड सरकार द्वारा कर्मचारियों की चिर-प्रतिक्षित मांग पुरानी पेंशन योजना को लागू किए जाने से कोडरमा जिले के सरकारी कर्मियों में खुशी का माहौल है। इस जिले में राज्य सरकार के करीब 25 सौ कर्मचारी एवं अधिकारी इस योजना से लाभान्वित होंगे। गुरुवार की शाम राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा इसकी स्वीकृति दिए जाने के बाद से ही कर्मचारियों के समूह में खुशी की लहर है। शुक्रवार की शाम सरकार के इस निर्णय को लेकर जिले के कर्मचारियों ने झुमरीतिलैया में जश्न मनाया। झारखंड स्वास्थ्य सेवा संघ के राज्य उपाध्यक्ष डा. शरद ने सरकार के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि जुलाई महीने में ही कैबिनेट से इसकी मंजूरी दे दी गई थी, परन्तु कुछ अड़चनों की वजह से इसे लागू नही किया जा सका था। अब कमेटी के रिपोर्ट को राज्य सरकार ने 01.09.22 के अपने कैबिनेट से मंजूरी दे दी और तत्काल प्रभाव से पुरानी पेंशन योजना को लागू कर दिया गया। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जारी एसओपी की शर्तों को कर्मचारियों को मानना होगा। राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू करने से 1 दिसंबर 2004 के बाद से योगदान देने वाले सभी कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों में खुशी की लहर है। वहीं जिला में गठित एमएनओपीएस के जिलाध्यक्ष वासुदेव राम, कांति देव, सुधा कुमारी, कार्तिक तिवारी समेत सैकड़ों कर्मियों ने सरकार के इस निर्णय पर खुशी जाहिर की है। वासुदेव राम ने बताया कि कोडरमा जिले में करीब 25 सौ अधिकारी एवं कर्मचारी हैं, जो नई पेंशन योजना के तहत आते हैं। अब इन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने भी राज्य सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे कर्मचारी हित में जरूरी बताया है।

झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ को मिला कुंटू बाबू का समर्थन, कहा

कर्मियों को विभाग करे नियमित अन्यथा भाजपा करेगी आंदोलन

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ विद्युत विभाग में 30 वर्षों से दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मियों के साथ शुक्रवार को भाजपा रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने रामगढ़ विद्युत कार्यालय पहुंचकर पदाधिकारियों से मुलाकात किया। इस क्रम में पदाधिकरियों को सारी स्थिति से अवगत कराते हुए कुंटू बाबू ने बताया की विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल रामगढ़ के अंतर्गत दैनिक भत्ते पर काम करने वाले 16 लोग हैं, जिनको नियमित करने हेतु सभी नामों की सूची विभाग को बहुत पहले भेजी जा चुकी है। पर अभी तक इसपर कोई संज्ञान नही लिया गया है। उन्होंने कहा कि ये मजदूर निष्ठापूर्वक पिछले दस से लेकर तीस वर्षों से अधिक समय से विधुत विभाग को अपनी सेवा देते आए हैं और इनके कार्य को देखते हुए इन्हें एक निश्चित अवधि के

अंदर नियमित किया जाना चाहिए। कहा कि ऐसा नही करने पर भाजपा इन मजदूरों के साथ इनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक वृहत आंदोलन छेड़ने को तैयार है। कुंटू बाबू ने बताया कि कार्यालय में उपस्थित एसी संतोष कुमार सिन्हा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसपर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर परशुराम सिंह यादव, मनोज यादव, विजय महतो, संजय कुमार, राजकुमार, जागेश्वर मुंडा, राजकुमार महतो, सुनील कुमार, अभिमन्यु महतो, प्रसाद महतो, रमेश महतो, बिनोद महतो, मनोज बेदिया, सिंपल राम, कुंदन ओहदार विनोद महतो मौजूद थे।

हजारीबाग जिले में बिजली व्यवस्था चरमरायी

लोग उमस भरी गर्मी और बिजली की कटौती से परेशान

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। जिले में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग उमस भरी गर्मी और बिजली की कटौती से परेशान हैं। आलम यह है कि महज आधे घंटे, एक घंटे के बाद दो से तीन घंटे बिजली की कटौती हो रही है। रुक रुककर बिजली आती-जाती रहती है कभी घंटो गायब रहती है। पावर कट प्रॉब्लम का कोई सॉल्यूशन नहीं निकल पा रहा है। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता महादेव मुर्मू कहते हैं कि हजारीबाग जिले की प्राकृतिक स्थिति को देख ले यहां पेड़ पौधे ज्यादा है जिसके कारण थोड़ी सी भी हवा चलने पर आए दिन पेड़ की डालियां तार पर गिरती रहती है। वह बिजली कटौती के लिए मेंटेनेंस को जरूरी बताते हैं। साथ में इसके लिए डीवीसी को भी

जिम्मेवार ठहराते हैं। कहते हैं कि बिजली की कटौती डीवीसी के पूरे कमांड एरिया में हो रही है। पिछले दो दिनों से बड़कागांव केरेडारी क्षेत्र में मेंटेनेंस के कारण ब्रेकडाउन और ट्रीपिग की स्थिति थी। इससे फीडर नंबर एक दो और तीन से जुड़े बड़कागांव, टाटीझरिया और दूसरे क्षेत्र सट डाउन की स्थिति बन रही थी। शुक्रवार को स्थिति में सुधार हुआ है। इधर डीवीसी ने भी बिजली की कटौती फिर से शुरू कर दी है। इससे फीडर नंबर चार और पांच से जुड़े शहरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। डीवीसी सुबह और शाम बिजली कटौती कर रहा है। कभी कभी रात में भी कटौती कर देता है। इसका कोई समय निर्धारित नहीं है। वहीं पेयजल और बिजली कटौती की वजह से लोग सोशल मीडिया पर प्रशासन और सरकार पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। कुछ लोग जनप्रतिनिधियों को दोषी ठहरा रहे हैं तो कुछ केंद्र एवं राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराते अपना-अपना तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि जिले में मुश्किल से 10 से 12 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। वहीं कई उपभोक्ताओं की शिकायत है कि बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। दिनभर बिजली की आवाजाही उमस भरी गर्मी में पसीना छुड़ा रहा है। बिजली कटने से रात में लोगों की नींद हराम हो जा रही है। कई इलाकों में लोगों को पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है। बिजली कटौती होने पर अभियंता फोन नहीं उठाते हैं न फॉल्ट की जानकारी देते हैं। बिजली की कटौती बेलगाम हो गई है। बिजली विभाग कभी लोड शेडिंग तो कभी मेंटेनेंस की बात कह रहा है। ऐसी स्थिति में इनवर्टर के साथ मोबाइल भी फुल चार्ज नहीं हो पा रहा है। कई इलाकों में लोगों को पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है।

गणपति बप्पा मोरिया अगले वर्ष जल्दी आना... के साथ प्रतिमा का हुआ विसर्जन

नवीन मेल संवाददाता

झुमरीतिलैया। तेरी जय हो गणेश.. आंगना में पधारो गणेश .... गणपति आयो बप्पा रिद्धि सिद्धि लायो ... जैसे भजनों के बीच असना इन्दरवा में स्थापित सार्वजनिक गणेश पूजा समिति युवा फ्रेंडस क्लब के द्वारा आयोजित भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति जागरण में गोता लगाते रहे। शुक्रवार की सुबह 4 बजे तक भक्ति जागरण में धनबाद के जीतु झारखण्डी, कल्पना कुमारी, रामगढ की अल्पना दास ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को खुब झुमाया। इसके पूर्व पंडाल स्थल के समीप खिचडी का भोग का

भंडारा किया गया। भंडारा कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में नप के निवर्तमान उपाध्यक्ष संतोष यादव एवं समाजसेवी रजनी बाला, वार्ड पार्षद बाल गोविन्द मोदी, वार्ड पार्षद अरूण चन्द्रवंशी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि भगवान गणेश का हर गुण हमें जीवन में सफलता का एक मंत्र देते है। जागरण कार्यक्रम में साज पर पंकज कुमार पासवान, आनन्द मुखर्जी, राहुल राज उपस्थित थे। वहीं शुक्रवार की संध्या में एक सुसज्जित वाहन में भगवान गणेश की प्रतिमा को विराजमान कर भ्रमण कराया गया। इसके बाद असना इन्दरवा छठ तालाब में भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जित की गई। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों के द्वारा गणपति बप्पा मोरिया अगले वर्ष जल्दी आना ... नारे लगाए गए। विसर्जन के पूर्व हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर समिति के पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

पुरानी पेंशन लागू होने पर राष्ट्रीय आंदोलन के सदस्यों ने मनायी खुशी

एक दूसरे को खिलाया मिठाई, लगाया अबीर गुलाल

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के सदस्यों ने शुक्रवार को राज्य में पुरानी पेंशन लागू किये जाने की खुशी में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि हम राज्य में पुरानी पेंशन लागू करने की लंबे समय से मांग करते आ रहे थे। जो अब पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि इसमें हमारी एकता काम आई। कहा कि राज्य के सभी विभाग के कर्मियों ने इसको लेकर आंदोलन किया और अपनी एकता प्रदर्शित की। जिस कारण राज्य में पुरानी पेंशन लागू की गई है। कहा कि हम इसके लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। मौके पर जिला सरंक्षक गुलाम साबरी, सह संयोजक सीताराम साव, बुद्धदेव मुंडा, विजय राम, मेघनाथ महतो, मुकुल प्रसाद, अरुण कुमार, कुलदीप कुमार, मुन्ना यादव, चंद्र मोहन, सोहन प्रजापति, अरुण कुमार, राजदीप कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

मोबाइल दुकान चोरी का पुलिस ने किया उद्भेदन एक आरोपी गिरफ्तार

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र के घंघरी, मेरमगड्डा स्थित संजय इलेक्ट्रॉनिक दुकान में छह माह पूर्व एक चोरी कांड का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए चोरी के तीन मोबाइल फोन को रिकवरी समेत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त राजेश टुड्डू ग्राम पातीतिरी, गोरहर ने चोरी करने के अपराध को स्वीकार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के निशानदेही पर तीनों मोबाइल फोन को बरकट्ठा, गोरहर और झरिया, धनबाद से बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के स्वास्थ्य जांच के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म की पूजा विधि पूर्वक हुई संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ स्तिथ श्री दिगंबर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्तिथ श्री पार्श्वनाथ जिनालय में शुक्रवार को दशलक्षण महापर्व के तीसरे दीन उत्तम आर्जव धर्म का पूजा विधि पूर्वक संपन्न हुई। इस मौके पर श्री दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में जलाभिषेक अमराओ देवी पाटनी, मानिक पाटनी, अंकित पाटनी, जीवन मल जम्बू पाटनी, राजेश पंडित द्वारा संपन्न किया गया। वहीं, रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में दीपक बड़जात्या द्वारा जलाभिषेक का अनुष्ठान संपन्न किया गया। श्री दिगंबर जैन मंदिर में शांतिधारा सुनील सेठी, संजय सेठी, नितेश सेठी, भागचंद, अजय कुमार लोहारिया (हजारीबाग) द्वारा संपन्न किया गया। जबकि रांची रोड के श्री पार्श्वनाथ जिनालय में इन्दरमणी देवी चूड़ीवाल, ललित चूड़ीवाल द्वारा शांतिधारा का अनुष्ठान विधि पूर्वक संपन्न किया गया। मौके पर देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही भजन प्रतियोगिता एवम नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता की प्रोजेक्ट चेयरमैन उषा अजमेरा एवम कशिश सेठी थीं।

उत्तम आर्जव धर्म का अर्थ

मौके पर आचार्य ने श्रद्धालुओं को उत्तम आर्जव धर्म के संबंध में बताते हुए कहा कि ऋजोर्भावः इति आर्जवः-अर्थात आत्मा का स्वभाव ही सरल स्वभाव है। इसलिये प्रत्येक प्राणी को सरल स्वभाव रखना चाहिये। कहा कि यह आत्मा अपने सरल स्वभाव से च्युत होकर पर-स्वभाव में रमते हुए कुटिलता से युक्त ऐसे नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देव इन चारों गतियों में भ्रमण करते हुए टेढ़ेपन को प्राप्त हुआ हैं। इसके इस स्वभाव के निमित्ति से यह आत्मा दिखावट, बनावट, छल, कपट और पापाचार इत्यादि को प्राप्त होकर आप दूसरों के द्वारा ठगाने वाला हुआ है। आचार्य ने कहा कि जब यह आत्मा मन, वचन, काय से सम्पूर्ण पर-वस्तु से विरक्त होकर अपने आप में रत होता है तब यह जीवात्मा अपने सरल स्वभाव को प्राप्त होकर पर-वस्तु से भिन्न माना जाता है तभी यह सुखी हो जाता है।

बताया कि उत्तम आर्जव धर्मः धर्म का श्रेष्ठ लक्षण आर्जव है। आर्जव का अर्थ सरलता है। मन-वचन-काय की कुटिलता का अभाव वह आर्जव है। कपट सभी अनर्थों का मूल है। प्रीति तथा प्रतीति का नाश करने वाला है। कपटी में असत्य, छल, निर्दयता, विश्वासघात आदि सभी दोष रहते हैं। कपटी में गुण नहीं किन्तु समस्त दोष रहते हैं। मायाचारी यहां अपयश को पाकर फिर नरक-तिर्यंचादि गतियों में असंख्यातकाल तक परिभ्रमण करता है। मायाचार रहित आर्जवधर्म के धारक में सभी गुण रहते हैं। समस्त लोक की प्रीति तथा प्रतीति का पात्र होता है। परलोक में देवों द्वारा इंद्र-प्रतीन्द्र आदि होता है। अतः सरल परिणाम ही आत्मा का है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंकिता की हत्या का किया विरोध

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष नरेंद्र पाल के नेतृत्व में झारखंड की बेटी अंकिता को न्याय दिलाने एवं उसके हत्यारे शाहरुख हुसैन एवं छोटू मियां को फांसी की सजा दिलाने हेतु पार्टी कार्यकर्ता हाथों में अंकिता को न्याय दो, अंकिता के हत्यारे को फांसी दो, महिला विरोधी राज्य सरकार शर्म करो, हेमंत सोरेन हाय हाय, तुष्टीकरण की नीति बंद करो, की तख्तियां लेकर बजरंगबली मन्दिर से समाहरणालय तक आक्रोश रैली सह विरोध प्रदर्शन किया। समाहरणालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल झारखंड के नाम ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, अनूप जोशी, श्रीमती कांति देवी, सूरज मेहता, अनामिका देवी, राजकुमार यादव, राजेश कुमार सिंह, जाहिद हुसैन, प्रवीण कुमार पांडे, चंदन सिन्हा, बिट्टू सिंह, सचिंद्र शर्मा, राजू यादव, मुकेश यादव, पिंटू श्रीवास्तव, अभय कुमार, उदय कुमार, संदीप यादव, बाबू ,रमेश भारती ,राजेंद्र पासवान, रवि राम, सुधीर शर्मा, राजकुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, सोनू श्रीवास्तव, राजा गुप्ता, फुटरा सिंह, मनोज पांडे, रंजीत पांडे, सुनील कुमार यादव, गणेश राम, सन्तोष यादव, गुड्डू कुमार शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

पिकअप वाहन के टक्कर से बिजली खम्भा और बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सेन्हा राम मुहल्ला में देर रात मिक्कर मशीन टोचन कर ले जा रहा पिकअप मालवाहक गाड़ी के टक्कर से बिजली खम्भा व डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा टूट गया। जिससे मुहल्ला वासी वाहन चालक के विरुद्ध आक्रोशित हो गये। वहीं घटना की सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत दलबल के साथ पहुंच पिकअप जे एच 08 सी 6341 को अपने कब्जे में लेते हुए घटना का तहिकात करते हुए मिक्कर मशीन एवं पिकअप को थाना लाया गया। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने क्षतिपूर्ति को लेकर गाड़ी मालिक से गुहार लगया था। जिसे मालिक के इनकार करने पर ग्रामीण व मालिक के बीच विवाद हो गया। वही मौके पर पुलिस पहुंच अग्रेतर कारवाई में जुट गई। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली संचालित नही होने के कारण बड़ी हादसा टल गया।

डोभा में डूबने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत

कैरो/लोहरदगा। कैरो थाना क्षेत्र के सढ़ाबे निवासी 12 वर्षीय अमित उरांव पिता गणेश उरांव का डोभा में डूबने से मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार अमित उरांव सढ़ाबे खेल मैदान से नीचे खोदे गए डोभा में नहाने गया था जिसमे डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कैरो थाना के ए एस आई धर्मेंद्र कुमार व एस एन दास दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक जांच पड़ताल करते हुए पोस्टमास्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। बच्चे की मृत्यु से परिवार व परिजनो में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

नशे में धुत स्कूटी सवार गिरकर घायल

सिमडेगा। ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुड़गुड़ टोली निवासी जंक्शन माझी नशे में धुत होकर मोटरसाइकिल से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल पूर्व विधायक विमला प्रधान के बॉडीगार्ड सहित अन्य लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घायल टुकूपानी पंचायत के उप मुखिया हैं और नशे में धुत होकर स्कूटी चला रहे थे ।इसी दौरान अपने ही स्कूटी से गिरकर घायल हो गए घटना के बाद सदर अस्पताल में से रखा गया है। हालांकि मुंह से लगातार खून की उल्टी हो रही है इसलिए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर ले जाने की बात कही।

आपसी विवाद में पति ने की पत्नी की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

पाकरटांड। थाना क्षेत्र के किनबीरा गांव में पति-पत्नी के बीच हुई झड़प के बाद गुस्साए पति ने अपनी पत्नी को धारदार हथियार से गला रेत कर फरार हो गया। घटना की सूचना शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों को हुई तब इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। घटना के बारे में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अमित कुमार राय ने बताया कि किनबिरा निवासी मतन राम घर में अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर नोकझोक किया और रात में खाना खाकर पत्नी सोई उसके बाद जब गहरी नींद में थी तब उठकर धारदार हथियार से उसकी गला रेत कर फरार हो गया। वहीं पुलिस आरोपी को अभियान चलाते हुए गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ कर रही है। इधर उसके विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि इधर ग्रामीणों का कहना है कि पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती है।

लोहरदगा में ए वन कोचिंग सेंटर व मेडिसिन पॉइंट का उद्घाटन

लोहरदगा। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बरवाटोली चौक स्थित रिलायंस ट्रेंड्स के सामने ए वन कोचिंग सेंटर व मेडिसिन पॉइंट का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कर्ता पूर्व विधानपरिषद सदस्य प्रवीण सिंह, ओमप्रकाश सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष चोंहस कुजूर, पूर्व सेन्हा प्रमुख कलावती देवी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर कोचिंग सेंटर व मेडिसिन पॉइंट के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मौके पर पूर्व विधानपरिषद सदस्य प्रवीण सिंह ने कहा कि ए वन कोचिंग सेंटर जिले के विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यहाँ मेडिसिन पॉइंट भी है जहाँ सभी प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। वही कोचिंग सेंटर की संचालिका पूर्व प्रमुख कलावती देवी ने सेंटर की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि इस कोचिंग सेंटर में कक्षा एक से दस तक के बच्चों को उच्च शिक्षा की व्यवस्था है। वही प्रतियोगिता परीक्षा को देखते हुए नवोदय विद्यालय, नेतरहाट विद्यालय के लिए विशेष कोचिंग क्लास कराई जाएगी। यहा अनुभवी शिक्षकों के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाएगा। गरीब बच्चों के लिए कम फीस में भी पढ़ाई की व्यवस्था है। मौके पर हेमंत अग्रवाल, सामेला भगत, संगीता कुमारी, देवव्रत साहू, अजय पंकज, मनीष शिखर, पशुपतिनाथ पारस, सुरज दसौंधी, सुमि उरांव, अनिल उरांव, राजकुमार वर्मा, राधिका देवी, मकदली टोप्पो, सूरज कुमार, उत्तम कुमार, सुखदेव उरांव, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, किशुन उरांव, धारी भगत समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

मोटरसाइकिल सवार ने टेंपो को मारी टक्कर दो लोग घायल

सिमडेगा। सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमडेगा कुरडेग मुख्य मार्ग गरजा चौक के समीप शुक्रवार की दोपहर में एक मोटरसाइकिल सवार ने स्कूली बच्चों से भरा टेंपो को टक्कर मारी जिसके बाद टेंपो से गिरकर एक बच्चे का पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि मोटरसाइकिल सवार खुद गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ हो गई जिसके बाद लोगों ने पीसीआर एवं एंबुलेंस को बुलाया एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए दोनों ही घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोचेडेगा टोकिडुबा निवासी मुकेश प्रधान सिमडेगा की ओर से जा रहा था। इसी दौरान संत अन्ना स्कूल के बच्चों से भरी टेंपो को टक्कर मारी जिसमे कोचेडेगा चिमोटोली निवासी 13 वर्षीय रितेश डुंगडुंग गिरकर घायल हो गया। इधर सदर अस्पताल में दोनों ही घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया है जहां पर उनकी इलाज चल रही है। समाचार लिखे जाने तक मोटरसाइकिल चालक मुकेश की स्थिति नाजुक बनी हुई थी।

डीडीसी की अगुवाई में मिशन अमृत सरोवर की हुई समीक्षा बैठक, कहा

भूमि संरक्षण विभाग को 34 तालाबों के जीर्णोद्वार का कार्य जल्द पूर्ण किये जाने का निर्देश

■ हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को सीएसआर के अंतर्गत 05 नये तालाबों के निर्माण का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में मिशन अमृत सरोवर की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में भूमि संरक्षण पदाधिकारी को भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा के द्वारा 34 तालाबों के जीर्णोद्वार का कार्य जल्द पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 23 तालाबों के जीर्णोद्वार का कार्य पूर्ण हो चुका है। भूमि संरक्षण पदाधिकारी को सभी तैयार तालाबों के चारों ओर पौधरोपण कराये जाने का निदेश दिया गया। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को सीएसआर के अंतर्गत 05 नये तालाबों के निर्माण के लिए निदेश दिया गया कि तालाब निर्माण के लिए अपने बोर्ड में इसकी स्वीकृति जल्द लेकर निर्माण कार्य प्रारंभ करायें। लघु सिंचाई प्रमंडल कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि अगले दो दिनों के अंदर 08 तालाबों का संशोधित प्राक्कलन तकनीकी स्वीकृति के साथ जल छाजन प्रकोष्ठ-सह-आंकड़ा केंद्र, लोहरदगा को उपलब्ध करा दें। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज सीएसआर हेड नीरज कुमार, जल छाजन प्रकोष्ठ-सह-आंकड़ा केंद्र लोहरदगा के तकनीकी विशेषज्ञ प्रिंस कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

रैयत को भूमि अधिग्रहण संबंधी नोटिस दी जाये

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में ललित नारायण स्टेडियम के मुख्य द्वार के सामने पहुंच पथ एवं पार्किंग हेतु रैयती भूमि के अधिग्रहण हेतु गठित समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह उच्च प्राथमिकता की परियोजना है, अतः रैयत भूमि का अधिग्रहण किया जाना चाहिए। सभी बिंदुओं के अवलोकन के पश्चात उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि रैयत को भूमि अधिग्रहण संबंधी नोटिस दी जाय। बैठक में अपर समाहर्ता गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीषा तिर्की, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, जिला अवर निबंधक, लोहरदगा उपस्थित थे।

अपनी समस्याओं को लेकर मजदूरों ने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के नेता राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मजदूरों ने शुक्रवार को परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में मजदूरों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर बैठक का आयोजन किया। इस दौरान मजदूरों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को मजदूर नेता ने बारी-बारी से सुना। जिसके बाद उन समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही। अपने संबोधन में मजदूर नेता ने कहा कि लगातार क्षेत्र में मजदूरों का शोषण जारी है। लेकिन इसके बावजूद भी विभागीय एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के उदासीन रवैया के कारण उनका लगातार शोषण हो रहा है। आज कई जगहों पर काम कराने के बावजूद उन्हें भुगतान नहीं की गई है और कहीं पर काम किया भी जा रहा है तो वहां पर सरकारी दर के अनुसार उन्हें मूल्य भी नहीं मिल रहे हैं। मजदूरों का शोषण हो रहा है जिसे यह संघ बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने सभी मजदूरों को नशा पान से दूर रहने एवं संगठित रह कर कार्य करने तथा शोषण के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने की बात कही। उन्होंने छूटे हुए मजदूरों को श्रम विभाग की ओर से बनाए जा रहे ई-श्रम कार्ड को जल्द से जल्द बनवाने की बात कहीं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीना के 1 तारीख को संघ की बैठक का आयोजन किया जाएगा ताकि संगठन को और भी मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जा सके। वहीं उन्होंने आगामी 17 सितंबर को सभी मजदूर संघ के सदस्यों के साथ मिलजुल कर विश्वकर्मा पूजा मनाने को लेकर चर्चा किया। जहां पर बताया गया कि नगर भवन सिमडेगा में वृहद पैमाने पर सभी मजदूरों के साथ मिलकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों को इस पूजा के लिए सहयोग एवं पूरे तन मन धन से मदद की अपील की। उन्होंने कहा जिले के उपायुक्त से मुलाकात करते हुए मजदूरों की विभिन्न प्रकार की समस्या और बाहरी लोगों के द्वारा यहां पर मजदूरों का शोषण इन सभी प्रकार के मामलों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा ताकि मजदूरों का शोषण पर अंकुश लग सके।

झामुमो नेताओं के पहल पर ईदगाह मोहल्ला में 15 दिनों बाद लगा ट्रांसफार्मर

सिमडेगा। शहर के ईदगाह मोहल्ला का 200 केवीए जाला हुआ टांसफार्मर 15 दिन बाद शुक्रवार को लगा। शहर के वार्ड नम्बर 15 में 200 केवीए का टांसफार्मर झामुमो संजोयक मंडली के सदस्य सफीक खान के प्रयास से बिजली बहाल हुआ। ईदगाह मोहल्ला के सभी लोगों मे खुशी का माहौल देखने को मिला। जिसका उद्घाटन सफीक खान ने फीता काट कर की। उन्होंने कहा बिजली विभाग के लापरवाही के कारण इतना समय लग गया। अगर बिजली विभाग के पदाधिकारियों अपना कार्य सही समय करते तो पहले ही बिजली बहाल हो सकता था। इस टांसफार्मर को लेकर सफीक खान ने बिजली विभाग के जीएम और एमडी को भी पत्र लिखा तब जाकर 200 केवी नया टांसफार्मर उपलब्ध हुआ। इस अवसर पर मुख्य रुप से झामुमो संजोयक मंडली के सदस्य सफीक खान, ओस्कार डांग, नील जस्टिन बेक, बिरेन्दर बड़ा, सिकन्दर बरवा, सन्दीप मिंज, मो अंजार, मो लडन, मो जियाउल रुफी और काफी संख्या मे ईदगाह मोहल्ला के लोग उपस्थित थे।

करमा पर्व के अवसर पर रोहित उरांव ने किया मांदर का वितरण, कहा

करमा पर्व सिर्फ त्योहार मात्र नहीं बल्कि प्रकृति पूजन का संदेश है

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। सूबे के वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित उरांव के द्वारा भंडरा एवं कैरो प्रखंड के ग्राम धोबली, बंडा, छोटा अम्बेरा, मुकुंदा, कुंदो, कांजो, पंडरिया, बड़ा अम्बेरा, कैरो जामुन टोली, टाटी,गीतिलगड, गराडीह, ख्वास अंबवा,नगड़ा एवं बख्सि आदि गांवो मे करमा पर्व धूम-धाम से बनाने के लिए रोहित उरांव ने किया मांदर का वितरण। मौके पर रोहित उरांव ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुवे कहा की हम इस पर्व के माध्यम से अपनी सभ्यता और संस्कृति को और मजबूत बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि करमा सिर्फ त्यौहार मात्र नहीं है, बल्कि यह कई संदेश भी हमें देता है। ये पर्व मानव जीवन का प्रकृति से अटूट लगाव को दशार्ता है। सदियों से मानव सभ्यता और प्रकृति के बीच के समन्वय को बताता है। यहां चलना ही नृत्य है और बोलना ही गान है। करमा पर्व इसी की पहचान है। कहा की अपनी संस्कृति को बचना एवं धूम-धाम से करमा पर्व बनाने का बात कही। आदिवासी समाज के युवकों को अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को आगे बढ़ाने की जिमेवारी होनी चाहिए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, संतोष महतो, असलम अंसारी, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष डोमना उरांव, बुधवा उरांव, सुशील उरांव, हरिदास उरांव, बिगा पहान, बिरशु उरांव, नारायण उरांव, शिव उरांव, विजय उरांव। आदि उपस्थित थे।

कैम्प आयोजित कर 20 लोगों का ऑन द स्पॉट बनाया गया लर्निंग लाइसेंस

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा/ठेठईटांगर। अगस्त महीने से प्रखंडों में भी ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए जाएंगे। इसके लिए सभी प्रखंडों में कैंप लगाया जाएगा। प्रखंडों में विशेष कैंप लगने से ग्रामीण क्षेत्र के लोग आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस बनवा पाएंगे। परिवहन विभाग के निर्देश पर जिला परिवहन कार्यालय ने कैंप लगाने का फैसला लिया है। जिला परिवहन कार्यालय ने कहा है कि जो लोग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना चाहते हैं, उनको प्रखंडों में ही आवेदन करने का मौका मिलेगा। इसकी शुरूआत शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय ठेठईटांगर में कैम्प आयोजित कर की गई। कैम्प आयोजित करते हुए शुरू दिन ही 20 लोगों का 'ऑन द स्पॉट' लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। वहीं अन्य प्रखंडों के लिए कैंप करने की तिथि तय की गई है। जिसके अंतर्गत दिनांक 08.09.2022 को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, बोलबा में,12.09.2022 को प्रखंड सह अंचल कार्यालय केरसई में, 13.09.2022 को प्रखंड सह अंचल कार्यालय कुरडेग में, 15.09.2022 को प्रखंड सह अंचल कार्यालय पाकरटांड़ में,19.09.2022 को प्रखंड सह अंचल कार्यालय कोलेबिरा में, 20.9.2022 को प्रखंड सह अंचल कार्यालय बानो में, 23.09.2022 को प्रखंड सह अंचल कार्यालय जलडेगा में एवं 27.09. 2022 को प्रखंड सह अंचल कार्यालय बांसजोर में कैंप लगाया जाएगा।

पास के प्रज्ञा केंद्र से भरना होगा फॉर्म : डीटीओ

डीटीओ ओमप्रकाश यादव ने बताया कि आवेदक को पहले खुद या अपने पास के प्रज्ञा केंद्र से लर्निंग लाइसेंस फॉर्म आवेदन करना होगा। यहीं पर कंप्यूटर पर लर्निंग लाइसेंस का टेस्ट होगा। जिसके बाद उन्हें लर्निंग लाइसेंस ऑन द स्पॉट दिया जाएगा। मौके पर लर्निंग लाइसेंस लेने आए हुए आवेदकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई एवं उन्हें जागरूक किया गया। साथ में सभी को बताया गया कि लर्निंग लाइसेंस के 1 महीने पूरे होने के पश्चात परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन खुद या नजदीक के प्रज्ञा केंद्र से करा कर जिला परिवहन कार्यालय में जमा करना होगा। जिसके बाद उनका ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा। जिन आवेदकों द्वारा ड्राइविंग टेस्ट पास कर लिया जाएगा उन्हें परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत कर दिया जाएगा। मौके पर परिवहन कार्यालय अधीक्षक रामनिवास मिश्रा, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि, कंप्यूटर ऑपरेटर बरनावस सुरीन, सड़क अभीयांत्रिक विश्लेषक चंदन कुमार एवं देवशरण देव उपस्थित थे।

ठेठईटांगर गणेश पूजा पंडाल में नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। गणेश पूजा के अवसर पर बुधवार की रात्रि ठेठईटांगर बाजारटांड पूजा पंडाल में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने भजन एवं गीतों की धुन पर एक से बढ़कर एक नृत्य और दर्शकों की वाहवाही पाई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में ठेठईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि छोटे से क्षेत्र में इस तरह का आयोजन सराहनीय है केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि खेलकूद एवं अन्य कलाकार डांस में भी अपना कैरियर बनाया जा सकता है। इस तरह का आयोजन से स्थानीय कला निखर कर सामने आती है, इससे समाज में एकता आती है। उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। प्रतियोगिता में प्रथम निरज रॉय, द्वितीय अनन्या कुमारी, दीक्षा कुमारी, साक्षी कुमारी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही वहीं विजय प्रतिभागियों को प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एवं अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया, साथ ही विसर्जन जुलूस बृहस्पतिवार की शाम को निकाला गया। जिसमें ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज शामिल हुए एवं नाचते गाते छठ तलाब में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा कमेटी के अध्यक्ष परमानंद कुमार, उपाध्यक्ष अविनाश कुमार सचिव अभिषेक प्रधान, कोषाध्यक्ष गौरव महतो, एवं कमेटी के सदस्यगन राजा बड़ाईक, उमेश बडाईक, अमीत बडाईक, कृष कुमार, सिंटू कुमार, गौतम कुमार, राहुल कुमार, विशाल सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जोसिमा खाखा के नेतृत्व में कांग्रेसियों का एक दल दिल्ली रवाना

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। 4 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ महारैली में भाग लेने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता शुक्रवार को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा सह पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा के नेतृत्व में रवाना हुए। सभी कांग्रेसी एक बस में दिल्ली के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व कांग्रेसियों से नारेबाजी भी की। जानकारी देते हुए सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने बताया कि 4 सितंबर 2022 को दिल्ली के रामलीला मैदान में महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल रैली आयोजित की गई है। जिसमें पूरे देश के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे और केंद्र सरकार की गलत नीतियों का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि साल 2014 में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 410 से 430 रुपये के आसपास थी। जिसमें आज 158% की वृद्धि हो गई है। आज 1000 रुपए से भी अधिक में गैस सिलेंडर मिल रहे हैं। इसी तरह पेट्रोल, डीजल, सरसो तेल, गेहूं आटा सब का दाम बढ़ा हुआ है। इससे आम जनता परेशान हैं। कहा कि खाने पीने की वस्तुओं पर टैक्स नहीं लगाने की बात कहने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने आटा चावल पर भी जीएसटी लगा दिया है। इसके साथ ही दूध की कीमतें भी बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं ने लगातार जनता की आवाज को प्रमुखता से उठाया है। मौके पर कांग्रेस नेत्री जोसिमा खाखा ने कहा कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों की वजह से महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि देश में हर वर्ग का नागरिक जहां एक ओर बेतहाशा महंगाई से त्रस्त है। देश में बेरोजगारी भी अपने चरम पर पहुंच गई है। भाजपा सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़कर, जनता के सरोकार से कोसो दूर निकल गए। जिसके लिए देश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगीकरांची जाने वालों में जिला बिस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, विधायक प्रतिनिधि,जिप सदस्य आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

लोहरदगा में लव जिहाद : धर्म छिपाकर नाबालिग से किया यौन शोषण, पोल खुलने पर कुएं में ढकेला

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा जिले में लव जिहाद का मामला प्रकाश में आया है। यहां एक नाबालिग लड़की लव जिहाद का शिकार हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दूसरे समुदाय के युवक ने अपना धर्म छिपा कर पहले लड़की से दोस्ती की, फिर प्यार का ढोंग रचाया और उसके साथ यौन शोषण किया, जब उसकी सच्चाई सामने आई तो उसने लड़की को कुएं में धकेल कर जान से मारने की कोशिश की। हालांकि लड़की किसी तरह जान बचाकर अपने घर पहुंच गई। परिवार वालों को सारी बात बताई। मामले की जानकारी मिलते ही समाज के लोग भी पीड़िता की मदद के लिए आगे आए। यही वजह है कि अब आरोपी सलाखों के पीछे हैं। लोहरदगा के डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि लोहरदगा महिला थाना कांड संख्या 26/ 2022 में भादवि की धारा 376, 427, 379, 417, 307 और सिक्स पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जाता है कि लोहरदगा जिले की 17 वषीर्या नाबालिग के पास 6 महीने पहले एक अनजान युवक रबानी अंसारी का कॉल आया जो रांची जिले के मांडर थाना के नवाटाड़ का रहने वाला है। उसने नाबालिक लड़की को कॉल कर अपना नाम साजन उरांव बताया।

मीठी-मीठी बातों के जाल में उसे फंसाया। दोस्ती की बात कह कर अक्सर फोन करने लगा। मिली जानकारी के अनुसार लड़की भी उसके झांसे में आ गई। प्यार का वास्ता देकर उसने उसको रांची बुलाकर फरवरी से जुलाई माह तक कई किराए के मकान में रख उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया।

इसी बीच लड़की को उसका असली नाम रबानी अंसारी और उसके शादीशुदा होने का भी पता चल गया। इसके बाद लड़की ने विरोध जताना शुरू कर दिया। इस बीच आरोपी लड़के ने उसके साथ अंतरंग वीडियो भी बना लिया था, जिसे उसने नाबालिग पर दबाव बनाने के लिए वायरल कर दिया।

विरोध करने पर कुएं में धकेल दिया : लड़की को अपने गांव नवाटाड़ ले जाने के क्रम में रास्ते से हटाने के लिए उसने उसे गांव के पास खेत के कुएं में धकेल दिया। उसने उसे ऊपर से पत्थर भी मारे। यह नाबालिग की किस्मत थी कि उसकी जान बच गई और वह वहां से किसी तरह भागकर लोहरदगा आ गई।

हिंदू सनातन संगठनों ने की कार्रवाई की मांग : इधर इस घटना से हिंदू सनातन संगठनों में काफी आक्रोश है। हिंदू संगठन के सतीश पांडे ने कहा धर्म और नाम छुपा कर समाज की लड़कियों को झांसे में लेने और उनका यौन शोषण करने धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश लगातार की जा रही है, सरकार और प्रशासन को ऐसे लोगो पर सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए हम इसका मांग करते है। वही पीड़ित ने भी अपनी आप बीती बताई और न्याय की गुहार लगाई।

शिवाजी क्लब बरसलोया में गणेश पूजा के शुभ अवसर पर हुआ बाल नृत्य का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। प्रखंड अंतर्गत बरसलोया में गणेश पूजा उत्सव और बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं बच्चों के द्वारा बाल नृत्य का आयोजन किया गया। गांव के मुखिया के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसके बाद गांव के बच्चों ने अनेकों तरह की प्रस्तुति गीत संगीत नृत्य आदि की प्रस्तुति किया जिसका पूरे गांव के लोगों ने बच्चों के कार्यक्रम में उपस्थित होकर उनका मनोबल और उत्साह बढ़ाया। बच्चों के नृत्य ने लोगों को अपनी और आकर्षित किया। वही कार्यक्रम के बाद सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया, जहां बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार आकाश सिंह, द्वितीय पुरस्कार साक्षी कुमारी, एवं तृतीय पुरस्कार श्रुति कुमारी को दिया गया। मौके पर शंभू नाथ साहू, मुखिया संदीप सद मुंडा, भाजपा प्रखंड महामंत्री रोहित साहू, महावीर सोनी, कमेटी के सदस्य शंभू साहू, दीपक साहू, रूपेश साहू, चंदन साहू, अमित सिंह, अंकुर साहू, विक्रम साहू, राहुल साहू, धनेश राम, आदर्श साहू के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

गणेश चतुर्थी के अवसर पर भंडारा का आयोजन

मेदिनीनगर। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर शहर के जैन मंदिर रोड स्थित गणेश पूजा पंडाल के प्रांगण में मध्यदेशीय युवा समाज के संरक्षक प्रभात कुमार गुप्ता के द्वारा गुरुवार की शाम 5:00 बजे भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इस संबंध में प्रभात कुमार गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर मध्यदेशीय परिवार की ओर से गुरुवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया था। इस भंडारा में सैकड़ों श्रद्धालु ने पूजा पंडाल पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि भंडारा आयोजन के दौरान पूजा समिति के लोगों ने भी मिलकर सहयोग किया।

राजद की बैठक में प्रखंड व नगर अध्यक्ष का चयन

मेदिनीनगर। विश्रामपुर नगर मुख्यालय स्थित सोरडीहा में राजद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के सभी 10 पंचायत व नगर परिषद के सभी 20 वार्ड के राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड व नगर अध्यक्ष चुनाव को लेकर चर्चा की गई। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से विश्रामपुर प्रखंड का राजद अध्यक्ष सतेंद्र यादव तथा सिराजुद्दीन अंसारी को दुबारा नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। चुनाव प्रभारी कैलाश यादव व धीरेंद्र सिंह पप्पू की देख-रेख में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। मौके पर धीरेंद्र सिंह पप्पू ने कहा कि पंचायत व प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को मजबूत किया जा रहा है। संगठन में पुराने कार्यकर्ताओ को तहजीब व जिम्मेवारी दी जा रही है। कमेटी में अनुभवी व युवा का मिश्रण कर जिम्मेवारी बांटी जा रही है। राजद नेताओ ने नवनियुक्त नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी व प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव को माला पहनाकर सम्मानित करते हुये बधाई दी। मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश चौबे,गया सिंह,राजेंद्र सिंह,वीरेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, राजेंद्र कुमार यादव,मंसूर अंसारी,निजाम अंसारी,नरेश यादव,सुरेश यादव,मुबारक अंसारी,नागेंद्र यादव,देववंशी सिंह,इद्रीश अंसारी,प्रवेश यादव,आफताब अंसारी,इस्लाम अंसारी,राजाराम मेहता,तैहरुन बीबी सहित कई राजद नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर अनम्या ने विद्यालय का मान बढ़ाया

मेदिनीनगर। एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के प्रांगण में एक सितबंर को विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों मे अनम्या पांडेय ने ओलंपियाड में पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त पलामू जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभिनव सिन्हा ये दोनों इस समारोह में सम्मिलित थे। इन दोनों विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं धनराशि के द्वारा सम्मानित किया गया । अनम्या पांडेय को 5000 एवं अभिनव सिंहा को 2100 का चेक प्रदान किया गया। दोनों छात्रों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ.जीएन खान ने कहा कि ये विद्यार्थी विद्यालय एवं अपने माता-पिता के गौरव हैं। भविष्य में इनकी उड़ान और ऊंची हो सकती है । पूत के पांव पालने में पहचान कर हम उन्हें और भी उत्कृष्ट बनाने का प्रयास करेंगे। झारखंड जोन के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि छात्रों में बचपन से ही प्रतिस्पर्धा का भाव जागृत करने से उन्हें भविष्य में उन्नति करने में कोई कठिनाई नहीं होती है । उन्होंने दोनों बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी का संदेश बताते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

धोती,साड़ी व लूंगी की गुणवत्ता में सुधार करे राज्य सरकार:रेणु देवी

नावाबाजार। झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय सचिव सह नावाबाजार प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख रेणु देवी ने दो सितंबर को प्रेस बयान जारी कर कहा है कि हेमन्त सरकार को सोना सोबरन योजना के तहत गरीबों के बीच नियंत्रित दर पर वितरित किये जानेवाले धोती,साड़ी व लूंगी की घटिया गुणवत्ता पर विचार कर गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए। भले ही इस योजना में 10 के बदले सरकार 30 वसूली कर ले। जारी बयान में उन्होंने कहा कि यह दु:ख की बात है कि अबूआ दिशोम राज में भी कमिशन के चक्कर में घटिया वस्त्रों की खरीद कर गरीबों की भावनाओं के साथ जानबूझकर खिलवाड़ किया जा रहा है,जो चिंतनीय बात है। ज्ञातव्य है कि कल्याणकारी राज्य में नियंत्रित दर पर घटिया धोती,साड़ी व लूंगी के वितरण से भीषण गर्मी व जाड़े में इस प्रकार के कपड़ों का प्रयोग मुश्किल है। क्या टेरीकोट व पोलिस्टर के इन कपड़ों का प्रयोग सत्ताधारी व विपक्ष के राजनेता व अधिकारी गण कर सकते हैं। बयान के अंत में जेकेएम के केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रमुख ने कहा है कि जिन्होंने गरीबी को नजदीक से देखा है। उन्हें मालूम है कि इन कपड़ों का दैनिक जीवन में प्रयोग के बाद बच्चों को गांती बांधने,पर्दा करने से लेकर घर लिपने के लिए पोतन के रुप में लोग प्रयोग के करते हैं। ऐसे में धोती,साड़ी व लूंगी की गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य सरकार को निर्णय लेना चाहिए। अन्यथा इसके लिए जेकेएम आन्दोलन करेगा।

दो ट्रक की टक्कर में तीन घायल

सतबरवा। थाना क्षेत्र के मेदिनीनगर मुख्यमार्ग पर आजाद घाटी के समीप दो ट्रकों के आमने-सामने की टक्कर में चालक, उप चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को पीसीआर वाहन से एमआरएमसीएच मेदिनीनगर इलाज के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि एक ट्रक (यूपी 25 ईटी 2461) मेदिनीनगर की ओर से आ रहा था। जबकि एक ट्रक (जीएच 2 एएच 9311) रांची से मेदिनीनगर की ओर जा रहा था।

पंडवा भाजपा मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

मेदिनीनगर। पंडवा पलामू जिला अंतर्गत पांडू प्रखंड के मुरूमातु में अवैध तरीके से मुस्लिम समुदाय के द्वारा महादलित परिवार पर हुए घोर अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ महादलित के आवाज सुनने के लिए भारतीय जनता पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश व प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक,महा मंत्री श्याम बाबू को पांडू जाने के क्रम में पड़वा बजार पर विधायक पुष्पा देवी के नेतृत्व में भाजपा पंडवा मंडल अध्यक्ष यमुना प्रसाद सिंह व ओबीसी मोर्चा के मनोज विश्वकर्मा ने सभी को फूल माला देकर स्वागत किया गया।

होटल सहित आधा दर्जन घर को किया गया ध्वस्त, बोले सीओ

चिन्हित कर अतिक्रमण को मुक्त किया जा रहा

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा शहर में नदियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से चल रहे अभियान के दूसरे दिन मझियां मोड़ स्थित आदर्श होटल सहित आधा दर्जन घर को ध्वस्त किया गया प्रशासन के ऊपर अभियान को देखते ही अधिकांश लोग अपना अतिक्रमण खुद हटाने लगे। अतिक्रमण हटाने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम देखा गया। सीओ मयंक भूषण ने बताया कि अभियान के पहले दिन चार घर को ध्वस्त किया गया था। दूसरे दिन भी करीब आधा दर्जन घर को ध्वस्त किया गया है जिसमें आदर्श होटल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी में काफी लोगों ने अपना अतिक्रमण किया है वैसे सभी लोगों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस भेजा गया है। कुछ लोग खुद से अतिक्रमण हटा भी रहे हैं लेकिन कुछ लोग प्रशासन के निर्देश का पालन नहीं कर रहे हैं वैसे लोगों पर बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिनका भी घर अतिक्रमण में है और वे खुद से नहीं हटाते हैं तो प्रशासन बलपूर्वक अतिक्रमण को हटाया जायेगा और हटाने में लगे खर्च को भी संबंधित लोगों से लिया जायेगा मौके पर राजस्व कर्मचारी संदीप गुप्ता अंचल अमीन शुक्रण सिंह, कृष्ण कुमार सहित पुलिस बल तैनात थे।

पहले चरण में इनका हटेगा अतिक्रमण

सरस्वती यमुना नदी का अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर चलना शुरू हो गया है जिला प्रशासन की ओर से 200 अधिक लोगों को नोटिस भेजा गया है नोटिस के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने वाले लोगों पर चरण वार अतिक्रमण हटाया जा रहा है पहले चरण में अरुण ठाकुर ,दिनेश पटवा संतोष राम राजकुमार राम, बैजनाथ राम, शिवनाथ राम, संजय प्रसाद गुप्ता ,जगरनाथ बहेलिया, शिव मंदिर ,बाबूलाल पासी, गोपाल सोनी, यमुना प्रसाद, विंध्याचल देवी, रंजीत केसरी, पंकज केसरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, सुरेश प्रसाद, मानिक चंद्र, इंद्रदेव यादव, केदार पांडे, विकास कुमार, देवेंद्र कुमार केसरी, पारसनाथ केसरी, हरिद्वार, गोपाल केशरी सुनील कुमार ,लखन प्रसाद, काशी प्रसाद, विजय कुमार, दिनेश प्रसाद चौधरी, किशोर रजक सहित अन्य शामिल हैं।

जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय का किया निरीक्षण, लगायी फटकार

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। हाई स्कूल भवनाथपुर के किरानी के द्वारा सरकारी कार्य मे बरती जा रही लापरवाही की मिली सूचना पर शुक्रवार को प्रमुख शोभा देवी सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव, पंसस सह झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर संयुक्त रूप से विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान किरानी की प्रधानाध्यापक के साथ समन्वय सही नही रहने सरकारी कार्य मे लापरवाही बरतने के मामले सामने आने पर जम कर फटकार लगाई। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि कार्य मे लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही की जाएगी। बोले किरानी चंद्रकांत पांडे को स्कूल में आखाड़ा नही बनाने, समन्वय बना कर काम करने की हिदायत देते हुए कहा कि अगली बार से शिकायत मिलती हैं तो आपके खिलाफ करवाई के लिए वरीय अधिकारी को लिखा जाएगा। आपको बता दें कि स्कूल के प्राचार्य रोहिणी कांत देव पांडेय को प्रभार लेने के बाद किरानी ड्यूटी में लापरवाही बरतने के बाद दोनों के बीच आपसी समन्वय का घोर अभाव देखा जा रहा है। जहां प्राचार्य नियमसंगत कार्य करने को लेकर कर्मियों को बराबर कहते हैं लेकिन किरानी का कार्य में बराबर लापरवाही बरता जा रहा है। इसी को लेकर प्राचार्य एवं किरानी के साथ कतनी बार नोकझोक भी हो चुकी है जिसकी शिकायत प्राचार्य के द्वारा डीओ को आवेदन दे कर किया गया है। मौके पर ओमप्रकाश , घनश्याम गुप्ता, अंकित त्रिवेदी, प्रिया कुमारी आदि मौजूद थे।

मगध वीपीआर कंपनी में कार्यरत मजदूरों को हटाये जाने का यूनियन ने किया विरोध

चरणबद्ध आंदोलन करने की दी गयी चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

बालूमाथ। बालूमाथ अंतर्गत आरा फुटबॉल ग्राउंड मगध पर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के बैनर तले एक बैठक की गई ।बैठक में कोलवरी के वीपीआर आउटसोर्सिंग कंपनी पर कार्यरत ड्राइवर व मजदूरों को हटाए जाने का विरोध किया गया। बैठक में मजदूर और यूनियन के लोगों ने कहा कि अगर आउटसोर्सिंग कंपनी वापस मजदूरों को काम पर नहीं रखती है तो चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी। बता दें कि झारखंड सरकार के 75% स्थानीय लोगों को काम पर रखने की प्रावधान के तहत विस्थापित लोगों को आउटसोर्सिंग कंपनी में काम पर रखा गया था जो आज काम से हटा दिया गया। मौके पर लोगों ने आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की । मौके पर सैकड़ों मजदूर और यूनियन के मगध क्षेत्रीय सचिव गुरदयाल साव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

चतरा जिला अंतर्गत देवलगड्ढा और कुंडी माइंस किसी कारणवश बंद हो जाने से वहां कार्य कर रहे मजदूरों को बैठा दिया गया है। जैसे ही माइंस चालू होगी। सभी मजदूरों को वापस काम पर ले लिया जाएगा ।

-श्रीनिवास रेड्डी वीपीआर माइनिंग जीएम मगध।

लाभुकों ने डीलर पर लगाया राशन में अनियमितता का आरोप

जनप्रतिनिधियों ने की जांच, कम मिला अनाज

नवीन मेल संवाददाता

मयूरहंड(चतरा)। जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पेटादेरी के पीडीएस लाभुकों ने जुलाई एवं अगस्त माह का अनाज नहीं वितरण करने का आरोप डीलर महावीर भुईयां पर लगाया है। इस बाबत लिखित शिकायत प्रमुख मिकी देवी एवं बीडीओ सह प्रभारी एमओ साकेत सिन्हा से करते हुए वितरण करवाने की मांग की है। लाभुकों के शिकायत पर शुक्रवार को प्रमुख व उप प्रमुख पूनम कुमारी ने पीडीएस दुकान पहुंच जांच किया। जिसमें पीडीएस दुकान में आवश्यकता के अनुसार कम अनाज पाया गय। प्रमुख ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गोदाम प्रबंधक व एमओ के मिली भगत से इस तरह के कुकृत्य करने की हिम्मत डीलर जुटाते हैं। डीलर मशीन खराब होने का बहाना बना कर गरीबों का निवाला बंदरबांट करने की फिराक में था, इसकी शिकायत उपायुक्त से करने की बात कही। इसपर डीलर ने बताया कि जुलाई का पैसा वाला अनाज का वितरण किया जा चुका है। पीएम निधि का मोटा आनाज 20 अगस्त को उपलब्ध कराया गया है, उसमें से भी 49 किंवटल के जगह 35 किवंटल हीं उपलब्ध कराया गया। शेष अनाज अगस्त माह के राशन के साथ देने की बात एजीम द्वारा कही गई थी। अगस्त माह का पैसा वाला तथा जुलाई माह का शेष राशन 27 अगस्त को उपलब्ध कराया गया है। इसी बीच ईपॉश मशीन खराब होने के कारण लाभूकों के बीच अनाज का वितरण नहीं कर पाया। अनाज स्टॉक में उपलब्ध है और मशीन भी बन गया है पर 1 से 4 सितंबर तक मशीन लॉक रहता है खुलते हीं लाभूकों के बीच दोनो माह का अनाज वितरण कर दिया जाएगा। बीडीओ न्हा ने बताया कि मुखिया व उप प्रमुख के हस्ताक्षर उक्त लाभूकों का शिकायत प्राप्त हुआ है। जांच कर डीलर पर कार्रवाई की जाएगी और अनाज वितरण करवाया जाएगा।

जनता दरबार में फरियादियों की सुनी गयी समस्याएं

लातेहार। उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त द्वारा क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी गई एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

पुलिस ने गोलीकांड मामले में इस्तेमाल बाइक किया बरामद

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पैराडाईज टेलर के मालिक मो. तौहीद आलम गोलीकांड में इस्तेमाल बाइक (जेएच 14 एफ 8998) बरामद कर ली गई है। बाइक को जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर के बुढ़ीवीर से बरामद किया गया। इस सिलसिले में पूछताछ के लिए बाइक मालिक प्यारे हसन को शहर थाना में रखा गया है। प्यारे के साथ छतीसगढ के रिजवान हुसैन को भी लाया गया है। रिजवान का ससुराल बुढ़ीवीर में है । वह बुढीवीर में रह रहा था ।शहर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर बुढ़ीवीर में सर्च अभियान चलाया। यहां प्यारे हसन के घर से उपरोक्त बाइक बरामद की गई । गाड़ी प्यारे हसन के नाम पर रजिस्टर्ड है। प्यारे हसन को शहर थाना बुलाकर पूछताछ की जा रही है । पूछताछ के क्रम में प्यारे हसन ने बताया कि गत 17 अगस्त को हम कन्नी राम के पास चाय पीने के लिए गए हुए थे। इसी क्रम में इरसाद से मुलाकात हो गई। इरसाद ने हमसे गाड़ी कुछ काम के लिए मांगा और कहा कि आधे घंटे में लाकर देते हैं। जब प्यारे हसन ने इरसाद से गाड़ी मांगी तो इरसाद ने कहा कि गाड़ी कल मिल जायेगी। गाड़ी बरामद करने की कार्रवाई में टीओपी वन के प्रभारी रेवाशंकर राणा शामिल थे। उन्होंने बताया कि जानकारी मिली थी कि फायरिंग में उपयोग मोटरसाइकिल बुढ़ीवीर में रखी गई है। कार्रवाई करते हुए बरामद कर लिया और वाहन मालिक प्यारे हसन से पूछताछ की जा रही है । छापामारी में केस के अनुसंधानकर्मा जितेन्द्र कुमार, एसएसआई नवी अंसारी,टीओपी वन के जवान शामिल थे। बताते चलें कि गत 17 अगस्त की रात 9 बजे के आस पास पैराडाईज टेलर के मालिक मो. तौहीद आलम को उस समय गोली मार दी गई थी। जब वे अपने घर मुस्लिमनगर जा रहे थे। इस घटना में उनकी पत्नी और भांजे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जबकि शूटर समेत दो आरोपियों ने सरेंडर कर दिया है। एक फरार है।

बालूमाथ में विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

बालूमाथ। ब्लॉक कैंपस स्थित पशु चिकित्सा केंद्र परिसर में पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विषाणु जनित रोग का विस्तृत जानकारी मौके पर उपस्थित किसानों को दी गई। जिसमें विषाणु जनित रोग रानीखेत, चेचक, एम डि, गमबोरी, जीवाणु जनित रोग- कोरिईजा, कोलरा, परजीवी जनित रोग- कोकीसडियोसिस , कृमि रोग, फुफुदी जनित रोग-ब्रूडर निमोनिया आदि बीमारियों का विस्तृत जानकारी दिया गया इस दौरान उपरोक्त बीमारियों के निष्पादन के लिए मुफ्त दवा का वितरण किया गया। सलाफा बोलस , विताब दवा। मौके पर पशु डॉ सुशीला बागे,संजय राणा,संतोष बैग, संजय कुमार,राजू गुप्ता,पंकज गुप्ता,अजय कुमार यादव, सोकन राम, जिस किसान को दवा वितरण किया गया निर्मल साव, हरी कुमार,संकर प्रसाद, मनोज उराव,रीना देवी,बिना देवी आदि मौजूद थे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने किया प्रेसवार्ता, कहा

जनहित में काम कर रही महागठबंधन की सरकार

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में झारखंड की राजनीति असमंजस की स्थिति में गुजर रही है। इसके लिये केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार जिम्मेदार है। वह शुक्रवार को यहां जलक्रांति भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा की राज्य में सुचारू रूप से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार जनहित में काम कर रही है। अपने चुनावी घोषणा पत्र में किये गये वायदे को क्रमशः पूरा करने का काम कर रही है। यह भाजपा को रास नहीं आ रही है। हेमंत सरकार के कार्य से घबराकर भाजपा जनता की सरकार को अस्थिर, अपदस्थ करने का काम कर रही है, जिसे झारखंड की जनता सब देख रही है। हम जेएमएम कार्यकर्ता सड़क से संसद तक मार्च करेंगे और भाजपा के इस कुकृत्य को घर-घर जाकर जनता को अवगत कराएंगे। श्री पांडेय ने कहा कि वर्तमान में दुमका में घटित घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। जबकि सरकार तत्परता दिखाते हुये अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब इसे राष्ट्रीय मुद्दा बनाया जा रहा है, राष्ट्रीय चैनलों पर चलाया जा रहा है। वहीं पर भाजपा नेत्री सीमा पात्रा के द्वारा आदिवासी युवती के साथ जो अमानवीय व्यवहार किया गया, वह राष्ट्रीय चैनल पर नहीं चलाया जा रहा है, जो खेद का विषय है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता इसकी कड़ी निंदा करते हैं। मौके पर जिपस रानी बाला, कामता प्रसाद, झामुमो नेत्री किरण देवी, नेहा कुमारी, अमरनाथ पांडेय, संजय पांडेय, धर्मेंद्र प्रताप देव, प्रमोद राम, विनय ठाकुर, मनोज डॉन, अजय सिंह, ज्ञान चौधरी, परमवीर राम, इकबाल खान, देवेंद्र सिंह, अमर राम, सहित अन्य मौजूद थे।

उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेशम में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को डीडीसी के समक्ष रखा। प्राप्त मामलों का निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग को भेज दिया। जनता दरबार में लेस्लीगंज से आयी संगीता देवी व जौत्री देवी ने उपायुक्त को बताया कि उन दोनों का राशन कार्ड पाटन में है । लेकिन वे दोनों लेस्लीगंज शिफ्ट कर गये हैं । ऐसे में दोनों महिलाओं ने उपायुक्त से अपना राशन कार्ड पाटन से लेस्लीगंज ट्रांसफर करवाने हेतु अनुरोध किया। इसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए उपायुक्त ने हस्तक्षेप करते हुए ऑन स्पॉट दोनों महिलाओं का कार्ड ट्रांसफर करवा दिया। जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने विश्रामपुर बीडीओ, नावाबाजार सीओ,महिला थाना प्रभारी,सदर एसडीओ,चैनपुर अंचलाधिकारी, लेस्लीगंज अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया। जनता दरबार में विश्रामपुर के कौड़िया से आये पूर्व नक्सली कृष्णा सिंह खरवार ने उपायुक्त को बताया कि वो 2018 में ही आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत सरेंडर कर चुके हैं। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि फीस के अभाव में उनके बच्चों का नाम स्कूल से काट दिया गया है। इतना सुनते ही उपायुक्त ने संबंधित स्कूल के प्रिंसिपल को फोन कर वापस स्कूल में दाखिला देने हेतु निर्देशित किया । साथ ही कल्याण पदाधिकारी को बुलाकर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत उक्त नक्सली को ऋण का लाभ देने हेतु निर्देशित किया । जिससे कृष्ण सिंह खेरवार कुछ व्यवसाय कर सके। साथ ही उपायुक्त ने उनको अपना निजी फोन नंबर देते हुए संपर्क में रहने की बात कही। साथ ही कहा कि भविष्य में किसी तरह की समस्या हो तो वह सीधे उनसे संपर्क करें। उपरोक्त के अलावे आज के जनता दरबार में जमीन विवाद, मुआवजा राशि, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, स्वास्थ्य अनुदान, नियोजन से संबंधित आवेदन आये । जिसे उपायुक्त के द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द मामले को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे सभी प्रखंड मुख्यालयों में उपायुक्त के निर्देश पर जनता दरबार का आयोजन किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का भाजपाइयों ने किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला अंतर्गत पांडू प्रखंड के मुरूमातु में अवैध तरीके से मुस्लिम समुदाय के द्वारा महादलित परिवार पर हुए घोर अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ महादलित के आवाज सुनने के लिए भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश एवं प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू पलामू जिला किसान मोर्चा के नेता मनोज सिंह का दौरा पांडू जाने के क्रम में नावा बाजार प्रखंड के एनएच 98 पड़वा मोड़ पर पलामू सांसद विष्णु दयाल के नेतृत्व में नावा बाजार भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के अध्यक्षता में यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश व आदित्य साहू मनोज सिंह को नावा बाजार प्रखंड के स्वतंत्रता सेनानियों का इतिहास स्मृति किताब प्रदान करते हुए अंग वस्त्र ओढ़ाते हुवे फूलमाला पहनाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत की गई। मौके पर नावा बाजार सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी ,विधायक प्रतिनिधि रामरेखा चंद्रवंशी, पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान, राजहारा उप मुखिया अशोक चौहान, दिवाकर पांडे कपिल देव ठाकुर मनीष सिंह,गिरजा शंकर राम ,मंदिश चंद्रवंशी, उपेंद्र सिंह, परशुराम मेहता ,अरूण मेहता ,अशोक दुबे ,सरदार राम ,संदीप चंद्रवंशी ,राजीव पांडे ,उदय राम ,कमल राम ,महेंद्र साव, संतोष प्रजापति सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

सम्पादक की कलम से...

क्या होगा हेमंत सरकार का?

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अयोग्य हुए तो भी झारखंड में रहेगी यूपीए सरकार। वह इसलिए कि 5 को विधानसभा में चल सकते हैं विश्वासमत का दांव। बहरहाल झारखंड में सियासी संकट के बीच पांच सितंबर को एक दिन के सत्र में सरकार विश्वास प्रस्ताव पेश कर सकती है। दूसरी तरफ बीजेपी भी रणनीति बनाने में जुट गई है। राज्य में पिछले एक हफ्ते से जारी सियासी संशय के बीच झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र पांच सितंबर को आहूत किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता को लेकर राजनीतिक ऊहापोह के बीच माना जा रहा है कि महागठबंधन सरकार इस दौरान विश्वास प्रस्ताव पेश कर सकती है। इसके अलावा सदन में राज्य के वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम, हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका के बीच सियासी घमासान, संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका, स्थानीय नीति के साथ एससी, एसटी व ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा कराई जा सकती है। सियासी संकट के बीच गुरुवार को महागठबंधन का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला। राज्यपाल को 34 विधायकों के हस्ताक्षर के साथ सौंपे ज्ञापन में मांग की गई कि यदि हेमंत सोरेन की सदस्यता पर आयोग का मंतव्य आया है तो राजभवन जल्द स्थिति स्पष्ट करें। मुख्यमंत्री की अयोग्यता अगर सामने आती है तब भी सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा क्योंकि, झामुमो-कांग्रेस-राजद-निर्दलीय गठबंधन को राज्य विधानसभा में प्रचंड बहुमत है। दूसरी तरफ राज्यपाल शुक्रवार को दिल्ली मंत्रणा के लिए निकल गये हैं। ऐसे में एक दो दिनों के अंदर स्थिति साफ होने की संभावना है। भाजपा भी अपनी रणनीति बनाने में जुट गई है। विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक विरंची नारायण ने कहा कि सत्र में भाग लेने के बारे में कोई भी फैसला भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और संगठन मंत्री कर्मवीर के साथ चर्चा के बाद लिया जायेगा। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि झारखंड सरकार जनता की गाढ़ी कमाई उड़ा रही है। 2 करोड़ से अधिक खर्च कर जेट विमान की सेवा लेने का फैसला शर्मनाक है। भाजपा इस पर कड़ी आपत्ति जताती है। यहां बता दें कि राज्य में जारी सियासी संशय के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच लगातार सियासी बाण चल रहे हैं। दोनों पक्ष एक-दूसरे को घेरने के लिए लगातार आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। सरकार ने जो विशेष सत्र बुलाया है, इसके लिए राज्यपाल से अनुमति नहीं ली गई है। यह विशेष नियम के तहत स्पीकर से आग्रह कर आहूत किया गया है। झारखंड विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली के नियम चार के परंतुक और नियम पंद्रह के तृतीय परंतुक के अनुसार जब तक राज्यपाल द्वारा सत्रावसान नहीं किया जाता तब तक सदन के नेता के परामर्श पर अध्यक्ष सत्र बुला सकते हैं। सूत्रों के अनुसार सरकार ने इसी नियम के तहत कैबिनेट की अनुशंसा पर सत्र के लिए स्पीकर को आग्रह किया है। बता दें कि यूपीए का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला था। राज्यपाल ने इसे आयोग के मंतव्य पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। समझा जा रहा है कि इसी के बाद सरकार वैकल्पिक तैयारी में जुट गई है। इसी कवायद के तहत विशेष सत्र बुलाया गया है ताकि सरकार सदन का विश्वास हासिल कर सके।

आज का इतिहास

1995 : जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
2013 : इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत।
1556 : स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना।
1581 : ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया।
1681 : महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
1769 : कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
1901 : भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।
1938 : प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।
1943 : इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
1947 : विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
1955 : पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
1966 : भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन।
1989 : मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है।
1989 : सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की।
2003 : भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।
2006 : समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।

अग्निपथ के बाद नीतिपथ की दरकार

> नरेंद्र मोदी सरकार ने दिसंबर 2020 में सिविल सेवा क्षमता निर्माण के राष्ट्रीय कार्यक्रम, यानी 'मिशन कर्मयोगी' की शुरूआत की थी। यह एक बहुआयामी प्रयास है, जिसमें भर्ती, प्रशिक्षण, प्रदर्शन, प्रबंधन, पुरस्कार आदि तमाम तत्व शामिल हैं। सरकार चाहे, तो सैन्य भर्ती की अपनी नई योजना जैसा प्रयास इसमें भी कर सकती है। अग्निपथ योजना के कई पहलू सिविल सेवा में भर्ती के लिए मॉडल बन सकते हैं। भारत के सबसे सम्मानित पुलिस अधिकारियों में से एक प्रकाश सिंह ने हाल ही में अखिल भारतीय सेवाओं के लिए अग्निपथ जैसी योजना बनाने की वकालत की।

बुनियादी सार्वजनिक सेवाओं को मुहैया कराने में भारत मूलतः इसलिए सफल नहीं हो पा रहा, क्योंकि प्रशासनिक क्षमता की कमजोरियों को दूर करने में यह सक्षम नहीं दिख रहा। पिछले दो दशक में राजनेताओं और नीति निर्माताओं ने प्रशासनिक सुधार की जटिल समस्या को टालने का ही काम किया है। इसके बजाय उन्होंने सार्वजनिक सेवाओं को मुहैया कराने के लिए निजीकरण, सार्वजनिक-निजी भागीदारी व प्रौद्योगिकी जैसे नये-नये तरीके अपनाये। मानव-सौहार्द, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि व गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, पोषण, कौशल विकास जैसी सार्वजनिक सेवाएं मुहैया कराने की कोशिश भी की गई है। हालांकि, यह सब प्रदान कराना राष्ट्र का कर्तव्य होना चाहिए, लेकिन वह ऐसा करने में असमर्थ रहा है। सार्वजनिक सेवा मुहैया कराने का यह मिश्रित मॉडल सफल रहा है, लेकिन इसमें लागत काफी ज्यादा है। नौकरशाहों की संख्या बढ़ाने व क्षमताओं को उन्नत बनाने का दबाव सिविल सेवा के ऊपर नहीं होता। बदलाव के लिए इसे तंत्र से प्रेरणा भी नहीं मिलती। कई मामलों में तो विशेष रूप से निचले स्तर की सिविल सेवा अपने हाथ खड़े कर देती है, क्योंकि लक्ष्य उसके लिए दुःसाध्य होता है। प्रेरणा, प्रशिक्षण व प्रदर्शन प्रबंधन की कमी के कारण सिविल सेवा देश के बुनियादी ढांचे को बनाये रखने के लिए अपने कुछ सेवकों पर निर्भर हो जाती है। कई सिविल सेवक निजी तौर पर असाधारण मेहनत करते भी हैं। उनको जबर्दस्त चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, मगर वे सुनिश्चित करते हैं कि देश कम से कम बुनियादी प्रदर्शन बेहतर करता रहे। फिर भी, यह बताने की कतई जरूरत नहीं है कि सिविल सेवा में सुधार काफी जरूरी है। नरेंद्र मोदी सरकार ने दिसंबर 2020 में सिविल सेवा क्षमता निर्माण के राष्ट्रीय कार्यक्रम, यानी 'मिशन कर्मयोगी' की शुरूआत की थी। यह एक बहुआयामी प्रयास है, जिसमें भर्ती, प्रशिक्षण, प्रदर्शन, प्रबंधन, पुरस्कार आदि तमाम तत्व शामिल हैं। सरकार चाहे, तो सैन्य भर्ती की अपनी नई योजना जैसा प्रयास इसमें भी कर सकती है। अग्निपथ योजना के कई पहलू सिविल सेवा में भर्ती के लिए मॉडल बन सकते हैं। भारत के सबसे सम्मानित पुलिस अधिकारियों में से एक प्रकाश सिंह ने हाल ही में अखिल भारतीय सेवाओं के लिए अग्निपथ जैसी योजना बनाने की वकालत की। उन्होंने 10, 25 और 30 साल की सेवा के बाद अधिकारियों की सेवा-समाप्ति की बात भी कही। यह शीर्ष स्तर पर अधिकारियों की भारी-भरकम फौज को तर्कसंगत बनायेगा व सार्वजनिक सेवा व प्रदर्शन की संस्कृति कायम करेगा। वास्तव में, केंद्र सरकार को सैन्य अधिकारियों की शॉर्ट सर्विस कमीशन और अग्निपथ योजना जैसी 'नीतिपथ योजना' शुरू करनी चाहिए। इसमें सरकार शीर्ष स्तर के पदों की संख्या बढ़ा बिना और करियर पथ को बाधित किये बिना प्रवेश स्तर पर चार गुना अधिक उम्मीदवारों की भर्ती कर सकती है। इसका अर्थ है कि अखिल भारतीय सेवाओं के लिए 600 से 1,000 उम्मीदवारों के बजाय हर साल 4,000 अधिकारी सिविल सेवा में प्रवेश कर सकेंगे। चौथे वर्ष के बाद उनके प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए उनमें से केवल 25 फीसदी को सेवा में रखा जायेगा, जिससे निचले स्तर पर कई युवा अधिकारी आयेंगे। उनको सेवा व प्रदर्शन के लिए अच्छा-खासा प्रोत्साहन दिया जायेगा और सरकार में काम करने का अनुभव भी उनको मिलेगा। शीर्ष 4,000 अखिल भारतीय रैंक धारकों की औसत गुणवत्ता निश्चय ही शीर्ष 1,000 की औसत गुणवत्ता से बहुत अलग नहीं होगी। इसलिए महज परीक्षा और साक्षात्कार के अंकों से चयन करने की तुलना में चार साल की समीक्षा अवधि सरकार को चयन का बेहतर विकल्प देगी। चौथे वर्ष के बाद केंद्रीय सिविल सेवा छोड़ने वाले करीब 3,000 अधिकारियों को राज्य सेवाओं में नियोजित किया जा सकता है, जहां आज चयन का भारी संकट है, सिविल सेवकों की कमी है और बेहतर शासन की तीव्र मांग है। रिक्तियों को भरने से सरकार कहीं अधिक प्रभावी तरीके से काम कर सकेगी। जैसे, आदित्य दासगुप्ता और देवेश कपूर का अनुमान है कि प्रखंड विकास कार्यालयों में औसतन 48 फीसदी पद रिक्त हैं और उन पर नियुक्ति करने से मनरेगा रोजगार में 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

■ नितिन पई

ड्रग ओवरडोज से बचे!

मैं कुछ साल पहले की बात है। इमरजेंसी में एक व्यक्ति को बेहोशी की हालत में उसकी पत्नी लेकर आई। उसने बताया की उसके पति बिजनेस में घाटा होने के कारण वह डिप्रेशन में रहने लगे थे, जिसके कारण उनको नींद नहीं आती थी। अपने डिप्रेशन और नींद न आने की वजह से वह शराब का सेवन और कई प्रकार की गोलियां खाने लगे थे। उन दिनों नींद की गोलियां तथा अन्य हानिकारक और लत लगाने वाली दवाइयां आसानी से मिल जाती थी। शराब और दवाइयों का ओवरडोज होने की वजह से वह बेहोशी की अवस्था में पहुंच गया था। बड़ी मुश्किल के बाद उनको बचाया जा सका। पर हर किसी की किस्मत इतनी अच्छी नहीं होती। आये दिन हमें समाचार पत्रों में पड़ने को मिलता है की कही न कही पंजाब के किसी कोने में कोई नशे की ओवरडोज के कारण मर गया। जिस प्रकार नित रोज नशे के लिए प्रतिबंधित ड्रग्स के खेप मिल रही है, उससे हम यह अनुमान लगा सकते है की नशे की ओवरडोज कितनी लोगो की लीला समाप्त कर रही है। इस ड्रग्स की ओवरडोज का ध्यान अंकित करने के लिए हर वर्ष 31 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय ओवरडोज जागरूकता दिवस मनाया जाता है, जो ओवरडोज को समाप्त करने के लिए एक अभियान है। यह उन लोगों को याद करने का दिन है जो ओवरडोज से मर गये हैं, और उन के परिवारों और दोस्तों के दुख को स्वीकार कर उनके दुःख में सांझा होने का है। यह अभियान ओवरडोज की रोकथाम के बारे में जागरूकता भी बढ़ाता है व ओवरडोज स्टिग्मा को खत्म करने का प्रयास करने की कोशिश है। अल्कोहल व फार्मास्युटिकल दवाओं सहित सभी दवाएं ओवरडोज का कारण बन सकती हैं। ओवरडोज तब होता है जब किसी व्यक्ति के पास उनके शरीर की तुलना में अधिक दवा या दवाओं का संयोजन होता है। कई दवाएं लेने से ओवरडोज का खतरा बढ़ जाता है, विशेषकर नींद, डिप्रेशन या मूड एलिवेटर्स जैसी जब कई दवाएं ली गई हों। अनजाने में हुई दवा-प्रेरित मौतों में ओपिओइड दवाओं का सबसे आम समूह था। ओपियोइड्स में सामान्य निर्धारित दवाएं जैसे ऑक्सीकोडोन व कोडीन, साथ ही हेरोइन जैसी अवैध दवाएं शामिल हैं। वैलियम जैसी दवाएं आम बेंजोडायजेपाइन दवाई की अधिक मात्रा में लेने से भी मौत हो सकती है। कई बार आत्महत्या के लिए इन दवाइयों को भी लोग अधिक मात्रा में ले लेते है। समय से पता लगने पर इन को बचाया जा सकता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2017-19 से ड्रग ओवरडोज के कारण 2,300 से अधिक लोगों की मौत हुई, जिसमें 30-45 वर्ष के आयु वर्ग में इस तरह की सबसे अधिक मौतें दर्ज की गई। इस तरह की मौतों से उन को बचाया जा सकता है अगर हम ड्रग ओवरडोज के लक्षण को पहचान कर शीघ्र उनका इलाज करे। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं**

■ डॉ अश्वनी कुमार मल्होत्रा

मुफ्त रेवड़ियां बांटने पर कैसे लगे रोक

मार्च 2021 में, तमिलनाडु के मदुरै दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार थुलम सरवनन ने जनता के सामने असाधारण चुनावी भेंट की पेशकश की। मसलन, हर घर के लिए 1 करोड़ रुपये, घर की सफाई के लिए हर गृहिणी को एक रोबॉट, नया कारोबार शुरू कर रहे युवाओं को एक करोड़ रुपये, हर घर-परिवार को कार खरीदने के लिए 20 लाख रुपये, चांद की 100 दिन की यात्रा, लोगों को सैर-सपाटे और मनोरंजन के लिए 300 फुट का कृत्रिम ग्लेशियर आदि। इतने सारे मेगा वादे के बावजूद वह चुनाव हार गये। हालांकि उनके वादे सत्ता में आने की होड़ में लगे प्रमुख राजनीतिक दलों के वादों से बहुत दूर या अलग भी नहीं थे। आज तमाम राजनीतिक दल मुफ्त रेवड़ी की बात कर रहे हैं। लेकिन यह आज शुरू नहीं हुआ। 1967 में डीएमके के संस्थापक सीएन अन्नादुरई ने वादा किया था कि अगर उनकी पार्टी चुनी जाती है तो लोगों को एक रुपये में 4.5 किलो चावल का बैग मिलेगा। उनके अभियान ने पार्टी को जीत दिलाई। विडंबना यह रही कि पार्टी अपना वादा निभाने में नाकाम रही और एक रुपये में एक किलो चावल देने की योजना भी समाप्त हो गई। लेकिन यह प्रवृत्ति जारी रही। समय के साथ इसका विस्तार हुआ और बात चावल से आगे मुफ्त गैस स्टोव, रंगीन टीवी, लैपटॉप, घरेलू काम के लिए भुगतान आदि देने तक आ गई। आज यह प्रवृत्ति दलों और राज्यों की सीमा को पार कर गई है। दिल्ली सरकार शहर के मतदाताओं को एक तय सीमा तक पानी और बिजली मुफ्त दे रही है। हिमाचल सरकार स्थानीय लोगों को 150 यूनिट तक मुफ्त बिजली, गांवों में मुफ्त पानी और महिलाओं के लिए बस किराये में 50 फीसदी की छूट दे रही है। असम सरकार ने 6,000 करोड़ रुपये की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नकद लाभ योजनाओं की घोषणा की है। इनमें नौ लाख लाभार्थियों को दो महीने के लिए 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली, 17 लाख सीमांत आय वाले परिवारों को 830 रुपये के प्रत्यक्ष हस्तांतरण और दो लाख युवाओं को अपना कारोबार शुरू करने के लिए 50-50 हजार रुपये प्रदान करने जैसी योजनाएं हैं।

कल्याणकारी राज्य : क्या इस तरह की मानसिकता से कल्याणकारी राज्य की स्थापना का मकसद खतरे में नहीं आ जायेगा? अलबत्ता, बात पश्चिम की करें या आजादी के बाद से भारत की, इसमें कोई संदेह नहीं कि एक राजनीतिक दर्शन के रूप में कल्याणवाद की जड़ें खासी गहरी हैं। हमारी राजनीतिक अर्थव्यवस्था ऐसी योजनाओं से भरी हैं - चाहे कोई उन्हें मुफ्त की रेवड़ी, कर्जमाफी या रियायत कहे या प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण। हर साल, केंद्र और राज्य सरकारें आम नागरिकों को एलपीजी सिलिंडर जैसे निजी उपयोग के सामान के वितरण का विस्तार करती हैं। इनके लिए सब्सिडी दी जाती है और कुछ मामलों में पूरी लागत सरकार कवर करती है।क्या ऐसी नीतियों की ओर मुड़ने का आशय यह है कि भारतीय नीति-निर्माताओं ने गरीबी और असमानता से निपटना छोड़ दिया है? दरअसल, सार्वजनिक संपत्ति, सामाजिक क्षमता निर्माण पर जोर देने के बजाय, भारत के नीति-निर्माताओं ने प्रत्यक्ष हस्तांतरण की ओर रुख करते हुए कल्याणवाद की राह पकड़ी है। समय के साथ इस तरह के वादों के बड़े आर्थिक नतीजे भी सामने आए हैं। कई राज्यों को हाल ही में घोषित मुफ्त के आश्वासन पूरे करने के लिए धन जुटाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मसलन, आंध्र प्रदेश ने मौजूदा वित्त वर्ष में जिन मुफ्त उपहारों की घोषणा की, उसके लिए उसे अपने कर राजस्व का 30.3 फीसदी खर्च करना होगा। मध्य प्रदेश के लिए यह आंकड़ा 28.8, पंजाब के लिए 45.4 और पश्चिम बंगाल के लिए 23.8 फीसदी है। पिछले पांच वर्षों में बैंकों ने 10 लाख करोड़ रुपये के ऋण को बट्टे खाते में डाल दिया है। ऐसे एनपीए राइट-ऑफ में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी आमतौर पर पिछले एक दशक में 60-80 फीसदी के बीच है।

हर योजना रेवड़ी नहीं : वैसे हर योजना या घोषणापत्र के वादे मुफ्त की रेवडियां नहीं हैं। मिड-डे मील योजना के तहत छात्रों के लिए स्कूलों में मुफ्त भोजन को मुफ्तखोरी के नजरिये से वगीर्कृत नहीं किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य, देखभाल व शिक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्रों से जुड़ी ऐसी किसी भी योजना को रेवड़ी संस्कृति के तौर पर नहीं देखा जा सकता। अलबत्ता, इस दिशा में कुछ बुनियादी सुधार की दरकार जरूर है। सबसे पहले केंद्र या राज्य सरकारों को मुफ्त की घोषणाएं पूरी करने के लिए एक वित्त पोषण योजना बनानी होगी। संसद विधानसभा की बजटीय समझ को बढ़ाने और इस लिहाज से कार्य करने की उनकी क्षमता को बढ़ाने के लिए एक बजट कार्यालय की स्थापना होनी चाहिए, जो संबंधित नीतियों को ड्राफ्ट करने और और उनका बजटीय विश्लेषण करने में मददगार हो। किसी भी योजना को जरूरी या फ्रीबी के रूप में वगीर्कृत करने में अंतर्निहित कठिनाई को देखते हुए सरकारों को प्रमुख वित्तीय संकेतकों के लिए वैधानिक रूप से बाध्य होना चाहिए।

■ वरुण गांधी

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

सबपर शासन करनेवाली ये कल्यामयी देवी सम्पूर्ण लोकों तथा देवताओंका भी उत्पन्न करनेवाली हैं। ये देवी तीनों गुणोंसे युक्त है, फिर भी ये विशेषरूपसे तामोगुण युक्त और सभी प्रकारकी शक्तियोंसे सम्पन्न हैं। ये अजेय, विनाशरहित, नित्य, सर्वज्ञ तथा सदा विराजमान रहती हैं। वेदमाता गायत्री और सन्ध्याके रूपमें प्रतिष्ठित ये देवी निर्गुण तथा सगुण-रूपवाली, स्वयं सिद्धिस्वरूपिणी, सम्पूर्ण सिद्धियोंको देनेवाली, गौरी नामसे विख्यात तथा देवताओंको अभय प्रदान करनेवाली है।। 20-22।।

हे महाराज! ऐसा जानकर आप इनके साथ वैरभावका परित्याग कर दीजिये। हे राजेन्द्र! आप इनकी शरणमें चले जाइये; ये भगवती आपकी रक्षा करेंगी। आप इनके सेवक बन जाइये। [और इस प्रकार] अपने कुलका जीवन बचा लिजिये; मरनेसे बचे हुए जो दैत्य हैं, वे भी दीर्घजीवी हो जायं।। 23-24।।

व्यासजी बाले- उनका यह वचन सुनकर देवासेनाक मर्दन करनेवाले शुम्भ महान् वीरोंके पराक्रम-गुणसे सम्पन्न यथार्थ वचन कहना आरम्भ।। 25।।

शुम्भ बोला- अरे मूर्खो! चुप रहो; तुमलोग युद्धभूमिसे भाग आये हो। तुम्हें यदि जीवित रहनेकी प्रबल अभिलाषा है तो तुम सब अभी पाललोक चले जाओ।। 26।।

जब यह सारा संसार ही दैवके अधीन है, तब विजयके सम्बन्धमें मुझे क्या चिन्ता हो सकती है? जैसे हमलोग दैवके अधीन हैं, वैसे ही ब्रह्मा आदि देवता भी सदा देवके अधीन रहते हैं। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, यम, अग्नि, वरूण, सूर्य, चन्द्र और इन्द्र-ये सब देवता सदा देवके अधीन है। हे मूर्खो! तब मुझे किस बातकी चिन्ता? जो होना होगा, वह तो होकर रहेगा। जैसी भवितव्यता होती है, उसी प्रकार उद्यम भी आरम्भ हो जाता है। सब प्रकारसे ऐसा विचार करे विद्वान् लोग कभी शोक नहीं करते। ज्ञानी लोग मृत्युके भयसे अपने धर्मका त्याग नहीं करते।। 27-30।।

समय आनेपर दैवकी प्रेरणासे मनुष्योंको सुख, दुःख, आयु, जीवन तथा मरण-ये सब निश्चितरूपसे प्राप्त होते हैं, अपना-अपना समय पूरा हो जानेपर ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी नष्ट हो जाते हैं। इन्द्रसहित सभी देवता भी अपनी आयुके अन्तमें विनाशको प्राप्त होते हैं। उसी प्रकार मैं भी सर्वथा कालका वशवर्ती हूं। अतः अब मुझे विनाश अथवा विजय जो भी प्राप्त होगी, उसे मैं अपने धर्मका सम्यक् पालन करते हुए स्वीकार करूंगा।। 31-33।।

जब इस स्त्रीने मुझे युद्धके लिये ललकारहै, तब [उसके भयसे] भागकर मैं सगड़ो वर्ष जीवित रहनेकी आशा क्यों करूं? मैं आज ही उसके साथ युद्ध करूगा, फिर जो होना है वह होवे! युद्धमें विजय अथवा मृत्यु जो भी प्रदान प्राप्त होगी, उसे मैं स्वीकार करूंगा।। 34-35।।

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

जल ही जीवन है

जल ही जीवन है ,जल है तो कल है' भविष्य के लिए पानी बचाएं' लेकिन पानी की बर्वादी उतना ही हो रहा है। शहर के सप्लाई नल का टोटी टूटने से प्रतिदिन सुबह शाम हजारों लीटर पानी की बर्बाद हो रही है। वार्डो में लगाए गए अधिकांश सार्वजनिक नलों की टोटी टूटी है या फिर पूरा नल ही गायब है। लोग प्लास्टिक पाइप लगाकर या फिर अन्य जुगाड़ से काम चला रहे हैं। यदि इसी तरह से पानी की बबार्दी जारी रही तो आने वाले समय में शहर में गंभीर पेयजल संकट हो सकता है। शहर के 35 वार्डो में लगे अधिकांश सार्वजनिक नलों में टोटी नहीं हैं। जिसकी वजह से प्रतिदिन सुबह से शाम तक हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है। इस ओर न तो निगम ध्यान दे रहा है और न ही शहरवासी। पानी बचाव के लिए कई मुहावरे जो हर रोज शासन-प्रशासन आम आदमी तक पहुंचाता है। यह सभी वाक्य हर रोज व्यक्ति किसी न किसी प्रकार देख व सुन रहा है, लेकिन इनका पालन न ही जिला प्रशासन कर रहा है और न ही आम नागरिक। मोहल्ले में लगे नलों की टोटी टूटने के बाद ना तो उन्हें सुधारा गया और न ही इसकी लोगों ने कभी शिकायत निगम व संबंधित विभाग से की है। वार्डो के अधिकतर नलों में पाइप नहीं होने से लोग प्लास्टिक पाइप लगाकर काम चला रहे हैं। इससे पानी व्यर्थ बहने से आसपास पानी का जमाव होता है जो कि धीरे-धीरे बीमारियों का कारण बनता है। वहीं मोहल्ले में इस कारण गंदगी भी फैलती है। इसकी वजह से मच्छरों का प्रकोप भी दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। जिसकी वजह से लोगों की परेशानियां और भी बढ़ती ही जा रही हैं। मै लोकप्रिय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि जहां भी पानी की बर्वादी हो रही है।

■ विमल कुमार मेदिनीनगर।

जमीनी प्रयास हुए तो पारंपरिक भारतीय खेलों के दिन फिरेंगे

पिछली पीढियों ने बहुत से ऐसे पारंपरिक खेल खेले हैं, जिन्हें खेलों की प्रचलित दुनिया में शायद खेल नहीं माना जाता। कंकड़ों से गिट्टू, लंगड़ी टांग, चोर-सिपाही, खो-खो, जिसमें यही गाते हुए बच्चे दौड़ते थे, कोड़ा जमाल शाही, पीछे देखा आफत आई। लेकिन बच्चों की दुनिया में वक्त के साथ बदलाव आया। स्कूलों में फुटबॉल, टेनिस, बैडमिंटन, क्रिकेट खेले जाने लगे। इनकी अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का सीधा प्रसारण भी होने लगा। तकनीक के बदलाव के साथ वीडियो गेम्स, कंप्यूटर गेम्स ने बच्चों की दुनिया में जगह बनाई और वे तमाम घरेलू खेल जिन्हें बच्चे खेलते थे, बच्चों की दुनिया से एक तरह से विदा हो गये। बहरहाल, अब समय बदल गया है। भारतीय स्कूलों की गतिविधियों में 75 उन भारतीय खेलों का श्रीगणेश होगा, जिन्हें इस देश में पीढियों से खेला गया है। भगवान गणेश व अन्य देवताओं से जुड़े गुल्ली-डंडा या अन्य पारंपरिक खेलों के प्रसंग अक्सर सुने-सुनाये जाते रहे हैं। मुंशी प्रेमचंद की एक कहानी है गुल्ली-डंडा, जिसकी पंक्तियां हैं, 'विलायती खेलों में सबसे बड़ा ऐब है कि उसके सामान महंगे होते हैं। जब तक कम से कम एक सैकड़ा न खर्च कीजिये, खिलाड़ियों में शुमार ही नहीं हो पाता। यहां गुल्ली-डंडा है कि बिना हर्र-फिटकरी के चोखा रंग देता है; पर हम अंग्रेजी चीजों के पीछे ऐसे दीवाने हो रहे हैं कि अपनी सभी चीजों से अरुचि हो गई है।' पारंपरिक खेलों को चलन में लौटाने की कोशिश सराहनीय है। इन खेलों को शामिल करने के जो प्रमुख कारण बताये जा रहे हैं, वे हैं- बच्चों में सामूहिकता की भावना बढ़ाना, ज्यादा से ज्यादा शारीरिक गतिविधियां और अपनी संस्कृति से परिचित कराना। सच है, इन स्थानीय खेलों को खेलने में कोई खास खर्च भी नहीं आता, क्योंकि ये खेल स्थानीय साधनों से ही खेले जा सकते हैं। अपने बच्चों को उनकी सांस्कृतिक विरासत, जिसमें खेल भी शामिल हैं, बताने की जरूरत है। यह भी कहा जा रहा है कि खेलों से देश की एकता भी बढ़ेगी। लोगों को इन खेलों को फिर से मुख्यधारा के जीवन में शामिल करना पसंद भी आयेगा। इंडियन ट्रेडिशनल गेम्स फेस्टिवल, सिंगापुर में हर साल होता है। इसकी परिकल्पना का उद्देश्य था, भारत के पारंपरिक खेलों के बारे में जागरूकता पैदा करना और दुनिया को इनके बारे में बताना। यह फेस्टिवल पिछले आठ सालों से सिंगापुर में आयोजित किया जा रहा है। पहले पहले इसमें करीब तीन सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया था, पर अब इनकी संख्या ढ़ाई हजार से ऊपर जा पहुंची है। इन पारंपरिक खेलों में किसी भी तरह के महंगे उपकरण अथवा ड्रेस कोड की कोई जरूरत नहीं होती है। इसलिए इन्हें गरीब-अमीर कोई भी खेल सकता है। बच्चे पारंपरिक खेलों को किस तरह अच्छे से अच्छा खेलें, इसके लिए वे अपने घर के बड़ों से भी मदद ले सकते हैं, क्योंकि उन्होंने भी अपने बचपन में इन खेलों को खूब खेला होगा। यह भी कहा गया कि बहुत से स्कूलों में फुटबॉल या बास्केटबॉल खेलने की सुविधाएं अगर न भी हो, तब भी अपने इन पारंपरिक खेलों को बच्चे खेल सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। वे खुद-ब-खुद जीत-हार की रणनीति बना सकते हैं। ये खेल एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक अपने आप ही पहुंचते रहे हैं। इन खेलों में किसी तरह का भेदभाव भी नहीं होता। ये खेल शिक्षा को न केवल भारतीयता से जोड़ेंगे, बल्कि अपनी भरी-पूरी सांस्कृतिक विरासत को नये सिरे से समृद्ध करेंगे। इन खेलों को भारतीय ज्ञान की व्यवस्था (इंडियन नॉलेज सिस्टम) के अंतर्गत प्रचारित किया जायेगा। हालांकि, कहीं यह कवायद कागजी ही न रह जाय। इस नई योजना को जमीनी स्तर पर लागू करना आसान नहीं होगा। इसे आसान बनाने के लिए खेल शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करना पड़ेगा। अभी पूरा जोर क्रिकेट, हॉकी या फुटबॉल पर होता है, लेकिन अब खेल शिक्षकों की जिम्मेदारी बढ़ जायेगी। पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी बढ़ाना पड़ेगा। कल शायद इन खेलों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शामिल कर लिया जाए और मुमकिन है कि गुल्ली-डंडा भी एशियाई खेलों या ओलंपिक में खेला जाए। भारत का सम्मान बढ़े, वह दिन सचमुच कितना अच्छा होगा! **(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

■ क्षमा शर्मा

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नंबर :** 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, **फोन नंबर :** 0651-2283384, **फैक्स नंबर :** 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

न्यूज गैलरी

नीतीश कुमार की अगुवाई में भाजपा को देश की सत्ता से बेदखल किया जायेगा : श्रवण कुमार

समस्तीपुर (एजेंसी)। जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आज कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ देश की सभी क्षेत्रीय दलों को एकजुट किया जा रहा है। श्री कुमार ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि क्षेत्रीय दल एकजुट होकर भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव मे सत्ता से बेदखल करेंगे। उन्होंने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव मे भाजपा सत्ता से बाहर होगी। जदयू नेता ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों के कारण धीरे-धीरे क्षेत्रीय दल भाजपा को छोड़ रही है।

26 बोतल नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

बेतिया (एजेंसी)। पुलिस ने गुप्त सूचना पर खैरवा टोला त्रिमुहान से 26 बोतल नेपाली शराब बाइक से ले जा रहे एक धंधेबाज को धर दबोचा है। ओपी अध्यक्ष विकास कुमार तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज राजू दास इनरवा थानें के खनुआ इनरवा निवासी है। बाइक व शराब को जब्त कर गिरफ्तार धंधेबाज को बिहार मद्धनिषेद्ध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। मारपीट मामले के एक आरोपी भरवा टोला निवासी जाकीर मियां तथा अनुसूचित जाति अत्याचार अधिनियम के फरार आरोपी भरवा टोला निवासी रामचंद्र राय को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

नदी के तेज बहाव में टूट गया बांध कई घर नदी में समाये

मालदह (एजेंसी)। गंगा नदी के तेज बहाव में बांध टूट गया। घटना गुरुवार रात मालदह जिले के मानिकचक ब्लॉक के कालूतोन टोला इलाके की है। इस घटना में बांध का करीब 70 मीटर हिस्सा नदी में विलीन हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार गुरुवार रात गंगा के कटाव के कारण यह घटना घटी। कई घरों के गंगा नदी में डूबने की भी खबर है। शुक्रवार को पुलिस प्रशासन की मदद से नदी किनारे रहने वालों को वहां से दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है। सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस घटना के परिणामस्वरूप यातायात बाधित हो गया है। शुक्रवार को परिस्थिति को देखने के लिए मौके पर जिलाधिकारी सुरेश रानो भी पहुंचे। प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक फिलहाल पीड़ितों समेत इलाके के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया है। बालू के थैलों से नदी को धारा को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही नया बांध बनाया जाएगा।

ट्रक और लोडर की आमने सामने की भिड़ंत में लोडर चालक की मौत

रायबरेली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के बछरांवा इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक और लोडर की आमने सामने भिड़ंत में लोडर चालक की दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार बछरांवा इलाके के कुन्दनगंज के पास कल देर रात एक तेज रफ़्तार ट्रक और लोडर की टक्कर से लोडर चालक रोहित सिंह (30) की मौत हो गई। बताया गया कि लोडर प्रयागराज की तरफ जा रहा था और ट्रक लखनऊ की ओर जा रहा था तभी दोनो गाड़ियों की आमने सामने भिड़ंत से लोडर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद ट्रक चालक ट्रक समेत फरार हो गया। जब आसपास के लोगो ने देखा तो तत्काल पुलिस को डायल 100 पर सूचित किया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन घायल चालक को बचाया न जा सका। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि अभी मुकदमा दर्ज नही किया है पुलिस का कहना है जब तहरीर आएगी तब मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

मोतिहारी जिले में हुई बारिश के बाद गहराया यूरिया संकट

मोतिहारी (एजेंसी)। जिले मे हुई बारिश के बाद एक बार फिर यूरिया खाद को लेकर हाहाकार मच गया है। कई प्रखंडो के किसान यूरिया को लेकर दर दर भटकने को मजबूर है। कई जगह तो किसानो को घंटो लाईन में खड़े रहने के बाद मायूस होकर खाली हाथ घर लौटने को मजबूर है। तो वही कई जगह यूरिया की 266 रुपए की बोरी 500 से 600 मे बिक रही है। सबसे बड़ी आश्चर्य इस बात की है कि जिला कृषि विभाग ने जिले मे 51हजार मीट्रिक टन यूरिया खपत होने का अनुमान लगाया था। जिसमे से अब तक 47768 .82 मीट्रिक टन यूरिया की यानी 93 प्रतिशत यूरिया की आपूर्ति की जा चुकी है लेकिन इसके बाबजूद जिले मे यूरिया की किल्लत बरकरार है। किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष हरिदयाल कुशवाहा,विजय पांडेय,रामविनय सिंह,शे .जावेद ने बताया कि इसका सबसे बड़ा कारण नेपाल मे यूरिया की जा रही तस्करी है।

सड़क किनारे एलईडी स्ट्रीट लाइट खराब है तो करें शिकायत, जल्द होगा समाधान

कटिहार (एजेंसी)। कटिहार नगर निगम क्षेत्र में करीब दस हजार एलईडी स्ट्रीट लगा हुआ है। यदि शहरी क्षेत्र के वार्ड, गली या कहीं भी सड़क किनारे एलईडी स्ट्रीट लाइट बंद है या दिन में जल रही है, तो इसकी कंप्लेंट मोबाईल फोन नं. 8544645413 या 9570792670 पर कर सकते हैं। ईईएसएल कटिहार नगर निगम के इंजीनियर नीरज कुमार ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि एलईडी लाइटों के इस्तेमाल से स्ट्रीट लाइट के महीने का बिजली बिल लगभग आधा हो गया है। नीरज ने बताया कि स्ट्रीट लाइट में किसी भी तरह की शिकायत दर्ज कराने के लिए उक्त नंबर पर डायल कर कर सकते है।

योगी सरकार का दावा

दो लाख हेक्टेयर गैर कृषि योग्य भूमि खेती योग्य बनी

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने राज्य में दो लाख हेक्टेयर ऊसर अर्थात गैर कृषि योग्य जमीन को उर्वर यानी खेती योग्य जमीन बना देने का किया है। जिस जमीन पर तिनका भी मुश्किल से उगता हो, उसे ऊसर या गैर कृषि योग्य जमीन की श्रेणी में रखा जाता है। राज्य सरकार ने एक बयान में शुक्रवार को कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के जरिए सरकार अब तक 02 लाख हेक्टेयर से अधिक गैर कृषि योग्य भूमि को कृषि योग्य (उर्वर) बना चुकी है। इस मद में सरकार अब तक 291 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर चुकी है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बयान में कहा कि ऊसर जमीन को खेती योग्य बनाना समय की मांग है। दरअसल बढ़ती आबादी, औद्योगीकरण और अन्य विकास कार्यों की वजह से उपलब्ध भूमि का रकबा साल दर साल घट रहा है। इसलिये इन कार्यों की वजह से हर साल जमीन के रकबे में 40 से 50 हजार हेक्टेयर की कमी आ रही है। नतीजन खेती का रकबा भी घट रहा है। सरकार की दलील है कि ऐसे में बढ़ती आबादी की खाद्यान्न एवं पोषण सुरक्षा के लिए दो ही विकल्प बचते हैं। उपलब्ध जमीन की उपज बढ़ाई जाय और गैर कृषि योग्य भूमि को क्रमशः खेती योग्य भूमि में बदला जाय। योगी सरकार इन दोनों विकल्पों पर काम कर रही है। अब तक के नतीजे भी अच्छे रहे हैं। एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा गया है कि गैर कृषि योग्य भूमि को कृषि योग्य बनाने से कई लाभ हुए हैं। मसलन प्रति हेक्टेयर उत्पादन में 8.58 कुंतल की वृद्धि हुई है। इस तरह दो लाख हेक्टेयर गैर कृषि योग्य भूमि को कृषि योग्य बनने से कुल उपज में 17.16 लाख कुंतल की वृद्धि हुई है। अगर प्रति कुंतल का मूल्य 2000 रुपये की दर से देखा जाय तो इस उपज की कीमत 343.20 करोड़ रुपये होगी। सरकार का दावा है कि इससे किसानों की आय तो बढ़ी ही है, संबंधित क्षेत्रों के भूजल स्तर में औस्तन 1.42 मीटर की वृद्धि हुई है। इसके स्थाई लाभ हैं। मसलन भूजल स्तर के सुधरने से यह जल सूखे के दिनों में सिंचाई एवं पशुओं के पीने के काम आएगा। इससे जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) की चुनौतियां भी कम होंगी।

सीएम योगी ने देवीपाटन मंदिर में की समीक्षा बैठक

बलरामपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बलरामपुर में देवीपाटन मंडल में चल रहे राज्य सरकार के विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों आवश्यक दिशानिर्देश दिये। योगी शुक्रवार को एक दिन के प्रवास पर बलरामपुर पहुंचे। जहां उन्होंने जिले के तुलसीपुर क्षेत्र में स्थित मां पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर में पूजन दर्शन किया। मंदिर परिसर के बतौर संरक्षक उन्होंने यहां नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। इसके पश्चात उन्होंने मंदिर परिसर के सभागार में देवीपाटन के मंडल आयुक्त और पुलिस उपमहानिरीक्षक समेत कई विभागों के आला अधिकारियों के साथ सरकारी योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने आगामी शारदीय नवरात्र के दौरान देवीपाटन मंदिर में लगने वाले विशाल मेले और मां के दर्शनार्थ आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने एवं बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिये।

सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं के घर छापेमारी करा रही केंद्र सरकार : तेजस्वी यादव

पटना (एजेंसी)। देश के विभिन्न राज्यों में केवल विपक्षी दलों के नेताओं के घर ही केंद्रीय जांच एजेंसियों की छापेमारी पर बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया है। उप मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश में भाजपा के 300 से ज्यादा सांसद हैं। बड़ी संख्या में विधायक हैं लेकिन किसी भी भाजपा नेता के यहां छापेमारी क्यों नहीं होती? क्या वे दूध के धुले हैं। सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार केवल विपक्षी दलों के सांसदों, विधायकों और नेताओं के घर पर ही छापेमारी करवा रही है। बिहार की नीतीश सरकार पर भ्रष्टाचारियों को बचाने के भाजपा के आरोपों पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग बचाने की बात करते हैं वही अपने भ्रष्ट लोगों को बचा रहे हैं। इसलिए भाजपा अपने किसी भी नेता, मंत्री, सांसद, विधायक के यहां कोई छापेमारी नहीं करवा रही है। तेजस्वी ने कहा कि हर जगह देखा जा रहा है कि जो भाजपा में जाता है वह दूध का धुला हो जाता है। केंद्र में बैठे लोगो को इसका जवाब दे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक दिन पहले केरल में बिना नाम लिए विपक्षी दलों पर निशाना साधा था। खासकर बिहार में नीतीश कुमार के महागठबंधन संग मिलकर सरकार बनाने पर कटाक्ष करते हुए विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए एकजुट होने का आरोप लगाया था। पिछले दिनों राजद के करीब आधा दर्जन सांसद और विधायकों के विभिन्न आवासों पर हुई छापेमारी को लेकर तेजस्वी ने केंद्र सरकार पर द्वेषपूर्ण राजनीतिक कार्रवाई करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया है।

औरंगाबाद में की टीम ने भाकपा माओवादी से जुड़े दो शीर्ष नक्सलियों और उनके परिजनों के घर पर की छापेमारी

औरंगबाद (एजेंसी)। बिहार के औरंगाबाद जिले के उपहारा और रफीगंज थाना क्षेत्रों में शुक्रवार की सुबह राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम प्रतिबंधित नक्सली संगठन भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़े दो शीर्ष नक्सलियों एवं उनके परिजनों के घर पर छापेमारी कर रही है। औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने इस छापेमारी की पुष्टि की है और कहा कि जिला पुलिस, एनआईए की टीम को सहयोग कर रही है। उन्होंने बताया कि एनआईए की टीम आज सुबह उपहारा थाना क्षेत्र के परासी गांव स्थित नक्सली प्रवक्ता विजय आर्या की पुत्री शोभा कुमारी के आवास पर पहुंची और वहां छापामारी की। एनआइए की दूसरी टीम रफीगंज थाना क्षेत्र के चंदौल गांव में नक्सली अनिल यादव के घर पर छापेमारी कर रही है।

जदयू कार्यालय में जमकर लगे नारे, देश का प्रधानमंत्री कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो

पटना (एजेंसी)। जदयू की तीन दिवसीय राष्ट्रीय और प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक की शुरू होने से पूर्व प्रदेश कार्यालय में बैठक की व्यवस्था देखने खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पहुंचे। उनके कार्यालय पहुंचते ही कार्यकताओं ने देश का प्रधानमंत्री कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो' के जमकर नारे लगाये। मौके पर मुख्यमंत्री ने नीतीश ने कहा कि कल से शुरू होने वाली बैठक में दूर-दूर से पार्टी के नेता शामिल होने आएंगे। इसीलिए मैं पहले यहां देखने आ गया कि व्यवस्था में कोई कमी तो नहीं रह गई है। पीएम के उम्मीदवारी को लेकर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सब फालतू बात है। मैं बार-बार मना करता हूं और आप सब हर बार यही पूछने लग जाते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में मुझे पीएम कैंडिडेट घोषित किया जाए, मेरी ऐसी कोई इच्छा नहीं है। उल्लेखनीय है कि कल यानि 3 सितंबर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी और फिर 4 सितंबर को राष्ट्रीय परिषद की बैठक है। बताया जा रहा है कि जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद में कई एजेंडे पर मुहर लगना है। बैठक में पार्टी के देश-प्रदेश के सैकड़ों नेता शामिल होंगे। इस बैठक को लोकसभा चुनाव 2024 से जोड़कर देखा जा रहा है। बैठक में सांगठनिक तौर पर कुछ बड़े फैसले लिए जाने की भी संभावना जताई जा रही है।

जिला के सभी भाजपा पदाधिकारी मंडलों में जाकर प्रवास करेंगे : मंगल पांडेय

बगहा (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला के पदाधिकारी जिला के सभी मंड़लों में प्रवास करके भाजपा कार्यसमिति की बैठक आयोजित करेंगे। बैठक दौरान केन्द्र में भाजपा की सरकार के किये गये कार्यों को बतायेंगे। उक्त बातें बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय ने बगहा भाजपा कार्यसमिति के बैठक दौरान कही है। उन्होंने बिहार में एनडीए सरकार के दौरान भाजपा के मंत्रियों द्वारा विकास के किये गये कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि भाजपा बिहार की जनता को जंगलराज से मुक्ति दिलायी थी, परन्तु नीतीश कुमार के पलटी मारने से बिहार की जनता फिर जंगलराज में पहुंच गयी है। बैठक को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा, राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे पूर्व विधायक सह प्रदेश महामंत्री बेबी कुमारी, बगहा विधायक सह जिला अध्यक्ष श्रीराम सिंह ने सम्बोधन किया। इस दौरान बैठक में आगामी कार्ययोजना के तहत भाजपा संगठन जिला बगहा भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारी, सभी मंच मोर्चा, जिल के सभी प्रकोष्ठ, सभी मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री एवं जिला के कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, वीरेंद्र तिवारी, महामंत्री भूपेन्द्र नाथ तिवारी, महामंत्री अचिन्त्य कुमार लाला, आजाद सूखला, चंद्र भूषण सिंह, शिपू चौबे, जिला मंत्री सह मीडिया प्रभारी रितु जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष ओमनिधि वत्स, संजय सिंह, जिलामंत्री राकेश चंद्र राव, भाजपा प्रवक्ता दीपक राही आदि तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

पूर्व मंत्री ददन पहलवान सहित 10 को मारपीट के मामले में दो साल की सजा

बक्सर (एजेंसी)। बिहार के पूर्व मंत्री ददन पहलवान सहित दस लोगों को 17 साल पुराने मारपीट के एक मामले में दो साल कारावास की सजा सुनाई गई है। यह सजा बक्सर के अपर जिला और सत्र न्यायाधीश तीन सह विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट ने सभी को सुनाई है। साथ ही पांच-पांच हजार का अर्थदंड लगाया है। हालांकि, सजा तीन वर्षों से कम होने के कारण कोर्ट ने लगे हाथ सभी को जमानत भी दे दिया। स्पेशल कोर्ट ने आईपीसी के धारा 147-148 के तहत बिहार सरकार के पूर्व मंत्री ददन पहलवान, मदन यादव, मनोज यादव, सुबोध यादव, रामबचन यादव, भीम यादव, भुवर यादव, लक्ष्मण तुरहा, खुशी चंद्र सिंह, अख्तर हुसैन को सजा सुनाई गई है। आर्थिक जुर्माना भुगतान नहीं करने पर एक महीना अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले की जानकारी देते हुए एपीपी सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि 25 अक्टूबर, 2005 को राजद नेता रामजी यादव को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया गया था। रामजी यादव ने 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था। रामजी यादव कोपवां के रहने वाले हैं। उनका आरोप था कि निर्दलीय चुनाव लड़ रहे ददन पहलवान ने इसलिए उनकी पिटाई की क्योंकि उन्होंने राजद प्रत्याशी सुनील कुमार उर्फ पप्पू यादव का विधानसभा चुनाव में प्रचार करते हुए मदद की थी। रामजी यादव ने बताया कि 25 अक्टूबर, 2005 को वे डुमरांव के कलावती काम्प्लेक्स स्थित राजद कार्यालय में बैठे थे। सभी आरोपित वहां पहुंचे और लाठी-डंडे से उनकी जमकर पिटाई की।

महिलाओं व युवाओं को समर्पित है भाजपा सरकार : केशव मौर्य

मिजार्पुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना के मुताबिक युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण से ही राष्ट्र निर्माण संभव है, इसलिये प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं और युवाओं को समर्पित है। मिजार्पुर जिले के प्रभारी मंत्री के रूप में शुक्रवार को यहां पहुंचने पर मौर्य ने तमाम कार्यक्रमों में शिरकत की। सबसे पहले उन्होंने सुबह विंध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद वह 1885 में स्थापित जनपद के सबसे पुराने एएस जुबिली इंटर कालेज में बिना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं से मिलने पहुंचे। इस विद्यालय में सरकार की अभ्युदय योजना के तहत चल रही अभ्युदय कोचिंग के छात्रों से उन्होंने मुलाकात की। उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह से युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये समर्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'अभ्युदय योजना' से गरीब छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिला है। जिले मे अभ्युदय कोचिंग से सफल युवाओं को उन्होंने बधाई दी। जिले में आधा दर्जन से अधिक छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रनिर्माण में जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिले के सभी विधायक एवं आला अधिकारी मौके पर मौजूद थे। अभ्युदय कोचिंग में छात्रों की सफलता एवं व्यवस्था के लिए मौर्य ने प्रधानाचार्य की सराहना की तथा लाइब्रेरी और क्लास रूम को वातानुकूलित बनाने की भी घोषणा की। इससे पूर्व विंध्याचल में देवी के दर्शन पूजन के बाद संवाददाताओं से कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों का सुन्दरीकरण कर आध्यात्मिकता के साथ पर्यटन को बढ़ावा दे कर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने विंध्याचल धाम में कोरिडोर का निरीक्षण कर कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अयोध्या में दर्शनार्थियों की संख्या क?ई गुना बढ़ गई है। विंध्याचल में भक्तों की संख्या में गुणात्मक परिवर्तन आ गया है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कोरिडोर निर्माण में शीघ्रता करने को कहा। मौर्य ने भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं विधायकों के साथ भाजपा कार्यालय में संवाद स्थापित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री के सामने अपना दुखड़ा सुनाया। मौर्य ने अधिकारियों को टाइट करने की बात कह कर उनके जख्मों पर मरहम लगाया। इसके बाद उन्होंने आयुक्त कार्यालय में आयोजित अधिकारियों के साथ बैठक की।

लोलार्क षष्ठी पर्व पर लाखों नि:संतान दम्पतियों ने लोलार्क कुण्ड में आस्था की डुबकी लगाई

- लोलार्केश्वर महादेव का दर्शन कर संतान प्राप्ति की गुहार लगाई, दो किमी तक स्नान के लिए लगी लम्बी लाइन
- 28 साल बाद संतान सप्तमी व लोलार्क षष्ठी का महासंयोग

वाराणसी (एजेंसी)। काशीपुराधिपति की नगरी में लोलार्क छठ पर्व पर शुक्रवार को लाखों निसंतान दम्पतियों ने कड़ी सुरक्षा के बीच संतान सप्तमी व लोलार्क षष्ठी के महासंयोग में एक साथ भदैनी स्थित प्राचीन संकरे लोलार्क कुण्ड में आस्था की डुबकी लगाई। कुंड में डुबकी लगाने के बाद आस्थावानों ने अपने गीले वस्त्र और आभूषण कुंड में ही परम्परानुसार छोड़ दिए। इसके बाद नुकीली सुईयों से बिंधे हुए फल भगवान सूर्य को चढ़ा सन्तान प्राप्ति के लिए उनसे गुहार लगाई।

महापर्व के पूर्व संध्या पर गुरुवार शाम से ही कुण्ड में स्नान के लिए हजारों दम्पति लगभग दो किलोमीटर से भी अधिक लम्बी लाइन में कतारबद्ध होकर स्नान के लिए अपनी बारी का इन्तजार कर रहे थे। उमस और गर्मी के बीच आस्था इस कदर हिलोरे मार रहीं थी कि कतार सोनारपुरा तक लग गई। श्रद्धालुओं ने अस्सी से लोलार्क कुंड और शिवाला से भदैनी तक की गयी बेरिकेडिंग में चादरें बिछा कर अपनी-अपनी जगह छेक ली। इस दौरान फल, फूल, पूजन सामग्री, भतुआ, श्रीफल, कदंब के फल साथ ही बनावटी पायल, बिछियां, नाक की कील और नथुनी जैसे जेवरों की सजी अस्थायी दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। मेला क्षेत्र से जुड़ने वाली सड़कों पर जिला प्रशासन ने यातायात प्रतिबंधित कर दिया था। लोलार्क षष्ठी पर रविन्द्रपुरी स्थित अघोराचार्य बाबा कीनाराम की तप स्थली क्रीं कुण्ड में भी निसंतान दम्पतियों ने सन्तान प्राप्ति के लिए डुबकी लगाई। यहां मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखण्ड से भी श्रद्धालु स्नान के लिए एक दिन पहले ही आ गये थे।

काशी में मान्यता है कि लोलार्क कुण्ड में भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर सूर्य की पहली किरण के साथ स्नान करने से सभी मनोकामना पूरी होती है। मान्यता है कि देवासुर संग्राम के समय भगवान सूर्य के रथ का पहिया इसी स्थान पर गिरा था। इससे ही कुंड का निर्माण हुआ था। इसी स्थान पर लोलार्क नाम के असुर का भगवान सूर्य ने वध किया था। यह भी मान्यता है कि महाभारत काल में कुंती को सूर्य उपासना से ही दानवीर कर्ण जैसे पुत्र की प्राप्ति हुई थी। लोलार्क कुंड में व्रत, अनुष्ठान, स्नान.दान, फलों का बलिदान और लोलार्केश्वर महादेव के दर्शन से भगवान सूर्य की कृपा से गोद अवश्य भर जाती है।

स्कंद पुराण के काशी खंड के 32 वें अध्याय में उल्लेख है कि माता पार्वती ने स्वयं इस कुंड परिसर में स्थित मंदिर में शिवलिंग की पूजा की थी। एक अन्य कथा है कि विद्युन्माली दैत्य शिव का भक्त था। भगवान सूर्य ने इस राक्षस को परास्त किया। इससे क्रोधित होकर भगवान शिव हाथ में त्रिशूल लेकर सूर्य की ओर दौड़े। दौड़ते समय भगवान सूर्य इसी स्थान पर पृथ्वी पर गिरे। इससे इस स्थान का नाम लोलार्क पड़ा। इस कुण्ड का जीर्णोद्धार महारानी अहिल्या बाई होलकर,अमृत राव और कूंच बिहार स्टेट के महाराज ने करवाया था। लोलार्क कुंड का वर्णन गहरवाल के ताम्रपत्रों, महाभारत, स्कंदपुराण के काशी खंड में, शिव रहस्य, सूर्य पुराण और काशी दर्शन में विस्तार से किया गया है। उधर,लोलार्क षष्ठी पर्व में उमड़ने वाली भीड़ को लेकर कमिश्नरेट पुलिस सर्तक है। गुरूवार शाम को पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने मातहतों संग अस्सी और भदैनी क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

ममता के नेतृत्व में गठित राज्य सुरक्षा आयोग के सदस्य बने शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की मांग मान ली है। शुभेंदु को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में नवगठित राज्य सुरक्षा आयोग का सदस्य बनाया गया है। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास है। राज्य सचिवालय से सहमति मिलने के बाद प्रभारी राज्यपाल ला गणेशन ने इस आयोग का गठन किया है, जिसमें अध्यक्ष के तौर पर ममता बनर्जी और दूसरे सदस्य के तौर पर नेता प्रतिपक्ष शामिल हैं। आयोग के अन्य सदस्यों में राज्य के मुख्य सचिव हरि कृष्णा द्विवेदी, राज्य पुलिस के महानिदेशक, सेवानिवृत्त न्यायाधीश असीम राय, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष लीना गांगुली, शिशु अधिकार सुरक्षा आयोग की अध्यक्ष अनन्या चक्रवर्ती, एसएसकेएम अस्पताल के निदेशक मृण्मय बनर्जी और नृसिंह प्रसाद भादुड़ी हैं। यह आयोग लंबे समय तक राज्य में अस्तित्व में नहीं था। हालांकि वाममोर्चा सरकार में ही इस आयोग का खात्मा कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार की भी आलोचना की थी लेकिन 2021 में हुए चुनाव के बाद विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मांग की कि इस आयोग का गठन किया जाए। उन्होंने पिछले साल जून में तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ से मुलाकात की थी और इस संबंध में मांग पत्र दिया था। उन्होंने कहा था कि 2006 में प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। उस फैसले में कहा गया था कि सभी राज्यों को सुरक्षा आयोग बनाना चाहिए। यह आयोग राज्य में पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखेगा। आयोग का गठन इस तरह किया जाना चाहिए कि इसका अस्तित्व राज्य सरकार के नियंत्रण से बाहर एक स्वतंत्र समिति के रूप में रहे। सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षा आयोग के गठन के लिए तीन सूत्र दिए थे। इसमें कहा गया था कि रिबेरो समिति, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग या सोराबजी समिति में से किसी एक की सिफारिश के अनुसार समिति का गठन किया जाए।

न्यूज गैलरी

मुंबई में रेस्तरां चलायेंगे विराट कोहली

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अपनी रेस्तरां चेन का विस्थार करते नजर आ रहे हैं। विराट ने मुंबई के जुहू में मौजूद मशहूर अभिनेता-गायक किशोर कुमार के बंगले (गौरी कुंज) में कुछ हिस्सा खरीद लिया है। अब वह वहां पर वन8 कम्यून नामक रेस्तरां चलाएंगे। विराट लंबे समय से रेस्तरां बिजनेस में हैं। उनके दिल्ली, कोलकाता, पुणे और मुंबई में इसी नाम से रेस्तरां चल रहे हैं। उक्त रेस्तरां में वन8 कोहली की जर्सी नंबर पर है। कोहली 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं। कोहली ने जिस जगह पर रेस्तरां खोला है वहां कुछ साल पहले बी मुंबई नाम का रेस्तरां था। कहा जाता है कि बृहन्मुंबई नगर निगम ने इसे नियमों के खिलाफ निर्माण के कारण नोटिस दिया था। इसके बाद रेस्तरां के एक सेक्शन को तोड़ दिया गया था। अब विराट ने पांच साल के लिए यह जगह लीज पर ले ली है। रेस्तरां खोलने की तैयारियां लगभग मुकम्मल हो चुकी हैं। इसमें विराट कोहली का फेवरेट खाना भी मिलेगा। बता दें कि भारतीय स्टार बल्लेबाज पहले से ही वन8 ब्रांड के तहत कपड़े, सुगंध, जूते आदि के व्यवसाय में हैं। उन्होंने कपड़ों और एक्सेसरीज ब्रांड व्रोगन में भी निवेश किया है। वैसे भी विराट अब मुंबई में ही रहते हैं। उन्होंने बॉलीवुड अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ मुंबई में एक महंगा घर खरीदा था, जोकि खरीद के वक्त खूब चर्चा में रहा था।

अपने ही रैकेट से चोटिल हो गये राफेल नडाल

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। राफेल नडाल यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मैच के दौरान अपनी ही गलती से नाक पर चोट लगा बैठे जिसके कारण खून बहने लग गया था। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ने फैबियो फोगनिनी पर 2-6, 6-4, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। इस बीच चौथे सेट में गलती से उन्होंने एक शॉट बचाने के प्रयास में अपने ही रैकेट से नाक पर चोट लगा दी। इससे उनकी नाक से खून बहने लग गया था। आर्थर ऐस स्टेडियम में इस घटना से अजीबो-गरीब स्थिति बन गई और लगभग पांच मिनट तक खेल रुका रहा। नडाल ने तुरंत ही दोनों हाथों से अपना मुंह ढक दिया और मैच के बाद इस घटना को लेकर मजाकिया अंदाज में बात भी की। नडाल से पूछा गया क्या इससे पहले भी उनके साथ ऐसी घटना घटी थी, उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा गोल्फ कोर्स में ऐसा हुआ था लेकिन टेनिस रैकेट से पहले ऐसा कभी नहीं हुआ। शुरू में मुझे थोड़ा चक्कर जैसा आया। तब हल्का दर्द हो रहा था।

जापान ओपन : कड़ी चुनौती पेश करने के बाद क्वार्टर फाइनल में हारे प्रणय

ओसाका (एजेंसी)। एचएस प्रणय को शुक्रवार को यहां विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन से तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा जिससे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। इस 30 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने आखिर तक हार नहीं मानी लेकिन चाउ ने भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती तथा एक घंटा 20 मिनट तक चले इस मैच में 21-17, 15-21, 22-20 से जीत दर्ज की। बाकी खिलाड़ियों के जल्दी बाहर होने के बाद भारत की उम्मीदें प्रणय पर ही टिकी थी। पिछले कुछ समय से निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की तथा तीसरे और निर्णायक गेम में भी आखिरी क्षणों तक खुद को मुकाबले में बनाए रखा। इस मैच से पहले पिछले दो मैचों में चाउ पर जीत दर्ज करनेवाले प्रणय ने पहले गेम में शुरू से दबदबा बना दिया था और एक समय वह 12-8 से बढ़त पर थे। चाउ ने हालांकि प्रणय की गलतियों का फायदा उठाया और जल्द ही 15-14 से आगे हो गए। प्रणय ने चाउ के बैकहैंड को फिर से नेट पर खेला जिससे ताइपे के खिलाड़ी के पास तीन गेम प्वाइंट आ गए। उन्होंने क्रॉस कोर्ट रिटर्न से यह गेम अपने नाम किया। चाउ ने दूसरे गेम में भी 5-4 की मामूली बढ़त से शुरूआत की। उनका आक्रामक रवैया भारतीय खिलाड़ी पर भारी पड़ रहा था जो लगातार गलतियों के कारण 6-10 से पीछे हो गए थे। प्रणय का भाग्य ने भी साथ दिया और वह स्कोर 10-10 से बराबर करने में सफल रहे। चाउ ने इंटरवल तक मामूली बढ़त हासिल की लेकिन इसके बाद प्रणय ने गजब का खेल दिखाया जबकि चाउ ने लगातार गलतियां की। प्रणय ने जल्द ही 19-14 से बढ़त हासिल कर दी और फिर उन्होंने यह गेम जीतने में देर नहीं लगाई। प्रणय ने तीसरे और निर्णायक गेम में शुरू में गलतियां की जिससे चाउ ने 6-4 की बढ़त हासिल कर दी। इंटरवल तक ताइपे के खिलाड़ी के पास छह अंक की मजबूत बढ़त थी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने कुछ शानदार क्रॉस कोर्ट लगाकर जल्द ही स्कोर 12-13 कर दिया। लेकिन प्रणय ने फिर से गलतियां की जिससे चाउ ने 17-14 से बढ़त बना दी। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद तीन मैच प्वाइंट बचाए लेकिन फिर से उनकी सर्विस सही नहीं रही जिससे चाउ को मैच प्वाइंट मिला और इस बार उन्होंने उसे हासिल करने में कोई गलती नहीं की।

कल्याण चौबे बने एआईएफएफ के अध्यक्ष

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व गोलकीपर एवं पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता कल्याण चौबे शुक्रवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के चुनाव में दिग्गज फुटबॉल खिलाडी बाइचुंग भूटिया को हराकर अध्यक्ष बन गए। एआईएफएफ के चुनावों के लिये मतदान नयी दिल्ली में हुआ। चौबे ने जहां भूटिया को 33-1 के बड़े अंतर से मात दी। एआईएफएफ के 85 साल के इतिहास में चौबे पहले ऐसे व्यक्ति हैं जो खिलाड़ी के बाद अध्यक्ष बने हैं। अपने करियर के शुरूआती हिस्से में ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब के ड्रेसिंग रूम में साथ समय बिता चुके चौबे और भूटिया प्रफुल्ल पटेल के उत्तराधिकारी बनने के लिए एक-दूसरे के आमने-सामने थे। भारत के 36 राज्य फुटबॉल संघों में से लद्दाख और जम्मू-कश्मीर को मतदान की अनुमति नहीं दी गयी। अध्यक्ष की दौड़ में कल्याण हमेशा से ही आगे चल रहे थे। भूटिया के नामांकन के बाद चुनावी सरगर्मियां थोड़ी बढ़ीं, लेकिन सिक्किमी स्निपर राज्य संघों से लगातार बातचीत के बावजूद एक से ज्यादा वोट हासिल नहीं कर सके।

एशिया कप : पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर बोले -

कोहली की जगह नंबर-3 पर सूर्य कुमार को करनी चाहिए बल्लेबाजी

दुबई (एजेंसी)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने दावा किया कि वह एशिया कप-2022 के आगामी मैचों में विराट कोहली की जगह सूर्यकुमार यादव को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते देखना चाहेंगे। बुधवार को अपने दूसरे ग्रुप ए मैच में हांगकांग पर 40 रन की जीत के बाद, रोहित शर्मा और उनके साथी एशिया कप के सुपर-4 चरण के लिए क्वालीफाई करनेवाली दूसरी टीम बन गए। विराट कोहली (59*) और सूर्यकुमार यादव (68*) ने टीम इंडिया के लिए बल्ले से अभिनय किया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 98 रन की साझेदारी कर भारत को 192 के कुल स्कोर के साथ एक कमांडिंग स्थिति में ला दिया। इसके बाद गेंदबाजों ने हांगकांग को 40 रन पहले रोककर मैच को अपने नाम करते हुए सुपर-4 में जगह बनाई। एक पोल में अधिकांश प्रशंसकों ने विराट कोहली को भारत के नंबर तीन के रूप में जारी रखने के लिए वोट दिया। वहीं, कमेंट्री बॉक्स में मौजूद गंभीर की इस विषय पर बिल्कुल अलग राय थी। फिलहाल सूर्यकुमार की फॉर्म को देखते हुए गंभीर का मानना है कि भारतीय टीम प्रबंधन को आगामी मैचों में मुंबई के खिलाड़ी को विराट कोहली से आगे नंबर 3 पर प्रमोट करना चाहिए।

गंभीर ने कहा कि सूर्यकुमार यादव जैसा कोई, जो इतने अच्छे फॉर्म में है, आप उसके फॉर्म का इस्तेमाल करना चाहेंगे। विराट कोहली 4 पर आ सकते हैं, हार्दिक पांड्या 5 पर आ सकते हैं और फिर आप बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल कर सकते हैं। भारत के शीर्ष क्रम को देखते हुए गंभीर का मानना है कि सूर्या जैसा खिलाड़ी तीसरे नंबर पर होना चाहिए ताकि दबाव को जल्दी कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार एक तरह के खिलाड़ी हैं जो एक सलामी बल्लेबाज के जल्दी आउट होने पर दबाव को दूर कर सकते हैं। मैं वास्तव में एक खाका रखने में विश्वास नहीं करता, लेकिन वह विस्फोटक खेल सकता है। सूर्यकुमार किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं और उन्होंने कप्तान रोहित और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को भी इस बात से अवगत करा दिया है।

श्रीलंका ने चार साल बाद लिया नागिन डांस वाला बदला, बांग्लादेश को जमकर किया ट्रोल

दुबई (एजेंसी)। एशिया कप-2022 के अहम मुकाबले में बांगलादेश को हराकर श्रीलंका ने चार साल पुराना अपना नागिन डांस वाला बदला ले लिया है। 2018 में श्रीलंकाई टीम निदहास ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचने से चूक गई थी। तब बांगलादेश ने श्रीलंका को हराने के बाद मैदान पर खूब नागिन डांस किया था। अब जब एशिया कप में सुपर-4 में आगे जाने के लिए दोनों में रोमांचक जंग जारी थी तब भी बांगलादेश के क्रिकेट प्रशंसक नागिन डांस करने से बाज नहीं आए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम जब लगातार विकेट गंवा रही थी तब दर्शक दीर्घा से फैन लगातार श्रीलंकाई टीम के नागिन डांस कर ट्रोल कर रही थी। लेकिन आखिर में जब मैच खत्म हुआ तो श्रीलंकाई प्लेयरों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। श्रीलंका टीम जैसे ही आखिरी ओवर में फर्नांडो की गेंदों पर जीतती दिखी, पवेलियन में बैठे श्रीलंकाई प्लेयर चमिका करुणारत्ने भी नागिस डांस कर बांगलादेश के प्लेयरों को चिढ़ाने से पीछे नहीं हटे। 2018 में निदहास ट्रॉफी से बाहर करने पर बांगलादेश ने श्रीलंकाई प्लेयरों का खूब मजाक बनाया था। अब चार साल बाद श्रीलंका ने बांगलादेश को एशिया कप से बाहर कर इसका बदला ले लिया है। मैच की बात करें तो श्रीलंकाई टीम ने एशिया कप 2022 के सुपर-4 में जगह बना ली है। आगे बढ़ने के लिए श्रीलंका को 184 रन बनाने थे जोकि उन्होंने पुछल्ले बल्लेबाजों के सहयोग से बना लिए। इससे पहले श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टॉस जीतने के बाद बांगलादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया था। बांगलादेश ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 183 रन बनाए। हसन मिराज ने 39, शाकिब ने 24, अफीफ हुसैन ने 39, महमुदुल्लाह ने 27, हुसैन ने 24 रनों का योगदान दिया। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंकाई टीम ने कुसल मेंडिस के 60, दासुन शनाका ने 45 रन बनाकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

अफगानिस्तान को हल्के में नहीं ले सकते टीम ज्यादा गलतियां नहीं करती : चोपड़ा

दुबई (एजेंसी)। आयरलैंड के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल श्रृंखला हारने के बाद अफगानिस्तान की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता पर कई लोगों ने सवाल उठाया था, लेकिन एशिया कप 2022 में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे सबसे छोटे प्रारूप में इतनी भयंकर टीम क्यों हैं। दो बैक-टू-बैक जीत के साथ अफगानिस्तान ने एशिया कप के सुपर-4 के लिए क्वालीफाई किया। भारत के पूर्व क्रिकेटर निखिल चोपड़ा का मानना है कि किसी को भी अफगानिस्तान को हल्के में नहीं लेना चाहिए। राशिद खान और मुजीब उर रहमान के फॉर्म में होने से अफगानों को टूर्नामेंट के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। चोपड़ा ने कहा, जिस तरह की गलतियां बांग्लादेश या श्रीलंका की टीम ने की अफगानिस्तान ऐसी गलतियां नहीं करता है और मैं उस पर गारंटी दे सकता हूं। अगर आप नो बॉल या अतिरिक्त रन देने की बात करें तो आप देखेंगे कि अफगानिस्तान कड़ा क्रिकेट खेलता है। भले ही आप एक महान खिलाड़ी हों या एक महान टीम, आपको अफगानिस्तान को हराने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना होगा। आप उन्हें हल्के में नहीं ले सकते। इस बीच श्रीलंका के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश अब 2022 एशिया कप से बाहर हो गया है। श्रीलंका ने गुरुवार (1 सितम्बर) को उन्हें दो विकेट से हराकर प्रतियोगिता के सुपर-4 के लिए क्वालीफाई किया।

जेम्स एंडरसन ने बढ़ती ट्रोलिंग की वजह से ट्विटर पर ऋषभ पंत शब्द को किया म्यूट

लंदन (एजेंसी)। जब से ऋषभ पंत ने इंगलैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को विकेट के पीछे शॉट मारा है तब से क्रिकेट फैंस एंडरसन की ऋषभ पंत का नाम लेकर खूब खिंचाई कर रहे हैं। इस बात का खुलासा खुद जेम्स एंडरसन ने किया है। एंडरसन की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें वह दोस्तों के साथ बैठे इसका रोचक खुलासा करते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, एंडरसन से उनके दोस्त उनके ट्विटर अकाऊंट पर उस शब्द को बैन (म्यूट) करने की बात कहते हैं जिससे वह ज्यादा परेशान हैं। एंडरसन इस दौरान ऋषभ पंत का नाम लेते हैं। एंडरसन के मुंह से पंत का नाम सुनकर उनके दोस्त हंसने लगते हैं। महज 27 सेकेंड की इस वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। एंडरसन ऋषभ पंत के अलावा, ग्लेन मैक्ग्रा, स्टेन से भी बदतर, रिवर्स, स्वीप, और रिवर्स-स्वीप आदि शब्दों को भी म्यूट कर चुके हैं। इस सूची में क्लाउडर्सन शब्द भी शामिल हैं, जिस शब्द का इस्तेमाल प्रशंसक जेम्स एंडरसन को ट्रोल करने के लिए करते हैं। यह शब्द इस्तेमाल प्रचलित है जिसमें दावा किया जाता है कि एंडरसन तभी अच्छा प्रदर्शन करते हैं जब बादल छाए हुए होते हैं।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पर लगा 7500 डॉलर का जुर्माना

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के तुनक मिजाज खिलाड़ी निक किर्गियोस पर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मैच के दौरान खेल भावना के विपरीत व्यवहार करने के लिए 7500 डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। किर्गियोस को बुधवार को खेले गए मैच के दौरान दर्शक दीर्घा में मौजूद किसी के प्रति अभद्र भाषा का उपयोग करने के लिए चेतावनी भी दी गई। ऐसा लग रहा था कि विंबलडन का विजेता यह खिलाड़ी अपने ही बॉक्स में किसी पर चिल्ला रहा था और उससे अधिक समर्थन करने या फिर वहां से चले जाने के लिए कह रहा था। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट के दौरान चेयर अंपायर से गांजा की गंध आने की भी शिकायत की थी। किर्गियोस ने इस मैच में जीत दर्ज की थी।

लीजेंड्स लीग क्रिकेट : कप्तानी करेंगे हरभजन सिंह और इरफान पठान

नयी दिल्ली (एजेंसी)। लीजेंड्स लीग क्रिकेट फ्रेंचाइजी टीमों ने शुक्रवार को अंतिम दो टीमों के कप्तानों को घोषणा कर दी है। 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य हरभजन सिंह मणिपाल टाइगर्स जबकि भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान भीलवाड़ा किंग टीम की कमान संभालेंगे। पठान की स्विंग और हरभजन की गुगली ने जहां सालों से प्रशंसकों को आकर्षित किया है, वहीं क्रिकेट प्रेमियों के लिए अपने पसंदीदा सितारों को एक बार फिर एक्शन में देखने का यह एक शानदार मौका होगा। 417 टेस्ट विकेट लेनेवाले हरभजन सिंह ने कलाई के स्पिनरों के युग में फिंगर स्पिन के लिए झंडा फहराया। उन्होंने 103 टेस्ट मैचों और 236 एकदिवसीय मैचों के साथ 28 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

कप्तानी पर हरभजन सिंह का बयान : मणिपाल टाइगर्स के कप्तान हरभजन सिंह ने कहा कि वर्षों में सभी महान खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए मैंने खेल की बारीकियों को सीखा है जिसने मुझे एक बेहतर क्रिकेटर बनाया है। एक क्रिकेटर के रूप में मुझे टीम की कप्तानी करने का मौका नहीं मिला, लेकिन यह कुछ ऐसा होगा जिसे मैं वास्तव में आगे देख रहा हूं। उन्होंने कहा, मुझे सामने से नेतृत्व करना पसंद है और मुझे उम्मीद है कि मैं अपनी जिम्मेदारी और विश्वास के साथ न्याय कर सकता हूं। भीलवाड़ा किंग्स के कप्तान बड़ौदा एक्सप्रेस ने कहा, आप जो कर रहे हैं उसका आनंद लेने की जरूरत है और उस प्रयास को 100 प्रतिशत देना ही मायने रखता है। यह अवसर अद्वितीय है, लेकिन हमें विश्वास है कि हम एक टीम के रूप में कुछ बदलाव करेंगे। गौर हो कि लीग 16 सितम्बर 2022 को कोलकाता के ईडन गार्डन में शुरू होगी इसके बाद लखनऊ, नयी दिल्ली, कटक और जोधपुर में मैच होंगे। प्ले-ऑफ और फाइनल के लिए जगह अभी तय नहीं हुई है।

विराट कोहली की बायोपिक करने के लिए अभिनेता ने जाहिर की इच्छा

मुंबई (एजेंसी)। विराट कोहली का इतना बड़ा फैन बेस है कि बहुत कम लोग होंगे जो शायद उन्हें नहीं जानते। अभिनेता विजय देवरकोंडा भारत बनाम पाकिस्तान मैच देखते हुए नजर आए थे। अभिनेता ने विराट कोहली पर बायोपिक करने की तीव्र इच्छा व्यक्त की है। मैच की हाइप इस कदर थी कि पूरी दुनिया टीवी पर यह महा मुकाबला देख रही थी जिसे भारत ने अपने नाम किया। विराट कोहली ने अपनी फॉर्म में वापस आ रहे हैं और उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेलकर इसका सबूत भी दिया। जब उनसे पूछा गया कि आप किस बायोपिक में काम करना चाहेंगे तो उन्होंने कहा, धोनी की बायोपिक पहले ही सुशांत कर चुके हैं। ऐसे में मैं विराट की बायोपिक करने में दिलचस्प हूं।



न्यूज गैलरी

सिर्फ 2 दिन में अनिल अंबानी की कंपनी का धांसू परफॉर्मेंस, चमकी निवेशकों की किस्मत

नई दिल्ली (एजेंसी)। भले ही अनिल अंबानी की पावर कंपनी, रिलायंस पावर कर्ज के बोझ तले दबी हो लेकिन इस पर दांव लगाने वाले निवेशकों की चांदी है। सिर्फ दो कारोबारी दिन के भीतर रिलायंस पावर का शेयर 37 फीसदी तक चढ़ा है। इसी के साथ शेयर का भाव 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर भी पहुंच गया है। क्या है शेयर भाव: शुक्रवार को रिलायंस पावर के शेयर का भाव 52 सप्ताह के उच्च स्तर 23.75 रुपये पर पहुंचा गया। शेयर अपने 20.28 रुपये के पिछले बंद से करीब 18 प्रतिशत तक उछल गया। बीएसई पर रिलायंस पावर का बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) बढ़कर 7,700 करोड़ रुपये से ज्यादा है। बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) ने रिलायंस पावर में जबरदस्त खरीदारी की है। यह कंपनी उन 32 सूचीबद्ध शेयरों में शामिल है, जिनमें एफआईआई ने पिछले एक साल में अपनी हिस्सेदारी कम से कम 3 फीसदी बढ़ाई है। बता दें कि इस साल जुलाई की शुरूआत में, रिलायंस पावर के शेयरधारकों ने वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान अपनी संपत्ति के मुद्रीकरण के लिए एक विशेष प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। सभी विशेष प्रस्तावों को शेयरधारकों के 75 प्रतिशत या अधिक मतों द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक था। कंपनी द्वारा बीएसई फाइलिंग से पता चला कि 72.02 प्रतिशत वोट प्रस्ताव के पक्ष में थे, जबकि 27.97 प्रतिशत ने इसके खिलाफ मतदान किया। इस तरह एजीएम में विशेष प्रस्ताव पारित नहीं किया जा सका।

टाटा ग्रुप की कंपनी ने 3 दिन में दिया 52 फीसद से अधिक रिटर्न

नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज लि. अपने निवेशकों के पैसे को पिछले 3 दिन में ही डेढ़ गुना से अधिक कर दिया। अगर किसी ने 3 दिन पहले इस स्टॉक में 1 लाख रुपये लगाया हो तो उसका एक लाख आज डेढ़ लाख से अधिक हो गए होंगे। पिछले 3 दिन में टीटीएमएल ने 52 फीसद से अधिक रिटर्न दिया है। बता दें कंपनी के शेयर पिछले 52 हफ्तों में 33.05 रुपये का लो से 290.15 रुपये के हाई तक गया और आज 9:35 के आस-पास यह बीएसई पर करीब 8 फीसद ऊपर 139.50 रुपये पर पहुंच गया। स्टॉक पिछले 3 दिनों से बढ़ रहा है और इस अवधि में 52.49 प्रतिशत रिटर्न बढ़ा है। इन तीन दिनों में दो बार अपर सर्किट लग चुका है। टीएमएल शेयर आज 3.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ खुला और स्टॉक ने 140 रुपये (9.8 प्रतिशत) के उच्च स्तर को छुआ। आज स्टॉक 22.22 प्रतिशत की इंट्रा डे वोलैटिलिटी के साथ अत्यधिक अस्थिर रहा है। इसमें निवेशकों की बढ़ती भागीदारी 5 दिन, 20 दिन, 50 दिन और 100 दिन मूविंग एवरेज से अधिक लेकिन 200 दिन मूविंग एवरेज से कम है।

बिजली चोरी रोकने, दक्षता बढ़ाने के लिए बीएसईएस ने बिजले के साथ समझौता किया

नयी दिल्ली। बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस ने हरित और डिजिटल भविष्य की खातिर कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित समाधान के लिए बिजले नाम की कंपनी के साथ समझौता किया है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इस समझौते के तहत बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और बिजले विभिन्न क्षेत्रों में परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए एआई आधारित समाधान के विकास एवं क्रियान्वयन के लिए सहयोग करेंगी। बीएसईएस ने बताया कि इससे तकनीकी और वाणिज्यिक घाटे में कमी लाई जा सकेगी, बिजली चोरी का पता लगाया जा सकेगा, बिजली भार का पूवार्नुमान लगाया जा सकेगा, मौसम और नेटवर्क से संबंधित जानकारी मिल सकेगी।

चालू खरीफ सत्र में अबतक धान बुवाई का रकबा 5.62 प्रतिशत घटकर 383.99 लाख हेक्टेयर पर

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कुछ राज्यों में बारिश कम होने के कारण चालू खरीफ सत्र में अबतक धान फसल का रकबा 5.62 प्रतिशत घटकर 383.99 लाख हेक्टेयर रह गया है। कृषि मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। एक साल पहले की समान अवधि में धान की बुवाई 406.89 लाख हेक्टेयर में की गई थी। धान मुख्य खरीफ फसल है और इसकी बुवाई जून से दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरूआत के साथ शुरू होती है और अक्टूबर से कटाई की जाती है। चालू खरीफ सत्र में अब तक झारखंड में धान की बुवाई का रकबा पिछले साल के मुकाबले 9.80 लाख हेक्टेयर कम है जबकि मध्य प्रदेश में 6.32 लाख हेक्टेयर, पश्चिम बंगाल में 4.45 लाख हेक्टेयर, छत्तीसगढ़ में 3.91 लाख हेक्टेयर, उत्तर प्रदेश में 2.61 लाख हेक्टेयर और बिहार में धान बुवाई का रकबा पिछले साल से 2.18 लाख हेक्टेयर कम है। वहीं ओडिशा (84,000 हेक्टेयर), आंध्र प्रदेश (31,000 हेक्टेयर), असम (29,000 हेक्टेयर), मेघालय (21,000 हेक्टेयर), पंजाब (12,000 हेक्टेयर), जम्मू-कश्मीर (5,000 हेक्टेयर), मिजोरम (3,000 हेक्टेयर), सिक्किम (2,000 हेक्टेयर) और त्रिपुरा (1,000 हेक्टेयर) में धान बुवाई के रकबे में खास गिरावट नहीं आई है। धान के अलावा चालू खरीफ सत्र में अबतक 129.55 लाख हेक्टेयर के साथ दलहन की बुवाई में मामूली गिरावट आई है। एक साल पहले की समान अवधि में यह रकबा 135.46 लाख हेक्टेयर था। अरहर दलहन का रकबा पिछले साल के 47.56 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 44.86 लाख हेक्टेयर में मामूली रूप से कम है। उड़द का रकबा 36.62 लाख हेक्टेयर है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 38.18 लाख हेक्टेयर था। तिलहन बुवाई का रकबा भी पिछड़ रहा है क्योंकि चालू खरीफ सत्र में दो सितंबर तक 188.51 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में इसकी बुवाई हुई थी। एक साल पहले की समान अवधि में यह रकबा 189.66 लाख हेक्टेयर था। हालांकि, मोटे-सह-पोषक अनाज के मामले में, बुवाई बढ़कर 178.96 लाख हेक्टेयर हो गयी है। जो पिछले साल की समान अवधि में 171.62 लाख हेक्टेयर थी।

हिमाचल में कामधेनु दूध दो रुपये प्रति लीटर मंहगा हुआ

हमीरपुर (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश में कामधेनु दूध गुरुवार से दो रुपये प्रति लीटर मंहगा हो गया। यह जानकारी उत्पादक-एवं-विक्रेता संघ ने दी। कामधेनु हितकारी मंच के नानक सिंह के अनुसार दुग्ध उत्पादक परिवारों के हितों को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने यह निर्णय लिया है। गाय के दूध के उत्पादक एवं विक्रेता ने इससे पहले तीन मार्च को दूध के दाम में दो रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की थी। वेरका कंपनी ने 19 अगस्त को राज्य में दूध के दम में दो रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की थी। श्री सिंह ने कहा कि गायों को खिलाने के लिए कुट्टी और खल की कीमतों में वृद्धि के कारण संगठन को दूध के दाम बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा। पूरे हिमाचल प्रदेश में दूध की आपूर्ति कामधेनु संस्था द्वारा की जाती है। इस दूध को बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी, कुल्लू, सोलन, शिमला जिलों के साथ चंडीगढ़ में भी पहुंचाया जाता है। इससे पहले कामधेनु दूध हिमाचल प्रदेश के निचले इलाकों जैसे बिलासपुर, हमीरपुर में 52 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था जबकि पहाड़ी इलाकों जैसे शिमला, कुल्लू, मंडी और सोलन में इसकी कीमत 54 रुपये प्रति लीटर थी। बिलासपुर और हमीरपुर में आज से गाय का दूध 54 रुपये प्रति लीटर, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में 56 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कामधेनु संस्था से राज्य के 6,000 परिवार जुड़े हुए हैं। संस्थान इन परिवारों से लगभग प्रतिदिन 40,000 लीटर दूध एकत्रित करती है।

91 स्प्रिंगबोर्ड को गूगल फॉर स्टार्टअप्स से गठजोड़

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत की प्रमुख को-वर्किंग कम्युनिटी में से एक 91 स्प्रिंगबोर्ड ने लेवल अप लॉन्च करने के लिए गूगल फॉर स्टार्टअप्स (जीएफएस) के साथ सहयोग किया है। लेवल अप एक राष्ट्रव्यापी वर्चुअल ऐक्सिलरेटर प्रोग्राम है, जिसका उद्देश्य भारत में महिला उद्यमियों को अपने स्टार्टअप को अगले स्तर तक ले जाने में सक्षम बनाना है। व्यवसाय, तकनीक, नेतृत्व और निवेश की तैयारी के प्रमुख घटकों को मिलाकर, यह ऐक्सिलरेटर प्रोग्राम महिला उद्यमियों को संरक्षण प्रदान करेगा, उनके लिए मास्टरक्लासेस चलाएगा और उनके संपर्क को बढ़ाएगा और प्रासंगिक उपकरण मुहैया करायेगा। इससे उनका मॉडल बेहतर होगा, उनका नेतृत?व कौशल बढ़ेगा। इतना ही नहीं, उन्हें अपने व्यावसाय को बढ़ाने के लिए निवेश के लिए तैयार होने और पूंजी तक पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी। लेवल अप महिलाओं द्वारा झेली जा रही बाधाओं को दूर करना चाहते हैं। इसके लिए हम उनके लिए निजी एवं व्यावसायिक वृद्धि के अवसरों का निर्माण कर रहे हैं, उन्हें ज्यादा दृश्यता और एक राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहे हैं और निवेशकों के साथ संपर्क बनाकर पूंजी तक उनकी पहुंच को बेहतर बना रहे हैं। इस प्रोग्राम को विशेष रूप से महिला उद्यमियों को सपोर्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो विश्वसनीय परामर्श, समकक्ष समूहों और अन्य व्यवसाय संबंधी सहायता तक पहुँच की तलाश में हैं। 91 स्प्रिंगबोर्ड के सीईओ आनंद वेमुरी ने कहा, हम भारत में लेवल अप प्रोग्राम लॉन्च करने में गूगल फॉर स्टार्टअप्स के साथ सहयोग करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। 91स्प्रिंगबोर्ड ने हमेशा स्टार्टअप पारितंत्र को पोषित करने और सीखने के पर्याप्त अवसरों के माध्यम से विकास को बढ़ावा देने में विश्वास किया है। हमारा मानना है कि किसी भी व्यावसायिक क्षेत्र के विकास और नवाचार में वैश्विक अनुभव और शानदार कार्यपद्धतियों को साझा करना सबसे बुनियादी जरूरत है। ज्यादा से ज्यादा महिलाएँ स्टार्टअप शुरू कर उनका संचालन कर रही हैं लेकिन उनके पास आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त समर्थन प्रणाली नहीं है।

भारत ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रति दिन औसतन 90 लाख से ज्यादा डीबीटी भुगतान हस्तांतरित किये

एक दिन में 28.4 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारत आज विशेष रूप से डिजिटल भुगतान में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है और नागरिकों के जीवन और शासन को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में भी प्रमुख देश बन रहा है - भारत स्टैक और अन्य विभिन्न डिजिटल सरकारी समाधान पाने की इच्छा अब दुनिया के देश रखते हैं - प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सोच को धन्यवाद जिससे भारत डिजिटल में नेतृत्व करता है और डिजिटल भारत को आगे ले जाता है। इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने डिजिटल भुगतान और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के सफल मॉडल के बारे में बोलते हुए कहा, जो करोड़ों भारतीय नागरिकों को लाभान्वित कर रहा है। 2013 के बाद से 24.8 लाख करोड़ से अधिक डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए गए हैं, इसमें से अकेले वित्त वर्ष 2021-22 में 6.3 लाख करोड़ हस्तांतरित किए गए; प्रतिदिन (वित्त वर्ष 2021-22 में) औसतन 90 लाख डीबीटी भुगतान से ज्यादा किए गए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 11वीं किस्त के तहत, लगभग 20,000 करोड़ रुपये सीधे 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित किए गए। जहां तक डिजिटल भुगतान का संबंध है, 2021-22 के दौरान 8,840 करोड़ से अधिक और वित्त वर्ष 2022-23 में (24 जुलाई 2022 तक) लगभग 3,300 करोड़ डिजिटल भुगतान के लेनदेन किए गए; एक दिन में औसतन 28.4 करोड़ डिजिटल लेनदेन किए गए। डिजिटल एसेट्स (डीबीटी, जेएएम त्रिमूर्ति, एनपीसीआई आदि) के निर्माण में भारत की यह सफलता की कहानी एक उदाहरण हो सकती है जिससे न केवल 'विकासशील' बल्कि 'विकसित' देश भी सीख सकते हैं।

पश्चिम बंगाल में ट्रांसमिशन टॉवर विनिर्माता समूह पर आयकर की छापेमारी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आयकर विभाग ने बिजली पारेषण एवं वितरण (टी एंड डी) के काम आने वाले लोहे के खम्भे आदि बनाने के काम करने वाले कोलकाता के एक प्रमुख कंपनी समूह के ठिकानों पर छापे और तलाश अभियान में 250 करोड़ रुपये की बेहिसाब आय तथा सम्पत्ति का पता लगाया है। वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह कार्रवाई इस समूह के पश्चिम बंगाल और झारखंड में फैले 28 परिसरों पर 24 अगस्त को की गयी। यह कंपनी समूह स्टील स्ट्रक्चर्स, स्टील ईआरडब्ल्यू पाइप और पॉलिमर उत्पादों आदि के विनिर्माण और आपूर्ति का कारोबार करता है। विज्ञप्ति के अनुसार कर अधिकारियों को इस तलाश अभियान के दौरान समूह द्वारा अपनाए गए कर चोरी के विभिन्न तरीकों का पता चला। उन्हें फर्जी खर्च और अघोषित नकद बिक्री की बुकिंग वाले दस्तावेज और डिजिटल डेटा के रूप में बड़ी संख्या में आपत्तिजनक सबूत मिले हैं। छापों में कुछ ठिकानों से अचल संपत्ति की खरीद और भारी नकद ऋण बेहिसाब तथा नकदी के बेहिसाब उपयोग के सबूत भी जब्त किए गए हैं।

भारत 2032 तक दुनिया का छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार होगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत अगले 10 साल में दुनिया का छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार बन जाएगा। एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, इस वृद्धि को नियामकीय पहल और तेज आर्थिक वृद्धि से समर्थन मिलेगा। स्विट्जरलैंड स्थित प्रमुख पुनबीर्मा कंपनी स्विस रे ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत में कुल बीमा प्रीमियम अगले दशक में मौजूदा मूल्य पर स्थानीय मुद्रा में औसतन 14 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ेगा। 2032 तक कुल प्रीमियम मात्रा के मामले में भारत छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार बन जाएगा। 2021 में यह 10वें स्थान पर था। रिपोर्ट में भारतीय जीवन बीमा उद्योग के संबंध में कहा गया है कि यह इस साल 6.6 प्रतिशत (वास्तविक रूप में) की असाधारण दर से बढ़ेगा और 2023 में 7.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ेगा। इसमें कहा गया है कि अनुमानित वृद्धि दर को ध्यान में रखते हुए भारत में जीवन बीमा प्रीमियम 2022 में पहली बार 100 अरब डॉलर को पार करने के लिए तैयार है। रिपोर्ट में साधारण बीमा बाजार के संबंध में कहा गया है कि यह वर्ष 2020 में मामूली गिरावट के बाद 2021 में 5.8 प्रतिशत की वृद्धि पर लौट आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल ऊंची मुद्रास्फीति की वजह से वृद्धि थोड़ी सुस्त पड़कर 4.5 प्रतिशत रह जाएगी।

एसबीआई ने भी विकास दर के अनुमान को घटाकर 6.8 फीसदी किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। रेटिंग एजेंसी मूडीज इनवेस्टर सर्विस के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने विकास दर के अनुमान में कटौती की है। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए देश के आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.5 फीसदी से घटाकर 6.8 फीसदी कर दिया है। एसबीआई ने शुक्रवार को जारी बयान में इसकी वजह चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े को बताया है, जो उसके पूवार्नुमान से कम रहा है। दरअसल राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के इस हफ्ते जारी आंकड़ों में पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 13.5 फीसदी रही है। विशेषज्ञों ने वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में 15 से 16.7 फीसदी वृद्धि दर रहने की संभावना जताई थी। इसमें रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सबसे ज्यादा 16.7 फीसदी वृद्धि दर का अनुमान जताया था, जबकि एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 15.7 फीसदी रहने की उम्मीद व्यक्त की थी। उल्लेखनीय है कि एनएसओ के जारी आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर कम रहने की वजह विनिर्माण क्षेत्र का कमजोर प्रदर्शन है। इस क्षेत्र में पहली तिमाही में केवल 4.8 फीसदी की वृद्धि हुई।

> एनएसओ के जारी आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर कम रहने की वजह विनिर्माण क्षेत्र का कमजोर प्रदर्शन है।

हालांकि, सेवा क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से जीडीपी वृद्धि दर को समर्थन मिला है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी मूडीज इनवेस्टर सर्विस ने विकास दर के अनुमान को 8.8 फीसदी से घटाकर अब 7.7 फीसदी कर दिया।

पाकिस्तान में टमाटर और प्याज की कीमतें 400 रुपये के पार, भारत से आयात पर विचार

दिल्ली / लाहौर (एजेंसी)। बाढ़ से तबाह पाकिस्तान में सब्जियों और फलों की कीमतों में जोरदार उछाल आया है और देशभर में हजारों एकड़ में फसल नष्ट हो गई है। चूंकि शहबाज शरीफ सरकार ने अभी तक भारत से सब्जियों और फलों के आयात पर निर्णय नहीं लिया है, इसलिए कई व्यापार मंडल, उपभोक्ताओं की खातिर पड़ोसी देश भारत से प्याज और टमाटर जैसी आवश्यक वस्तुओं को आयात करने का आग्रह कर रहे हैं। सब्जियों की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर भारत से खाद्य सामान आयात करने का विचार सबसे पहले वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल ने सोमवार को पेश किया था। हालांकि, इस्माइल ने बुधवार को कहा कि कश्मीर मुद्दे पर भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों के मद्देनजर इस योजना को लेकर विपक्ष की आलोचना के बीच वह सरकार भारत से खाद्य पदार्थों के आयात पर गठबंधन सहयोगियों और प्रमुख अंशधारकों से परामर्श करेंगे। बृहस्पतिवार को फैसलाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष आतिफ मुनीर ने सरकार से सब्जियों की आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, "परिवहन शुल्क को कम करने के लिए पड़ोसी देशों के साथ व्यापार, विशेष रूप से भारत के साथ व्यापार करना महत्वपूर्ण है और इससे यहां उपभोक्ताओं को सस्तर दरों पर सब्जियां और फल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

पायलटों की हड़ताल से कैंसिल हो गईं 800 फ्लाइट्स, 1 लाख से ज्यादा यात्री प्रभावित

नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया की सबसे बड़ी एयरलाइंस में से एक जर्मनी की लुफ्थांसा एयरलाइंस के पायलट हड़ताल पर चले गए हैं। जर्मनी में पायलटों की हड़ताल की वजह से लुफ्थांसा एयरलाइंस को अपनी 800 फ्लाइट्स को कैंसिल करना पड़ा है। इन उड़ानों के निरस्त होने से 1 लाख 30 हजार यात्री प्रभावित हुए हैं। जर्मनी में पायलट अपनी मांगों को लेकर एक दिन की हड़ताल पर हैं। पायलट संघ ने वेतन वृद्धि को मंजूरी नहीं दिए जाने पर आधी रात से एक दिन की हड़ताल की घोषणा की है। लुफ्थांसा एयरलाइंस ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति ने कहा, हड़ताल से 1 लाख 30 हजार यात्री प्रभावित हो सकते हैं। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक सैलरी में इजाफे को लेकर बातचीत फेल हो गई है और लुफ्थांसा एयरलाइंस के पायलट गुरुवार की आधी रात के बाद से 24 घंटे की हड़ताल करेंगे। इससे यात्रियों और कार्गो दोनों सेवाएं प्रभावित होंगी। एयरलाइंस ने कहा कि गुरुवार को भी कई उड़ाने रद्द कर दी गईं थीं। पायलट यूनियन ने अपने 5 हजार से ज्यादा पायलटों के लिए इस साल 5.5 प्रतिशत वेतन वृद्धि और उसके बाद महंगाई में भारी इजाफे के लिए मुआवजे की मांग की है। वहीं, लुफ्थांसा के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा है कि हमें जल्द से जल्द से बातचीत की उम्मीद है। हालांकि हम उनकी मांगों से जुड़ी लागत वृद्धि को सहन नहीं कर सकते हैं। लुफ्थांसा एयरलाइंस कंपनी इस साल पहले भी कई बार सुरक्षाकर्मियों और ग्राउंड स्टाफ की हड़ताल की वजह से कई बार परेशानियों में फंस चुकी है। एयरलाइन्स कंपनी को जुलाई में जर्मनी के शक्तिशाली वर्डी यूनियन के एक दिन के वॉकआउट का सामना करना पड़ा था। वहीं, लुफ्थांसा ने कहा है कि पायलटों के संघ की हड़ताल के प्रभाव को कम करने की हर संभव कोशिश की जा रही है।

> पायलट यूनियन ने अपने 5 हजार से ज्यादा पायलटों के लिए इस साल 5.5 प्रतिशत वेतन वृद्धि और उसके बाद महंगाई में भारी इजाफे के लिए मुआवजे की मांग की है।

52 वीक के हाई पर आईटीसी का स्टॉक, एक्सपर्ट्स को भरोसा-अभी और चढ़ेगा भाव

नई दिल्ली। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार की सुस्ती के बीच आईटीसी के स्टॉक ने लंबी छलांग लगाई। इस छलांग की वजह से एफएमसीजी कंपनी आईटीसी के स्टॉक ने 52-सप्ताह के नए उच्च स्तर को देखा। आईटीसी के शेयर में करीब 2 फीसदी की जबरदस्त तेजी आई और यह 324.20 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली भी देखने को मिली लेकिन शेयर का भाव 320 रुपये से ज्यादा पर ही रहा। बीते 24 फरवरी को शेयर का भाव 207 रुपये के स्तर तक गया था। यह 52 सप्ताह का निचला स्तर है। आईटीसी ने 5 वर्षों के बाद 4 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैपिटल को पार कर लिया है। पिछली बार जुलाई 2017 में क्ळउ का मार्केट कैपिटल इस स्तर पर पहुंचा था।

पेज एक के शेष

सूखे से निपटने...

मजदूरों का पलायन नहीं हो, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसानों मजदूरों और अन्य प्रभावित लोगों को किस तरह रोजगार से जोड़ सकते हैं। उन्हें मजदूरी देने की क्या व्यवस्था हो। सूखे से निपटने के लिए और क्या-क्या विकल्प अपनाये जा सकते हैं और इससे संबंधित किन योजनाओं को लागू किया जा सकता है, इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे सूखा प्रभावित राज्यों द्वारा सुखाड़ से निपटने के लिए क्या-क्या तैयारियां की जा रही हैं। इसकी पूरी जानकारी लें।

झारखंड में कुछ ऐसी है सूखे की स्थिति

मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि 15 अगस्त तक राज्य में जो बारिश की स्थिति है, उसके मुताबिक 131 प्रखंड मध्यम और 112 प्रखंड गंभीर सूखे की स्थिति में आते हैं। वहीं, पूरे प्रदेश में अब तक मात्र 37.19 प्रतिशत फसलों की बुआई हो पायी है। इसमें धान की रोपनी 30 प्रतिशत, मक्का की 63 .81, दलहन की 44.95, तिलहन की 40.67 और मोटे अनाज की 28.87 प्रतिशत रोपनी हो सकी है। उच्चस्तरीय बैठक में स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता और कृषि मंत्री बादल, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ,अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, प्रधान सचिव हिमानी पांडेय, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव मनीष रंजन, सचिव अबूबकर सिद्दीक, सचिव केएन झा, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव प्रशांत कुमार और कृषि निदेशक निशा उरांव मौजूद थीं।

रूपेश पांडेय हत्याकांड...

गयी। रूपरेश पांडेय छह फरवरी 2022 को शाम में अपने चाचा के साथ बरही में सरस्वती पूजा के बाद मूर्ति विर्सजन जुलूस को देखने गया था। उसी दौरान असलम अंसारी उर्फ पप्पू मियां के नेतृत्व में 25 लोगों की भीड़ ने रूपेश की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इस मामले को लेकर बरही थाना में 27 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। सात फरवरी को पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया था।

ग्राम प्रधान सहित...

जिसके बाद समाजसेवी मंगल मुंडा ने अड़की पुलिस को जानकरी दी। इधर, एसपी ने बताया कि वह मामले की जांच करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण शुक्रवार को पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

सार्वजनिक स्थल पर अश्लील हरकत करनेवाला दोषी करार

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई की एक विशेष अदालत ने सार्वजनिक स्थल पर अश्लील हरकत करनेवाले 60 वर्षीय व्यक्ति को दोषी करार देते हुए उसे एक साल की सजा सुनायी है। अदालत ने दोषी व्यक्ति को एक साल के लिए जेल भेज दिया, क्योंकि अदालत का मानना है कि किसी अन्य व्यक्ति की उपस्थिति में अश्लील हरकत करना उसके यौन इरादे स्पष्ट करने के लिए पर्याप्त है। यौन अपराधों के खिलाफ बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) मामलों की विशेष न्यायाधीश प्रिया बांकर ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे एक साल की सजा सुनायी। अदालत ने आदेश पारित करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं लोगों के मन में आतंक पैदा करती हैं और पीड़ित के लिए लंबे समय तक निशान छोड़ जाती हैं। यौन अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) कानून के लिए विशेष न्यायाधीश प्रिया बनकर ने 29 अगस्त को आरोपी को दोषी ठहराया और उसे एक साल के कारावास की सजा सुनायी।

श्रीलंका में पुलिस हमलों के विरोध में लोग सड़क पर उतरें : फोंसेका

कोलंबो (एजेंसी)। श्रीलंका में मुख्य विपक्षी दल एसजेबी के नेता एवं पूर्व सेना प्रमुख फील्ड मार्शल साराथ फोंसेका ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर पुलिस हमलों के विरोध में जनता से सड़क पर उतरने का आग्रह किया है। श्री फोंसेका ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंका के लोग देश में लोकतंत्र और धार्मिकता को कायम देखना चाहते है तो उन्हें पुलिस और दंगाविरोधी दस्तों के खिलाफ सड़कों पर उतरना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीलंकाई जनता को इंगलैंड से सीख लेनी चाहिए जहां ऐसा होने पर नागरिक तब तक सड़क पर प्रदर्शन करते हैं जब तक कि पुलिस प्रमुख इस्तीफा नहीं दे देते। उन्होंने दोहराया कि मैं श्रीलंका के लोगों को अंग्रेजों से सीखने के लिए कहता हूं।

आज श्रीलंका लौट सकते हैं राजपक्षे

कोलंबो (एजेंसी)। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे शनिवार को स्वदेश लौट सकते हैं। वह जुलाई में आर्थिक संकट के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद देश छोड़कर भाग गये थे। एक मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी। द आइलैंड अखबार ने बताया कि श्री राजपक्षे अभी थाईलैंड में हैं। पूर्व राष्ट्रपति जिनकी देखरेख में 2009 में तमिल टाइगर्स को समाप्त किया गया था। वह थाईलैंड जाने से पहले कुछ समय के लिए पहले मालदीव और फिर सिंगापुर रुके थे। श्री राजपक्षे (73) श्रीलंका में अब तक के सबसे बड़े आर्थिक संकट के बीच उनकी सरकार के खिलाफ भड़के विद्रोह के बाद देश छोड़कर चले गए थे। उनके इस्तीफे की प्रदर्शनकारियों की मांग ने नौ जुलाई को जोर पकड़ लिया था।

आईएएस कैडर मामले में केंद्र सरकार बोली -

नियमों में बदलाव पर अभी कोई फैसला नहीं

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने कहा कि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) नियमों में प्रस्तावित बदलावों पर विभिन्न पक्षकारों से मिली सूचनाओं पर गौर कर रही है और अभी इस पर फैसला नहीं लिया गया है। इनमें नौकरशाहों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से संबंधित मामलों पर राज्य के अधिकारों को कम करने का प्रस्ताव है। मौजूदा नियमों में आईएएस अधिकारियों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर केंद्र तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा परस्पर विचार विमर्श की अनुमति मिली हुई है। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गयी जानकारी के जवाब में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने इस संबंध में राज्यों से मिले पत्रों की प्रतियां साझा करने से इनकार कर दिया।

उसने विश्वासपूर्ण संबंधों के कारण ऐसी सूचना के खुलासे से छूट देनेवाले पारदर्शिता कानून के एक प्रावधान का हवाला देते हुए राज्य के जवाबों पर उठाए गए कदमों की जानकारियां भी साझा करने से इनकार कर दिया। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने पिछले साल दिसम्बर में भारतीय प्रशासनिक सेवा (कैडर) नियमों, 1954 में बदलावों का प्रस्ताव दिया था, जिससे राज्यों से अधिकारियों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति की मांग करनेवाले केंद्र के अनुरोध को ठुकराने की शक्तियां छीन ली जायेंगी। उसने राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों से इस पर टिप्पणियां मांगी थीं। विभाग ने आरटीआई अर्जी पर अपने जवाब में कहा कि विभिन्न राज्य कैडर/संयुक्त कैडर तथा अन्य पक्षकारों से प्रस्ताव पर मिली टिप्पणियां/सूचनाएं अभी विचाराधीन हैं और भारत सरकार ने अभी इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। उसने 29 अगस्त को दिये जवाब में कहा कि इसके मद्देनजर, जो सूचना मांगी गयी है वह विश्वासपूर्ण संबंध पर आधारित है और सूचना का अधिकार कानून, 2005 की धारा 8(1) की शर्तों के तहत इसके खुलासे से छूट मिली हुई है।

राज्यों से मांगा इनपुट

विभाग के अधिकारियों ने कहा कि केंद्र में संयुक्त सचिव स्तर तक आईएएस अधिकारियों के घटते प्रतिनिधित्व की प्रवृत्ति देखी गयी है क्योंकि ज्यादातर राज्य केंद्रीय प्रतिनियुक्ति रिजर्व (सीडीआर) के दायित्वों को पूरा नहीं कर रहे हैं तथा केंद्र में उनके द्वारा प्रायोजित अधिकारियों की संख्या बहुत कम है। गौरतलब है कि आईएएस अधिकारियों को एक कैडर आवंटित किया जाता है जो कोई राज्य या राज्यों का एक समूह या केंद्र शासित प्रदेश होता है। प्रत्येक कैडर को सीडीआर की अनुमति दी जाती है ताकि अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर काम करने का अवसर मिले, जिससे उनका अनुभव बढ़ता है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने फरवरी में संसद को बताया था कि राज्य केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों को नहीं भेज रहे हैं और इसके कारण सेवा नियमों में बदलाव करना पड़ रहा है।

टाइटेनिक : डूबने के 110 साल बाद सामने आयीं हैरान करनेवाली तस्वीरें



नयी दिल्ली (एजेंसी)। कई साल से समुद्र में डूबे टाइटेनिक जहाज पर अन्वेषण कर रहे ओशनगेट टीम के सदस्यों ने आखिरकार मुकाम हासिल करके दुनिया को चौंका दिया है। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक टीम ने समुद्र में सौ साल से ज्यादा समय से डूबे टाइटेनिक जहाज के विभाजित हिस्सों की साफ, विहंगम तस्वीर दुनिया के सामने साझा की और इसके वीडियों में जहाज के विशाल 15 टन के लंगर को भी दिखाया गया। ओशनगेट टीम द्वारा ली गयी टाइटेनिक जहाज की तस्वीर, वीडियो को इस सप्ताह सोशल प्लेटफॉर्म पर साझा किया है, जिसमें 12,500 फीट तक की गहराई में जमा जहाज के अद्भुत चित्र हैं। टाइटेनिक जहाज साल 1912 में डूबा था जिसका आधा हिस्सा समुद्र के तल में बैठ गया। रिपोर्ट के अनुसार, साझा किये गये, एक मिनट के लंबे वीडियो में दर्शक 110 साल पुराने जहाज के अलग-अलग भाग, पोटर्साइड एंकर और एंकर चेन के साथ-साथ मलबे के अन्य हिस्सों को भी देख सकते हैं। ओशनगेट टीम के सदस्य और अनुभवी टाइटैनिक गोताखोर रोरी गोल्डन ने कहा कि मैं कई सालों से टाइटैनिक के मलबे का अध्ययन कर रहा हूं, जिससे संबंधित समुद्र में कई गोता लगा चुका हूं। मुझे इस स्तर के विवरण दिखानेवाली किसी अन्य छवि को देखने की याद नहीं है।

कश्मीरी पंडित नरसंहार : सुप्रीम कोर्ट ने कहा -

आप सरकार के पास जाइये, यहां क्यों आये हो

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर में कश्मीरी पंडितों पर हुए नरसंहार मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, याचिकाकर्ता एनजीओ वी द सिटीजंस को केंद्र सरकार के समक्ष में रिप्रेजेंटेशन देने के लिए कहा है। रिप्रेजेंटेशन देते हुए याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार को अपनी सारी बात बतानू पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कश्मीरी पंडितों की याचिका को लेकर एनजीओ से कहा आप यहां क्यों आये हो, आप सरकार के पास जाकर अपनी रिप्रेजेंटेशन दें। फिलहाल अपनी याचिका वापस लें, याचिका में तीन दशक पहले हुई घटना कि जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर जांच कराने, पुनर्वास और संपत्ति वापस दिलाने कि मांग की गयी थी।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सीटी रविकुमार ने एनजीओ कि ओर से पेश हुए वकील वरूण सिन्हा से दलील पेश करने से पहले कहा कि सुप्रीम कोर्ट से कहा कि आप सरकार के पास जाइए। यहां क्यों आये हैं? तब याचिकाकर्ता के वकील वकील वरूण सिन्हा ने पीठ से कहा कि अब भारतीय दंड संहिता कश्मीर में लागू है। अनुच्छेद-370 में संशोधन किया जा चुका है, अब यह जांच होनी चाहिए।

वकील ने सुप्रीम कोर्ट से कहा आप याचिका विड्रॉ करके सरकार के समक्ष रिप्रेजेंटेशन दें, याचिकाकर्ता के वकील ने पूर्व राज्यपाल जगमोहन की किताब का हवाला दिया और कहा कि नरसंहार के हर पहलू को इसमें दर्ज किया गया है। जनवरी 1990 में हिंदू कश्मीरी पंडितों का पलायन हुआ था, मस्जिदों से घोषणा हुई और फिर शुरू हुआ सरेआम कत्लेआम। वहां पर नारे लगने शुरू हो गये थे कि कश्मीरी पंडित काफिर थे और पुरुषों को कश्मीर छोड़ना होगा। अगर नहीं छोड़ा तो इस्लाम कबूल करना होगा वरना उन्हें मार दिया जायेगा।

चीन में मुस्लिमों पर जुल्म : रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

डिटेंशन सेंटरों में महिलाओं से यौन उत्पीड़न और जबरन नसबंदी

बीजिंग (एजेंसी)। चीन ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की एक रिपोर्ट जारी होने पर हैरानी जतायी है, जिसमें उसपर शिनजियांग प्रांत में उइगर मुसलमानों के मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। चीन ने रिपोर्ट को अवैध और अमान्य करार देते हुए कहा कि अमेरिका ने उसे रोकने के लिए यह रिपोर्ट गढ़ी है। निवर्तमान संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख मिशेल बेचलेट की बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट, जिनेवा में नाटकीय अंदाज में जारी की गयी। बैचलेट चीन के साथ लंबे समय तक चले राजनयिक विवाद के बाद मई में शिनजियांग गई थीं, जिसके बाद यह रिपोर्ट जारी की गयी है।

चीन ने की रिपोर्ट की आलोचना : चीन ने रिपोर्ट जारी करने पर आश्चर्य जताते हुए इसपर कड़ा विरोध दर्ज कराया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में रिपोर्ट की आलोचना करते हुए कहा कि तथाकथित आकलन अमेरिका और कुछ पश्चिमी ताकतों द्वारा रचा और तैयार किया गया है। यह पूरी तरह से अवैध और अमान्य है। चिली की पूर्व राष्ट्रपति बैचलेट ने अत्यधिक दबाव के बीच आखिरकार बीजिंग के विरोध को दरकिनार कर दिया और बुधवार को अपने कार्यकाल के अंतिम दिन रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि शिनजियांग में उइगर और अन्य मुस्लिम जातीय समूह के लोगों को सरकार द्वारा जबरन नजरबंद रखना मानवता के खिलाफ अपराध के दायरे में आ सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार चीन ने अपनी आतंकवाद और उग्रवाद रोधी नीतियों के तहत मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन किया है। संगठन ने संयुक्त राष्ट्र, विश्व बिरादरी और खुद चीन से इस पर तत्काल ध्यान देने का आह्वान किया है। पश्चिमी राजनयिकों और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा कि रिपोर्ट लगभग तैयार थी, लेकिन बैचलेट का चार साल का कार्यकाल पूरा होने से कुछ ही मिनटों पहले इसे जारी किया गया। कई पत्रकारों, स्वतंत्र मानवाधिकार समूहों ने शिनजियांग में वर्षों से मानवाधिकार उल्लंघन पर काफी कुछ लिखा है।

अफगानिस्तान के एक मस्जिद में विस्फोट से 20 की मौत

काबुल (एजेंसी)। पश्चिमी अफगानिस्तान की सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक में हुए भीषण बम विस्फोट में करीब बीस लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो दर्जन लोग बुरी तरह से जख्मी हो गये। विस्फोट में प्रभावशाली इमाम की मौत हो गयी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में सरकार के खिलाफ छोटी से छोटी कार्रवाई करनेवालों का सिर कलम करने का आह्वान किया था। ट्विटर पर पोस्ट की गयी छवियों और तस्वीरों में हेरात शहर में गजरगाह मस्जिद के परिसर के आसपास बिखरे हुए खून से सने शरीर दिखाई दे रहे थे। पिछले साल तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से हिंसा में कमी आई है, लेकिन हाल के महीनों में कई बम विस्फोटों कुछ अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाकर देश को झकझोर दिया है, कई का दावा है कि विस्फोट जिहादी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह ने किया है।

माता वैष्णो देवी के नये दुर्गा भवन में फ्री में रुक सकेंगे तीन हजार से ज्यादा श्रद्धालु

श्रीनगर (एजेंसी)। श्री माता वैष्णो देवी के दर्शन को जानेवाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। श्रद्धालुओं को रहने के लिए अब माता के भवन के अंदर दुर्गा भवन तैयार किया जा रहा है, जहां करीब तीन हजार से ज्यादा लोग फ्री में रुक सकेंगे। इस भवन को श्रीमाता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की ओर से तैयार किया जा रहा है। 25 सितम्बर को इस भवन का शुभारंभ कर दिया जायेगा। माता वैष्णो देवी में भवन पर श्रद्धालुओं के रूकने के लिए अभी कई रिहायशी भवनों का प्रबंध है। इनमें मुख्य भवन कॉम्प्लेक्स, कालिका भवन, न्यू कालिका भवन, वैष्णवी व गौरी भवन, मनोकामना भवन आदि रेंटिड व्यवस्था है, जिसमें श्रद्धालु पूर्व बुकिंग कराकर रूक सकते हैं। अब माता के भवन में दुर्गा भवन तैयार होने से करीब तीन हजार लोग रोजाना फ्री में रूक सकेंगे जोकि मां के दर्शनों के लिए आनेवाले श्रद्धालुओं को यह बड़ी सौगात है।

नयी आरएफआईडी कार्ड सुविधा शुरू : माता वैष्णो देवी के दर्शनों के लिए देशभर से श्रद्धालु आते है। दरबार तक पहुंचने के लिए नयी आरएफआईडी कार्ड सुविधा शुरू कर दी गयी हैं। आरएफआईडी कार्ड से श्रद्धालु माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड टीम की नजरों में रहेंगे, श्राइन बोर्ड ने यह फैसला इसलिए लिया है कि दरबार तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को कोई परेशानी आने पर आराम से ढूंढा जा सकता हैं। कटरा से माता वैष्णो के भवन तक तीन मार्गों तक सेंसर लगा दिए गए हैं और 25 आरएफआईडी काउंटर खोले गए हैं। इसका कंट्रोल रुम भवन और कटरा में बनाया गया हैं। माता वैष्णो देवी के भवन पर कई बार लैंडस्लाइड या फिर पहाड़ों से पत्थर गिरने व पानी आ जाने से श्राईन बोर्ड के लिए भीड़ पर कंट्रोल करना काफी मुश्किल हो जाता था। इस साल नववर्ष पर माता के दरबार मे भगदड़ मचने से करीब 12 लोगों की जान चल गयी थी।